राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 10 जुलाई 2025
वर्ष 06, अंक 277, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा की गई ऑफलाइन स्थानांतरण न किए जाने की मांग...03

%वोट बंदी% के खिलाफ बिहार की जनता सड़कों पर, राहुल-तेजस्वी के नेतृत्व में बड़ा प्रदर्शन...08

## निशिकांत दुबे के 'पटक कर मारेंगे' बयान पर बवाल, फडणवीस सफाई देने को मजबूर

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी ही पार्टी के एक सांसद निशिकांत दुबे के उस विवादास्पद बयान पर कड़ी नाराज़गी जताई है, जिसमें उन्होंने ठाकरे परिवार को निशाना बनाते हुए कहा था कि %पटक-पटक कर मारेंगे।% इस बयान ने जल्द ही होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव से पहले राज्य की सियासत में हलचल मचा दी है और विपक्षी दलों ने इसे लेकर बीजेपी पर निशाना साधा है। इस विवाद ने फडणवीस को अपने ही सांसद को कड़ी फटकार लगाने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने सांसद को सार्वजनिक रूप से ऐसी बयानबाज़ी से बचने की हिदायत दी है।

निशिकांत दुबे की यह टिप्पणी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे के भड़काऊ बयान के जवाब में आई, जिसमें उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुंबई में मराठी बोलने से इनकार करने वालों के कान के नीचे लगाने की अपील की थी, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने ऐसी मारपीट का वीडियो नहीं बनाने को कहा था। राज ठाकरे के बयान के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में निशिकांत दुबे ने जवाब दिया, 'मुंबई में हिंदी बोलने वालों को पीटने वालों, अगर हिम्मत है तो महाराष्ट्र में उर्दू बोलने वालों को पीटने की कोशिश करो। यहाँ तक कि एक कुत्ता भी अपने घर में शेर होता है। खुद तय करो कि कौन कुत्ता है और कौन शेर।'

उन्होंने बयानबाज़ी को और आगे बढ़ाते हुए कहा, 'तुमको पटक पटक के मारेंगे'। उन्होंने राज ठाकरे को परोक्ष रूप से चुनौती दी और उन्हें महाराष्ट्र से बाहर हिंदी, उर्दू, तमिल और तेलुगु बोलने वालों से भिड़ने की चुनौती दी।

शिवसेना यूबीटी के प्रवक्ता संजय राउत ने इस बयान की कड़ी निंदा की और इसे गुंडागर्दी की भाषा करार दिया। राउत ने कहा, 'बीजेपी के सांसद की यह भाषा उनकी पार्टी की संस्कृति को दिखाती है। महाराष्ट्र की जनता ऐसी बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं करेगी।' उन्होंने कहा, '...उनके पास फर्जी डिग्री है। फर्जी डिग्री वाला कोई व्यक्ति हमें कैसे बता सकता है कि क्या करना चाहिए? हमारे यहां हिंदी बोलने वाले लोगों से अच्छे संबंध हैं। शिवसेना ने कभी उन पर हमला नहीं किया।'

शिवसेना यूबीटी नेता ने कहा, 'सीएम और उनकी पूरी कैबिनेट ने उनकी टिप्पणी पर कोई टिप्पणी नहीं की। आप किस तरह के सीएम हैं? एकनाथ शिंदे खुद को डुप्लीकेट शिवसेना का नेता मानते हैं। अगर वह मर्द हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्हें पीएम मोदी से पूछना चाहिए कि भाजपा नेताओं द्वारा किस तरह की टिप्पणियां दी जा रही हैं। यह तमिलनाडु नहीं है। यह महाराष्ट्र है।' उन्होंने यह भी मांग की कि सांसद के ख़िलाफ़ क़ानूनी कार्रवाई की जाए और बीजेपी उन्हें पार्टी से निष्कासित करे।

विवाद बढ़ता देख मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तुरंत मामले में हस्तक्षेप किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार फडणवीस ने इस मामले में सांसद से बात की और उन्हें भविष्य में ऐसी भाषा का उपयोग न करने की नसीहत दी। फडणवीस ने एक प्रेस बयान में कहा, 'हमारी पार्टी में असंसदीय भाषा और व्यक्तिगत हमलों की कोई जगह नहीं है। मैंने संबंधित सांसद से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है और उन्हें अपनी बयानबाजी पर नियंत्रण रखने को कहा है।' फडणवीस ने यह भी साफ़ किया कि बीजेपी महाराष्ट्र में विकास और एकता के एजेंडे पर काम कर रही है और ऐसी टिप्पणियां पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं। उन्होंने ठाकरे परिवार का नाम लिए बिना कहा, 'हम राजनीतिक मतभेदों को विचारधारा के स्तर पर सुलझाते हैं, न कि व्यक्तिगत हमलों के जरिए।' कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने भी इस बयान को लेकर बीजेपी पर हमला बोला। कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा, 'यह बयान बीजेपी की हताशा को दिखाता है। वे महाराष्ट्र में अपनी जमीन खो रहे हैं, इसलिए ऐसी भाषा का सहारा ले रहे हैं।' वहीं, एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले ने ट्वीट किया, 'महाराष्ट्र की संस्कृति में ऐसी भाषा का कोई स्थान नहीं है। बीजेपी को अपने नेताओं को संस्कार सिखाने चाहिए।'

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह विवाद बीजेपी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है, खासकर तब जब महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव नजदीक हैं। कहा जा रहा है कि ठाकरे परिवार के ख़िलाफ़ ऐसी बयानबाज़ी से शिवसेना यूबीटी को सहानुभूति मिल सकती है। बीजेपी को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना चाहिए। यह घटना उस समय हुई है जब बीजेपी और शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) की गठबंधन सरकार राज्य में स्थिरता और विकास के दावे कर रही है। ऐसे में यह बयान गठबंधन के लिए भी असहज स्थिति पैदा कर सकता है, क्योंकि शिंदे गुट भी ठाकरे परिवार के खिलाफ व्यक्तिगत हमलों से दूरी बनाए रखने की कोशिश करता रहा है।

## बिहार वोटरलिस्ट विवाद पर- योगेंद्र यादव की चुनौती- चुनाव आयोग ने चुप्पी साधी

स्वतंत्र प्रभात




**प्रयागराज।** बिहार में विशेष गहन संशोधन (Special Intensive Revision - SIR) के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। चुनाव आयोग ने दावा किया है कि 7 जुलाई तक बिहार के 7.90 करोड़ रजिस्टर्ड मतदाताओं में से 36.47त्न ने गणना फॉर्म जमा कर दिए हैं। हालांकि, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक विश्लेषक योगेंद्र यादव ने इस दावे को चुनौती दी है। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि वह उन मतदाताओं की सूची सार्वजनिक करे, जिन्होंने कथित तौर पर फॉर्म जमा किए हैं। योगेंद्र यादव ने अपनी आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव आयोग का यह आदेश लगभग 2.5 करोड़ मतदाताओं के मताधिकार को छीन सकता है। उनका तर्क है कि आयोग का आदेश उसके ही एक मूल सिद्धांत के खिलाफ है, जिसमें कहा गया है कि मतदाता सूची से किसी का नाम हटाने का आधार उनकी पात्रता को साबित करने में असमर्थता नहीं होनी चाहिए। यादव का कहना है कि आयोग का यह आदेश इस सिद्धांत का उल्लंघन करता है, और इसे किसी भी आंकड़े (जैसे कितने लोगों ने फॉर्म भरा) से खारिज नहीं किया जा सकता। उनका मुख्य मुद्दा यह है कि क्या मतदाता आयोग द्वारा मांगे गए 11 दस्तावेजों की शर्त को पूरा कर पाएंगे या नहीं।

योगेंद्र यादव ने अपनी आशंका को आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर पुष्ट किया है। उन्होंने कहा कि बिहार की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को देखते हुए अधिकांश मतदाताओं, विशेषकर ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों, के पास आयोग द्वारा मांगे गए 11 दस्तावेजों (जैसे जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, भूमि आवंटन पत्र आदि) में से कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि 2011 की सामाजिक-आर्थिक जनगणना के अनुसार, बिहार के 65.58त्न ग्रामीण परिवारों के पास जमीन नहीं है, जिससे भूमि-संबंधी दस्तावेज उनके लिए अप्राप्य हैं। इसके अलावा, आधार कार्ड और राशन कार्ड जैसे सामान्य दस्तावेजों को स्वीकार न करने का निर्णय भी विवाद का कारण बना है।

चुनाव आयोग शुरू से कह रहा है कि उसका कदम सही है। हालांकि उसने आधिकारिक बयान देने में टालमटोल किया। विपक्षी दलों ने जब दबाव बनाया तो उसने अपने बयान में कहा है कि स्ढ्ढक्रप्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और कानूनी है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं के पास अभी दस्तावेज नहीं हैं, वे केवल गणना फॉर्म जमा कर सकते हैं और दस्तावेज बाद में जमा किए जा सकते हैं। आयोग ने 6 जुलाई को समाचार पत्रों में प्रकाशित एक विज्ञापन में कहा था कि बिना दस्तावेज या फोटो के भी फॉर्म स्वीकार किए जाएंगे। हालांकि, आयोग ने योगेंद्र यादव की मांग, यानी जमा किए गए फॉर्मों की सूची सार्वजनिक करने, पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इसके अलावा, आयोग ने उन आधिकारिक आंकड़ों का कोई खंडन नहीं किया, जिनके आधार पर यादव ने 2.5 करोड़ मतदाताओं के मताधिकार छिनने की आशंका जताई है।

इस मुद्दे ने बिहार में राजनीतिक रूप से तूल पकड़ लिया है। राष्ट्रीय जनता दल (RJD), कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, और अन्य विपक्षी दलों ने SIR को "लोकतंत्र के खिलाफ साजिश" करार दिया है। RJD सांसद मनोज झा, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, और योगेंद्र यादव सहित कई लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें RJD आदेश को असंवैधानिक बताया गया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की 10 जुलाई को सुनवाई करेगा।

योगेंद्र यादव ने जब मंगलवार सुबह चुनाव आयोग को एक्स पर चुनौती दी थी तो सोशल मीडिया पर उनकी बात को व्यापक समर्थन मिला था। योगेंद्र यादव ने चुनाव आयोग से निष्पक्षता और पारदर्शिता की मांग करते हुए कहा, "यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है। यह बिहार के गरीब, प्रवासी मजदूरों, और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के मताधिकार की रक्षा का सवाल है।" उन्होंने आयोग को एक नया तथ्य-जांचकर्ता (फैक्टचेकर) नियुक्त करने की सलाह दी, जो इस प्रक्रिया की निष्पक्षता को सुनिश्चित कर सके।

याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि इस फैसले पर राजनीतिक दलों से कोई सलाह-मशविरा नहीं किया गया। उनका कहना है कि इस प्रक्रिया का इस्तेमाल मतदाता सूची में आक्रामक और गैर-पारदर्शी बदलाव करने के लिए किया जा रहा है, जो खास तौर पर मुस्लिम, दलित और गरीब प्रवासी समुदायों को निशाना बनाता है। यह कोई सामान्य प्रक्रिया नहीं है, बल्कि जानबूझकर लोगों को बाहर करने की साजिश है। याचिका में यह भी कहा कि कानून के मुताबिक, किसी व्यक्ति की नागरिकता साबित करने की जिम्मेदारी सरकार की होती है, न कि उस व्यक्ति की। लेकिन इस एसआईआर प्रक्रिया में बिहार के 7.9 करोड़ मतदाताओं में से करीब 4.74 करोड़ लोगों को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए जन्म तारीख और जन्म स्थान के दस्तावेज जमा करने पड़ रहे हैं, जो बहुत बड़ा बोझ है।

आरजेडी, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने इस प्रक्रिया को वोटबंदी करार देते हुए इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया है। उनका कहना है कि बिहार की 20% से अधिक मतदाता आबादी इस प्रक्रिया के कारण मताधिकार से वंचित हो सकती है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि भारत सरकार के आँकड़ों के अनुसार, केवल 2-3त्न लोग ही इन 11 दस्तावेजों में से किसी एक को रखते हैं, जिसका मतलब है कि करोड़ों मतदाता इस प्रक्रिया से प्रभावित हो सकते हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मेजा में ईंट भट्ठे के पास गड्ढे में मिला एक ही परिवार के चार बच्चों का शव, फैली सनसनी!



**प्रयागराज।** मेजा के इलाकाई थाना क्षेत्र के सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत! बेदौली गांव में ईंट भट्ठे के पास गड्ढे के पानी में एक ही परिवार के चार बच्चों का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि उक्त सभी बच्चे मंगलवार दोपहर से ही दिखाई नहीं दे रहे थे, घर के लोग खोजबीन में जुटे थे। बुधवार को सुबह ईंट भट्ठे के पास गड्ढे में भरे पानी में शव देखे जाने से हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला गड्ढे में डूबने से बच्चों की मौत का लग रहा है। फिलहाल विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। एक ही परिवार के चार बच्चों की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है।

### शिक्षक बन्धु इंटर कॉलेज, बालपुर में वृक्षारोपण महाभियान सम्पन्न



**गोण्डा।** वृक्षारोपण महाभियान-2025 के तहत शिक्षक बन्धु इंटर कॉलेज, बालपुर (टेढ़ी नदी किनारे) भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि महेश कुमार शुक्ल (उपाध्यक्ष, गौ सेवा आयोग) और नोडल अधिकारी कंचन वर्मा की उपस्थिति में सैकड़ों पौधे रोपे गए।कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों को पौधे वितरित किए गए और सभी को उनकी देखभाल की शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि जनभागीदारी से गोण्डा लक्ष्य से अधिक वृक्षारोपण करेगा।इस मौके पर विधायक बावन सिंह, विनय द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, उपजिलाधिकारी, वनाधिकारी, जनप्रतिनिधि व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचा।

## सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने की ग्रामीणों ने की शिकायत

● ग्रामीणों ने पिछले शनिवार को बीकेटी तहसील में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान में की थी लिखित शिकायत

स्वतंत्र प्रभात





राजधानी के बीकेटी तहसील के सहादत नगर गढ़ा गांव में नीरू मेमोरियल सोसाइटी द्वारा सरकारी चकमार्ग, तालाब, बंजर और नाली की कई बीघे बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जा करने का ग्रामीणों ने शिकायती पत्र के माध्यम से आरोप लगाया है।जिसमें शिकायतकर्ता रामकिशन सहित ग्रामीणों ने पिछले शनिवार को बीकेटी तहसील में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान में लिखित शिकायत देकर सरकारी जमीनों को अवैध कब्जामुक्त कराते हुए सोसाइटी के कर्ताधर्ता पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में कहा है,कि सहादत नगर गढ़ा गांव में नीरू मेमोरियल सोसाइटी के कर्ताधर्ता अनिल अग्रवाल द्वारा किसी प्रोजेक्ट को लेकर बड़े पैमाने पर किसानों से जमीन की खरीद फरोख्त की जा रही है।उन्होंने बताया कि किसानों की जमीन के साथ साथ ग्राम सभा के तालाब, चकमार्ग, नाली तथा अन्य सरकारी बेशकीमती जमीनों को भी बाउंड्रीवाल के जरिये अंदर किया जा रहा है।जिसकी शिकायत हम सभी ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस सहित एसडीएम व मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल तक की, लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल ने तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों के दबाव के चलते शिकायतकर्ताओं को बिना बताए ही चकमार्ग, तालाब, नाली व अन्य सरकारी जमीनों पर सोसाइटी का कब्जा न होने की मनमानी रिपोर्ट लगाकर मामले को निस्तारित कर दिया।ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा बयां करते हुए बताया कि वे पिछले कई सप्ताह से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में लिखित शिकायत देने के बावजूद उन्हें सरकारी चकमार्गो को खाली कराने के लिए बार-बार अधिकारियों के पास जाना पड़ रहा है, लेकिन न्याय नहीं मिल रहा है।

## उस्का नपं अध्यक्ष ने लगाया अपनी मां के नाम पौध



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत उस्का बाजार अंतर्गत राजेन्द्र नगर वार्ड स्थित गौशाला पर बुधवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू जायसवाल ने अपनी मां के नाम पौधरोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत जायसवाल ने अपनी मां यशोदा देवी और वार्ड सभासद राजेश श्रीवास्तव ने अपनी मां सरस्वती देवी के नाम पौधा लगाया। अध्यक्ष ने कहा कि एक पौधा मां के नाम लगाकर एक तरफ जीवन को पोषित करने में माताओं की भूमिका का सम्मान करना है, वहीं वायुमंडल को स्वस्थ बनाए रखने में अपना योगदान देना भी है। पेड़ एक माँ की तरह ही पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं। अधिशासी अधिकारी अभिनव श्रीवास्तव , सभासद मयंक पांडेय व विभूति अग्रहरि ,सुजीत अग्रहरि आदि ने भी अपनी मां के नाम पौधा लगाया। कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष द्वारा गोवंशियों को गुड़ व चना खिलाने के साथ हुआ। उस्का क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में अभियान चलाकर पौधरोपण किया गया।

## वडोदरा में महिसागर नदी पर बने पुल का एक हिस्सा टूटने से 9 की मौत

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** गुजरात के वडोदरा में महिसागर नदी पर बने गंभीरा पुल हादसे में अब तक नौ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। महिसागर नदी पर गंभीरा पुल का निर्माण 43 साल पहले किया गया था। यह पुल मुजपुर को आणंद जिले के गंभीरा से जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए दो लाख रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया गया है।

इससे पहले वडोदरा ग्रामीण के SP रोहन आनंद ने बताया कि गंभीरा पुल का एक 'स्लैब' ढह जाने से पांच वाहन महिसागर नदी में गिर गए। महिसागर नदी पर स्थित गंभीरा पुल मध्य गुजरात और राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र को जोड़ता है। पादरा के पुलिस निरीक्षक विजय चरण ने बताया कि कम से कम पांच लोगों को बचाया गया है और उनका उपचार किया जा रहा है। यह हादसा सुबह करीब साढ़े सात बजे हुआ।

गुजरात के मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि पुल का निर्माण 1985 में हुआ था और समय समय पर तथा जरूरत के अनुसार इसका रखरखाव किया जाता था। ऋषिकेश पटेल ने कहा, "घटना के वास्तविक कारण की जांच की जाएगी।"

गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने बताया , "9 शव बरामद कर लिए गए हैं और 6 लोगों को बचा लिया गया है। सीएम ने सुबह ही एक उच्च समिति को घटनास्थल पर भेजा और उन्होंने जल्द से जल्द रिपोर्ट मांगी है। इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए सीएम ने सड़क एवं भवन विभाग की एक टीम और अन्य टीमों को वहां जाकर ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।" वडोदरा के ज़िला कलेक्टर अनिल धमेलिया ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया ,"हमने 5 लोगों को बचाया है जिन्हें मामूली चोटें आई हैं और दो की मौत की पुष्टि हो चुकी है। बचाव अभियान जारी है। हमें पता चला है कि पुल का एक हिस्सा अचानक टूट जाने से दो ट्रक, एक ईको वैन, एक पिकअप वैन और एक ऑटो-रिक्शा नदी में गिर गए।" घायलों को वडोदरा जिले के स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। धमेलिया ने बताया कि बचाए गए 5 लोगों में से 4 को मामूली चोटें आयीं हैं। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, एक ट्रक, एक वैन और एक कार पुल पार कर रहे थे तभी पुल टूट गया, जिससे सभी वाहन नीचे नदी में गिर गए। पुल ढहने के तुरंत बाद, स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और आपातकालीन सेवाओं को सूचित किया। पुलिस और डिजास्टर रिस्पोंस टीम मौके पर पहुंची और मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। फायर ब्रिगेड ऑफिसर्स ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 7:30 बजे हुई।

## मानक विहीन नाले निर्माण को, अधिकारी बता रहे सही



**सिगाही खीरी।** नगर पंचायत सिगाही भेडौरा मे जल निकासी के लिए नाला निर्माण मे जमकर धांधली की जा रही है। नाला निर्माण कराने के जिम्मेवार मूकदर्शक बनकर खराब निर्माण करने वाले ठेकेदार को रजिस्टर ठेकेदार बात कर मानक को सार्वजनिक करने से कतरा रहे हैं। नगर पंचायत सिगाही भेडौरा मे नगर पंचायत मे नगर के बरसात का पानी व गंदगी बाहर चली जाए उसके लिए सरकारी धन से एक नाले का निर्माण कराया जा रहा। नाला निर्माण में जिम्मेदारों के द्वारा बेहद लापरवाही बरती जा रही है। नाला निर्माण में मौरंग,गिट्टी बालू मिश्रित 9 एक का मसाला लगाया जा रहा है नाले के किनारे पर खड़ी की जाने वाली सरिया ढाई सूत की है निर्माणाधीन नाला अभी से गिरने लगा है। नगर पंचायत के अधिशासी अभियंता पी के सरोज ने बताया कि मानक का मुझको पता नहीं है नाला ठीक प्रकार से बनाया जा रहा है सभी रजिस्टर ठेकेदार नाले में काम कर रहे हैं।

## यूपी में फेक आईडी से 500 से अधिक फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी




स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** उत्तरप्रदेश में नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) पोर्टल से 500 से अधिक फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने का मामला सामने आया है. ये प्रमाणपत्र दो ग्राम पंचायतों, रावल और अलीशाबाद (हरदोई जिले के टडियावां ब्लॉक) से जुड़े आईडी का उपयोग करके बनाए गए. इस मामले में शनिवार देर रात एफआईआर दर्ज की गई. अधिकारियों को संदेह है कि सीआरएस पोर्टल हैक कर 505 फर्जी जन्म प्रमाणपत्र और 23 फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनाए गए।

ग्राम विकास अधिकारी राजीव श्रीवास्तव के अनुसार, 13 जून को जब उन्होंने सरकारी काम के लिए सीआरएस पोर्टल पर लॉगिन करने की कोशिश की, तो पासवर्ड गलत होने के कारण उन्हें एक्सेस नहीं मिला। 'पासवर्ड भूल गए' प्रक्रिया शुरू करने पर पता चला कि लिंक्ड ईमेल आईडी बदल दी गई है।

जांच में सामने आया कि पोर्टल को ऐसे ईमेल आईडी से एक्सेस किया गया, जो उनसे संबंधित नहीं थी. राजीव ने स्वास्थ्य विभाग के उस अधिकारी को जानकारी दी, जो पोर्टल की जिम्मेदारी संभाल रहे थे. उन्होंने भी अनाधिकृत बदलाव की पुष्टि की. पहचान ठीक करने के बावजूद, कुछ ही घंटों में पोर्टल फिर से हैक हो गया।

ऐसा ही एक मामला जनवरी और फरवरी में अलीशाबाद में भी हुआ था, जिससे यह एक बार की नहीं, बल्कि बार-बार और योजनाबद्ध तरीके से की गई हैकिंग लगती है. हरदोई एसपी नीरज कुमार जादौन ने कहा, "यह गंभीर मामला है. विस्तृत जांच चल रही है और बहुत जल्द पूरे नेटवर्क का खुलासा होगा।"

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने वृक्षारोपण कार्य स्थल का किया आकस्मिक निरीक्षण



**बस्ती।** बस्ती जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने बस्ती वन प्रभाग के अन्तर्गत स्थित बस्ती रेंज के ग्राम डमरूआ, वन ब्लॉक प्रथम व द्वितीय में किये जाने वाले वृक्षारोपण कार्य स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उक्त वन के ब्लॉक प्रथम के क्षेत्रफल 5.00 हे0 में 8000/-गढ्ढा व ब्लॉक द्वितीय के क्षेत्रफल 06.00 हे0 में कुल 9600/-गढ्ढे खोदे गय है। डीएफओ डा. शिरीन ने बताया कि उक्त सभी गड्ढों में 09 जुलाई को वृक्षारोपण कार्य कराया जायेगा। उन्होने बताया कि जनपद में कुल 4076025 लाख वृक्षारोपण किये जाने हैं। निरीक्षण के दौरान डीएफओ द्वारा बताया गया कि बस्ती वन प्रभाग, बस्ती वन परिसर स्थित प्रभागीय कार्यालय पर वृक्षारोपण महाअभियान को संचालित करने हेतु एक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उक्त कन्ट्रोल रूम द्वारा 09 जुलाई को विभागीय एवं अन्य विभागों द्वारा लगाये गये पौधों की सूचना एकत्र कर उच्च स्तर को प्रेषित की जायेगी। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने वन प्रभाग के कप्तानगंज रेंज के अन्तर्गत पक्षी बिहार रेस्ट हाउस का निरीक्षण किया। उन्होने पाया कि दो वाच टॉवर एवं बच्चों के खेलने-कूदने हेतु झूला आदि स्थापित है। इस पक्षी बिहार में नवग्रह वाटिका की स्थापना की गयी है। जिलाधिकारी ने डीएफओ को निर्देश दिया कि इसका सौन्दर्गीकरण करवाया जाय।

### विकासखंड कुदरहा के ग्राम पंचायत मुरादपुर में ग्राम प्रधान द्वारा महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना को दिया जा रहा है गति



**बस्ती।** बस्ती जनपद में ग्राम प्रधान मुरादपुर द्वारा अपने गांव पंचायत में मनरेगा योजना के तहत गरीब मनरेगा मजदूरों को रोजगार देने के साथ-साथ संपूर्ण ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास करते हुए ग्राम पंचायत में ही जनता को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है गांव पंचायत की जनता ने बताया कि हम सभी अपने ग्राम प्रधान सचिव एवं तकनीकी सहायक के द्वारा अपने गांव पंचायत में 100 दिन के रोजगार गारंटी अधिनियम का लाभ प्राप्त करते हुए अपनी जीविका भरी बात चला रहे हैं वास्तव में ग्राम पंचायत मुरादपुर के ग्राम प्रधान तालाब खुदाई और सफाई के कार्य को प्रगति पर करते हुए अपने गांव पंचायत की जनता को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं जिससे गांव पंचायत की जनता ग्राम प्रधान की सराहना कर रही है और गांव पंचायत में तालाब का सुंदरीकरण हो रहा है।

### पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा बुधवार को पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ में रिक्रूट आरक्षियों के साथ सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पर्यावरण संतुलन, हरियाली संरक्षण तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने हेतु अधिकाधिक वृक्षारोपण की आवश्यकता पर बल दिया। उक्त अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा जनपद के विभिन्न थानों में भी भ्रमण कर स्थानीय पुलिस बल के साथ वृक्षारोपण किया गया तथा उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने एवं नियमित रूप से रोपित पौधों की देखरेख करने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस विभाग द्वारा यह संकल्प लिया गया कि "हर पुलिसकर्मी एक पौधा - हरित व सुरक्षित प्रतापगढ़ " के संकल्प को साकार करने हेतु निरंतर प्रयास किया जाएगा।

# नहाते वक्त पानी में डूबने से 14 वर्षीय बालक की मौत, मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़ौली निवासी मुस्ताक पुत्र कलामुद्दीन (14) बुधवार की शाम करीब चार बजे पड़ौली स्थित सुलिअहवा कर्बला के पास कुलावे में नहा रहा था। उक्त कुलावा नेपाल सीमावर्ती गांव के बरवा से होते हुए जंगल के पास महाव नाले को जोड़ता है। कुलावे में पानी का बहाव इतना तेज था कि पानी के बहाव में आने से मुस्ताक डूब गया। पानी में डूबता देख कुछ युवक बचाने का प्रयास किए लेकिन बहाव तेज होने के कारण मुस्ताक को नहीं बचा पाए और वह डूब गया। युवकों ने गांव में इसकी सूचना दी। सूचना पाकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और खोजबीन करना शुरू कर दिया लेकिन कहीं शव का पता नहीं चला। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने स्थानीय लोगों के मदद से बालक की खोजबीन में जुटी रही लेकिन कहीं शव का अता-पता नहीं चला। मौके पर पुलिस व मछुआरों द्वारा करीब दो किलोमीटर गजगड़हा नाले तक जगह-जगह जाल लगाकर तलाश करने में जुटे हुए हैं लेकिन देर शाम तक कहीं कोई सुराग नहीं मिला। वहीं पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा लगातार खोजबीन किया जा रहा है। चौदह वर्षीय मुस्ताक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मुस्ताक के डूबने से छोटा भाई मुस्तकीम (8) व मुस्तफा (4) का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना के दौरान मृतक मुस्तकीम के पिता कलामुद्दीन अपनी पत्नी नाजमा खातून के साथ अपने ससुराल सिद्धार्थनगर जिले के ग्राम इटवा गए थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में दुख का पहाड़ टूट पड़ा और माता-पिता रोते-बिलखते हुए पड़ौली के लिए निकल पड़े। वहीं घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। घटना के बाद मृतक के भाई मुस्तकीम, मुस्तफा पिता कलामुद्दीन व माता नाजमा खातून का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि नहाते वक्त एक बालक पानी में डूब गया है। उन्होंने बताया कि चार घंटे से खोजबीन किया जा रहा है लेकिन अभी शव बरामद नहीं हुआ है।

# चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश- बस्ती, अयोध्या और अंबेडकरनगर में सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना दुबौलिया पुलिस, एसओजी टीम और सर्विलांस सेल बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इन अभियुक्तों के पास से चोरी के आभूषण, नकदी, मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।दिनांक 08 जुलाई 2025 को समय लगभग 21:30 बजे थाना दुबौलिया क्षेत्र स्थित टेढ़वा पुलिया के पास से चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर उसी दिन रात 23:20 बजे चोरी का सामान खरीदने वाले ज्वैलर्स दुकानदार को दुबौलिया बाजार से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

अनिल निषाद पुत्र संतराम (निवासी अशोकपुर सतहा, थाना दुबौलिया, उम्र 21 वर्ष)2. राहुल निषाद पुत्र चन्द्र प्रकाश निषाद उर्फ चंदू (निवासी अशोकपुर सतहा, थाना दुबौलिया, उम्र 22 वर्ष)3. वीरू निषाद पुत्र जियाऊ (निवासी अशोकपुर सतहा, थाना दुबौलिया, उम्र 22 वर्ष)4. अवधेश कुमार अग्रहरी पुत्र स्व. ओम प्रकाश अग्रहरी (निवासी दुबौलिया बाजार, उम्र 38 वर्ष) – ओमप्रकाश ज्वैलर्स के संचालकबरामद सामान12.46 ग्राम गलाया हुआ पीला धातु4 अदद ऊँ डिजाइन लाकेट1 इस्तेमाली करधन, 1 इस्तेमाली पाजेब4 जोड़ी इस्तेमाली पावजेब, 9 जोड़ी नई पायल, 4 जोड़ी नई बिछियानकद 33,7004 एंड्रॉइड मोबाइल फोनचोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (TVS राइडर, नंबर P51 BK 7048अभियुक्तों ने अप्रैल से जून 2025 के बीच बस्ती, अयोध्या और अंबेडकरनगर जनपदों में कई चोरियाँ कीं, जिनमें घरों में घुसकर आभूषण और नकदी की चोरी, मेडिकल स्टोर और ज्वैलरी शॉप में सेंधमारी तथा मोटरसाइकिल की चोरी शामिल है। चोरी के आभूषण दुबौलिया बाजार स्थित ओमप्रकाश ज्वैलर्स को बेचे जाते थे।अभियुक्तों के बयानतीनों अभियुक्तों ने पूछताछ में चोरियों की बात स्वीकार करते हुए बताया कि वे आर्थिक तंगी और अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी करते थे। चुराया गया सामान आपस में बांटकर बेचते थे। अभियुक्त अवधेश अग्रहरी चोरी के जेवर सस्ते दाम पर खरीदता था।राहुल निषाद पर 16 मामले पंजीकृत हैं, जिनमें पास्को एक्ट, चोरी, आयुध अधिनियम और बीएनएस की धारा 331(4), 305 शामिल हैं।अनिल निषाद के खिलाफ 6 मामले, वीरू निषाद के खिलाफ 6 मामले और अवधेश अग्रहरी के खिलाफ 10 से अधिक मामले दर्ज हैंइस कार्रवाई में थानाध्यक्ष दुबौलिया प्रदीप कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक चन्द्रकांत पाण्डेय, सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक शशिकांत समेत कुल 20 से अधिक पुलिसकर्मियों ने योगदान दिया।

# बसपा ने किया छात्रा की हत्या मामले में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बहुजन समाज पार्टी के एक प्रतिनिधि मण्डल ने मंगलवार को जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक से मिलकर लालगंज थाना क्षेत्र के सिद्धनाथ गांव में कक्षा 1 की छात्रा की हत्या मामले में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया। कहा कि पिछले दो माह पूर्व हुये इस सनसनीखेज हत्या मामले का खुलासा न होने से लोगों में रोष है। बसपा जिलाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि डीएनए रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। इसी कड़ी में बसपा की जिला स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक प्रेस क्लब सभागार में जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बूथ स्तर पूरा कर सांगठनिक मजबूती पर जोर दिया गया।समीक्षा बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये मुख्य मण्डल प्रभारी पूर्व एम.एल.सी. डा. विजय प्रताप ने कहा कि आगामी 2027 का चुनाव बसपा बहन मायावती के नेतृत्व में पूरी मजबूती से लड़ेगी। इसके लिये संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत किया जा रहा है। कहा कि बसपा सर्व समाज को साथ लेकर आगे बढ रही है। विशिष्ट अतिथि मण्डल प्रभारी भगवानदास, धर्मदेव प्रियदर्शी, सीताराम शास्त्री, जिला प्रभारी संजय धूसिया, आदि ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम ने उपस्थित नेताओं, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि बैठक में जो महत्वपूर्ण सुझाव आये हैं उसका जमीनी धरातल पर तेजी के साथ क्रियान्वयन कराया जा रहा है।

बसपा के समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से राजेन्द्र प्रसाद गौतम, के.सी. मौर्य, कृपाशंकर गौतम, महेन्द्र कुमार, आशुतोष सिंह, जुगुल किशोर चौधरी, मो. अलीम, प्रदीप कुमार, विष्णु आनन्द, दीपक कुमार, अतर सिंह, रामकरन गौतम, प्रिन्स कुमार निगम, राम सागर गौतम, रामफेर गौतम, यशवन्त निगम, राम सरोज, भूपेन्द्र कुमार, राजेश कुमार राव, प्रदीप गौतम, देशराज गौतम, राजीव कुमार राव, के.पी. राठौर, रामलला गौड़, प्रभात कुमार वर्मा, वंशीलाल कन्नौजिया, वी.पी. सक्सेना, आदित्य राना, अनूप कुमार, अनिल आजाद, अश्विनी, बनवारीलाल कन्नौजिया, संदीप कुमार, रंजीत, शिवकुमार, शैलेन्द्र कुमार के साथ ही बसपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# श्रृंगी नारी मंदिर में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** जिले केपौराणिक स्थल श्रृंगीनारी स्थिति माँ शांता देवी की मन्दिर पर आषाढ़ माह के अन्तिम मंगलवार को बुढ़वा मंगल मेले पर भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालुओ का मन्दिर में आना जाना शुरू हो गया। भक्त माँ के चरणों मे शीश झुकाकर सुखमय जीवन की मनोकामना करने लगे। नव विवाहित जोडे मन्दिर पहुंचकर मौर चढ़ाये सत्य नारायण की कथा सुनी व हलुआ पूड़ी का भोग भी माँ के चरणों मे चढ़ाया। मनौती के क्रम में बच्चों का मुण्डन संस्कार भी हुआ। मेले में झूला ,सर्कस व सौन्दर्य प्रसाधन की प्रमुखता से दुकाने सजी थी जो बच्चों व महिलाओ के आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने खिलौना व महिलाओं ने सौन्दर्य प्रसाधन की बस्तुओं की जम कर खरीददारी की। मेले में लगे झूले का भी बच्चों ने आनन्द लिया। पौराणिक मान्यताओ के अनुसार मखौड़ा धाम में राजा दशरथ ने मखौड़ा धाम में पुत्रेष्ठि यज्ञ कराने के बाद श्रृंगीऋषि अपनी पत्नी शांत देवी के साथ इसी स्थान पर रुके थे। इसी स्थान पर साधना करने के बाद श्रृंगीऋषि यहाँ से चले गए कालांतर में इसी स्थान पर शांता देवी के मंदिर का निर्माण हुआ। जिसे श्रृंगीनारी के रूप में पहचान मिली। वर्ष भर प्रत्येक मंगलवार को माँ शांता देवी के मंदिर पर मेला लगता है लेकिन बुढ़वा मंगल मेले का विशेष तौर पर महत्व है। मान्यता है कि माँ के दरबार मे जो सच्चे मन से शीश झुकाता है उसकी मनोकामनाएं ज़रूर पूरी होती है।सुप्रसिद्ध बुढ़वा मंगल मेले में सुरक्षा की दृष्टि से महिला व पुरुष पुलिस बल तैनात रही। पुलिस ने मेला परिसर की तरफ आने वाले सभी मार्ग पर बैरिकेटिंग कर वाहनों के प्रवेश को वर्जित कर दिया था। मेला चौकी प्रभारी अभयनन्दन सिंह ने मेले की सुरक्षा व्यवस्था की खुद कमान संभाले थे।

बुढ़वा मंगल मेले में इस भीषण गर्मी के मौसम में पेयजल की कोई व्यवस्था नही रही जिसके कारण श्रद्धालुओं को पानी के लिये इधर उधर भटकना पड़ा। मेला परिसर में लगे एक इंडिया मार्क हैंडपम्प पर पानी पीने वालों की लंबी कतारें लगी रही। पानी के लिये बच्चे रोते बिलखते नज़र आये।

## जनसुनवाई में चित्रकूट पुलिस नंबर वन, आईजीआरएस पर उत्तर प्रदेश में टॉप पर रहा जनपद

**चित्रकूट।** आमजन की समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर चित्रकूट पुलिस ने एक बार फिर मिसाल पेश की है। शासन स्तर पर की गई समीक्षा में जनसुनवाई/आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भो के निस्तारण में जनपद चित्रकूट ने पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता जून 2025 माह की समीक्षा में सामने आई है, जिसमें प्रदेश के सभी 75 जनपद शामिल थे। इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की सतत निगरानी तथा निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव के मजबूत पर्यवेक्षण को दिया जा रहा है। आईजीआरएस प्रभारी के रूप में श्री यादव ने उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेश-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया और टीम को सतत दिशा-निर्देश देते रहे। जून माह में मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी/जनसेवा संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस समेत विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर पुलिस ने जनआस्था को मजबूत किया। आईजीआरएस शाखा में नियुक्त आरक्षी मानवेन्द्र सिंह, महिला आरक्षी अनीशा बानो व मीरा यादव ने संदर्भों की ऑनलाइन फीडिंग और निगरानी में अहम भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त जनपद के सभी आठ थानों व क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में आईजीआरएस पोर्टल पर तैनात पुलिस कर्मियों ने पूरे मनोयोग से कार्य किया। सभी थानों द्वारा उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के चलते न सिर्फ जनपद स्तर पर बल्कि थाना स्तर पर भी प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देने व उन्हें समय पर हल करने की दिशा में चित्रकूट पुलिस का यह प्रयास पूरे प्रदेश के लिए एक उदाहरण बन गया है। शासन की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से आम लोगों को राहत देने में चित्रकूट पुलिस की यह कार्यशैली सराहना के योग्य है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि यह सफलता टीम वर्क और सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। उन्होंने कहा कि आम जनता की सेवा ही पुलिस का धर्म है और चित्रकूट पुलिस इसे पूरी निष्ठा के साथ निभा रही है। चित्रकूट पुलिस की यह सफलता बताती है कि यदि नीयत साफ हो और नेतृत्व सशक्त, तो छोटे से जनपद से भी बड़े-बड़े उदाहरण कायम किए जा सकते हैं।

# एक पेड़ मां के नाम पेड़ लगाओ - पर्यावरण बचाओ, थीम पर आज वृहद वृक्षारोपण महा अभियान 2025 का हुआ शुभारंभ

**●मुख्य कार्यक्रम विकासखंड सिंहपुर के रतवलिया मंझार वन भूमि पर हुआ आयोजित**

**"एक पेड़ मां के नाम" अभियान - पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और मातृ सम्मान का अद्भुत संगम - जिला उपाध्यक्ष**

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** "एक पेड़ मां के नाम" पेड़ लगाओ - पर्यावरण बचाओ थीम पर पूरे जनपद में वृहद वृक्षारोपण महा अभियान 2025 का आगाज हुआ। इस अवसर पर प्रातः 6:00 बजे से ही पूरे जनपद में जगह-जगह पौधारोपण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधिगण, जन सामान्य व स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पौधारोपण किया गया। मुख्य कार्यक्रम विकासखंड सिंहपुर के रतवलिया मंझार वन भूमि पर आयोजित हुआ, जिसमें राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह ,सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह , विधायक अमेठी महराजी प्रजापति, शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी/आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश राजेश कुमार, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों, अधिकारियों द्वारा पौधरोपण कर वृहद वृक्षारोपण महा अभियान 2025 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा जनपद वासियों से एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाने तथा उनका संरक्षण करने की अपील की गई। राज्य मंत्री द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को आम के पौधों का वितरण किया गया एवं छात्र-छात्राओं से अपील किया कि इसे अपने घर के आस-पास लगाएं और इसकी नियमित देखभाल भी करें। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें फल, फूल, छाया देने के साथ ही जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी देते हैं। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, ब्लॉक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, जन सामान्य व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वही विकासखंड शुकुल बाजार में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने आम, पीपल, पकड़िया और बरगद सहित पांच वृक्षों का वृक्षारोपण किया, इस दौरान समाज सेवी पीके तिवारी भी मौजूद रहे । वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा ने भी पीपल, पकड़िया, बरगद,आम, सिंदूर सहित अन्य कई वृक्षों का वृक्षारोपण किया।

# आक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए सभी को करना चाहिए पौधरोपण- कमलावती

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट-** मानिकपुर ब्लाक के उमरी ग्राम पंचायत में बुधवार को उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम अध्यक्ष कमलावती सिंह की अध्यक्षता में पौधरोपण महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ निगम की प्रदेश अध्यक्ष ने पूजा-अर्चना व नीम, पीपल व बरगद के पौधे रोपित कर किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कमलावती सिंह ने बताया कि धर्मगनरी को 74 लाख पौघे रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि वह कानपुर में भी उनके कार्यो को देख चुकी है। कहा कि महिला और वन दोनों ही पालनहार है, जिस तरह से मां अपने बच्चों को सहेजती है, उसी तरह प्रकृति भी मानव को सहेजती है। कहा कि पेड़ लगाने से पहले सभी लोग उसका सरंक्षण करने का भी संकल्प लें। ऑक्सीजन के कमी से लोग परेशान हो रहे हैं, इस समस्या के चलते पेड़ों की रक्षा करनी होगी। सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के तहत पौधे अवश्य लगाएं एवं उसकी रखवाली स्वयं करें। किसान मेढ़ के ऊपर पेड़ अवश्य लगाएं, जिससे बाढ़ आने पर कटान न हो। प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि सही स्थलों का चयन कर पौधरोपण कराएं। मंडलायुक्त अजीत कुमार ने कहा कि पौधरोपण अभियान में बच्चों को जोड़कर परिवर्तन लाए। कहा कि संसाधनों की कमी नहीं है, बस इच्छा शक्ति को मजबूत करना होगा। सभी लोग पेड़ के महत्व को समझे, पेड़ हर दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। पेड़ के नीचे ही महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। इस अभियन में युवाओं को भी जोडें।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि जनपद को दिए गए लक्ष्य के अनुसार सभी लोग पेड़ लगाएं व उसका सरंक्षण करें। अभियान में बच्चों, अभिभावकों, किसानों व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़कर पौधरोपण कराया जा रहा है। जनपद के स्थलों को चिन्हित कर ग्राम वन, उपवन वन, सूर्यवन आदि बनाकर पौधे लगाए जा रहे हैं तथा फेंसिंग भी कराई जा रही हैं। मंदाकिनी के किनारे एक लाख 21 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। 328 तालाबों के बीटे पर पौध रोपण व रखरखाव की व्यवस्था किया जा रही है। डीएम ने सभी लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि प्रकृति मां के समान ही भरण-पोषण करती है। सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण अवश्य करें तथा उसकी देखभाल करते हुए पानी दें। सभी की सहभागिता से परिवर्तन आ सकता है।

इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने ग्राम वन में नवग्रह पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को पौधे भी वितरित किए। कार्यक्रम में विज्ञान फाउंडेशन बरगढ़ एवं प्रयागराज से आए युवक-युवतियों द्वारा पौधरोपण के संबंध में नुक्कड़ नाटक भी किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला व गरिमा सिंह ने किया। दयाराम रैकवार ने भगवान रामचंद्र के तपोभूमि एवं एक पेड़ मां के नाम पर गीत प्रस्तुत किया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, जिला महामंत्री भाजपा आलोक पांडेय, भाजपा नेत्री अंजू वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, अपर प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण परिवर्तन और ग्लाबल वार्मिंग को रोकने के लिए जिला जज ने किया पौधरोपण

**चित्रकूट-** उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पर्यावरण परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिये दिए गए निर्देश के क्रम में बुधवार को जिला न्यायालय परिसर एवं सेशन हाउस परिसर में जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने एक पेड़ माँ के नाम थीम के साथ ग्लोबल वार्मिंग कैम्पेन का शुभारम्भ पौधरोपण कर किया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान एक प्रयास है, जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे-भरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने कहा कि धरती माँ का श्रृंगार हरियाली में निहित है। भारत में धरती को माँ के रूप में माना गया है और माटी को भी माँ का दर्जा दिया गया है। इसलिए धरती को प्रदूषण रहित करने, जलस्रोत को बढ़ावा देने, जल, जमीन व जंगल और जीवों के जतन की जिम्मेदारी सभी को पूरी करनी होगी। कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को रोकने और धरती को फिर से बेहतर बनाने के लिए सभी लोग एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़कर पौधे लगाएं। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आवाहन किया गया कि सभी लोग अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगायें। इस मौके पर श्रीकृष्ण यादव पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, राकेश कुमार यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, अनुराग कुरील अपर जिला जज प्रथम, राममणि पाठक विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी पीए एक्ट, रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज कक्ष संख्या द्वितीय, नीलू मैनवाल अपर जिला जज, रवि कुमार दिवाकर अपर जिला जज, राजेन्द्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज (सीडि), इला चौधरी सिविल जज (सीडि), सैफाली यादव सिविल जज (जूडि), विदिशा भूषण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, अंजलिका प्रियदर्शिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बंद पड़े मकान को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना, लाखों के जेवरात लेकर फरार



**काकोरी** क्षेत्र के घुरघुरी तालाब चौकी अंतर्गत घुरघुरी तालाब स्थित एक में बंद पड़े मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया और लाखों के जेवरात सहित लाखों की नगदी चोरी कर ले गए। काकोरी के घुरघुरी तालाब निवासी शीला ने बताया कि बीते 7 जुलाई को घर के मेनगेट में ताला लगाकर अपने पैतृक गांव जनपद उन्नाव के पाया खेड़ा गई थी।घर से 8 जुलाई को जब वापस लौटी तो देखा कि मेनगेट का ताला टूटा हुआ था और अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था अलमारी का लॉकर तोड़कर दो सोने की चेन, सोने की झुमकी, सोने का मंगलसूत्र, लाकेट मामा, एक जोड़ी पायल सहित। (डेढ़ लाख) 1 लाख 50 हजार नगदी चोरी कर ले गए। घटना को लेकर पीड़ित महिला ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। पीड़ित महिला ने काकोरी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

### डी0डी0ओ0 ने वि0 ख0 अमावा में वृक्षारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया

**रायबरेली,** वृहद वृक्षारोपण महाअभियान 2025 के अन्तर्गत विकास खण्ड अमावां की ग्राम पंचायत बूढ़नपुर में निर्मित मनरेगा ग्राम वन में अरूण कुमार जिला विकास अधिकारी/ उपायुक्त (श्रम, रोजगार) द्वारा पौध रोपण कर ग्राम वन में वृक्षारोपण का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अरूण कुमार जिला विकास अधिकारी द्वारा बरगद के वृक्ष का रोपण किया गया। मौके पर उपस्थित समस्त मनरेगा श्रमिक, समूह की दीदीयों तथा सामुदायिक सहयोग से ग्राम वन में सहजन, आम, बकेन, आंवला, बरगद, अमरूद अर्जुन, अकरेशिया, कंजी आदि प्रजाति के कुल 600 वृक्ष रोपित किये गये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी द्वारा समूह की दीदीयों व आवास के लाभार्थियों को 2-2 सहजन के वृक्षों का वितरण किया गया एवं वहां उपस्थित ग्रामवासियों को एक पेड़ मां के नाम रोपण हेतु दिये गये। मौके पर उपस्थित सन्दीप सिंह खण्ड विकास अधिकारी अमावां द्वारा बताया गया कि, अमावां में कुल 118986 वृक्षों का रोपण किया जा रहा है। जिसमें 03 ग्राम वन, 22 अमृत सरोवर, सहजन, पंचवटी, हरीशंकरी, बाल वाटिका, विद्यालयों में वृक्षारोपण के रूप में विभिन्न स्थलों पर वृक्षा रोपण कार्य किया जा रहा है तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के 162 एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 650 लाभार्थियों तथा जीरो पावर्टी के गरीबतम परिवारों को 2-2 सहजन के वृक्ष रोपण हेतु दिये गये। मौके पर विकास खण्ड के समस्त अधिकारी / कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### वृक्षारोपण कर लगाया ट्री गार्ड जन अभियान को सफल बनाने के लिए दिलाई शपथ



**सीतापुर** 9 जुलाई चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वन महोत्सव के अंतिम दिन आज 251 पौधों को आरोपित करके महाविद्यालय ने पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखने का काम किया । महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष 500 से अधिक वृक्ष लगाए जाते हैं और इन्हें ट्री गार्ड से सुरक्षित भी किया जाता है। महा वृक्ष अभियान के तहत महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ तेज प्रकाश सिंह, निदेशक प्रोफेसर योगेश शर्मा प्राचार्य, प्रो गजेंद्र सिंह, समन्वयक अधिकारी अजय सिंह भदौरिया, प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, डॉ लल्लन प्रसाद यादव एवं डॉ जसकरन सहित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारी ने एक-एक वृक्ष लगाया और शपथ ली कि हम स्वयं वृक्ष लगाएंगे और आसपास के लोगों को अधिक वृक्ष लगाने के लिए जागरूक करेंगे।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा की गई ऑफलाइन स्थानांतरण न किए जाने की मांग

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 09 जुलाई, 2025 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का शासनादेश के अनुसार आफलाइन स्थानान्तरण न किए जाने तथा 28 मार्च, 2005 के पूर्व विज्ञापित पदों पर 01 अप्रैल, 2005 के पश्चात नियुक्त अवशेष शिक्षकों को पुरानी पेशन से आच्छादित किए जाने की मांग को लेकर दिनांक 11 जुलाई, 2025 को प्रातः 11 बजे से शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) के 18 पार्क रोड, लखनऊ स्थित शिविर कार्यालय में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में धरना होगा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र तथा महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि आफलाइन स्थानान्तरण के लिए शासनादेश दिनांक 07 जून, 2025 के अनुसार शिक्षा निदेशालय में दिनांक 06 जून, 2025 तक प्राप्त आवेदनों पर आफलाइन स्थानान्तरण किए जाने की स्पष्ट व्यवस्था है। शासनादेश में यह भी व्यवस्था थी कि स्थानान्तरण की सम्पूर्ण प्रक्रिया 27.06.2025 तक प्रत्येक दशा मे पूर्ण हो जाएगी किन्तु अभी तक आफलाइन स्थानान्तरण नही किए गए है। इसी के साथ 28 मार्च, 2005 के पूर्व विज्ञापित पदों पर 01 अप्रैल, 2005 के पश्चात नियुक्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को 31 मार्च, 2025 तक पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किया जाना था किन्तु निर्धारित अवधि में आपत्तियों के निराकरण के पश्चात भी सैकड़ों प्रकरण अभी तक लम्बित है जिससे प्रदेश के शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। इसीलिए संगठन को संघर्ष के लिए बाध्य




होना पड़ रहा है। धरने में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, नेता शिक्षक दल ध्रुव कुमार त्रिपाठी, एम0 एल0सी0, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, संरक्षक एवं पूर्व एम.एल.सी. जगवीर किशोर जैन, हेम सिंह पुण्डीर, सुभाष चन्द्र शर्मा, पूर्व महामंत्री इन्द्रासन सिंह, पूर्व एम0एल0सी0 प्रमोद कुमार मिश्र सहित प्रदेश के कार्यकारिणी के पदाधिकारी, विभिन्न समितियों के सदस्यगण, मण्डलीय पदाधिकारी एवं जनपदीय पदाधिकारी तथा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मिलित होगें।

# मजदूर का गांव के किनारे संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से मचा हड़कंप


**स्वतंत्र प्रभात**

**महराजगंज/रायबरेली** कोतवाली क्षेत्र के कुसुढ़ी सागरपुर गांव में उस समय मातम पसर गया, जबकि खेतों से धान की रोपाई करके घर वापस लौट रहे मजदूरों ने गांव के बाहर बाग के पास खेत के किनारे संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। आनन-फानन मजदूरों ने इसकी सूचना परिजनों को दी, मौके पर पहुंचे परिजन तत्काल स्थानीय पुलिस के दूरभाष नंबर पर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुवाइना किया, लोगों से पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आपको बता दें कि, घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कुसुढ़ी सागरपुर गांव में बीते मंगलवार को शाम 6:00 बजे के करीब गांव का ही रहने वाला रामबरन सिंह (44) पुत्र समर बहादुर सिंह घर वालों को खेतों का घार (मेंड़) बंद करने की बात कहकर निकाला था। जिसकी संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। शाम लगभग 7:00 बजे जब खेतों में धान की रोपाई करके मजदूर उसी रास्ते से अपने घर वापस लौट रहे थे, तभी उन्हें गांव के बाहर एक बाग के किनारे स्थित खेतों के पास एक व्यक्ति पड़ा दिखाई दिया।

जब मजदूरों ने पास जाकर देखा, तो गांव का ही रामबरन सिंह था, जिसकी सांसें थम चुकी थी। यह देखकर मजदूरों में हड़कंप मच गया और इसकी सूचना आनन-खानन परिजनों को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने तत्काल घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से जायजा लिया और लोगों से पूछताछ करी। तत्पश्चा शव को कब्जे में लेकर आज बुधवार की सुबह 6:00 के



करीब पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी, घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद लोगों से पूछताछ करी गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया किसी जहरीले जंतु के काटने से मौत का होना प्रतीत हो रहा है, किंतु असली कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ में 20 जुलाई को होगा प्रदेश संघ का चुनाव, तैयारियां जोरों पर

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रतापगढ़।** अनजुमन हिमायत चपरासियान उत्तर प्रदेश के न्याय विभाग द्वारा एक अहम फैसला लिया गया है। 20 जुलाई 2025 को जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ में प्रदेश संघ के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। इस संबंध में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुनील श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गत 8 जून को जनपद न्यायालय मथुरा में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई थी, जिसमें श्री बृज किशोर शर्मा की सहमति से यह निर्णय लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर यह तय किया गया कि आगामी चुनाव 20 जुलाई को प्रतापगढ़ में संपन्न होंगे। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के तमाम सदस्यों की सहमति



और सहयोग से यह निर्णय लिया गया। इस बाबत प्रदेश महासचिव श्री श्याम सुंदर झा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों से अपील की है कि वे उक्त तिथि को समय से उपस्थित होकर चुनाव प्रक्रिया में भाग लें। साथ ही यह भी आग्रह किया गया है कि उक्त चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने हेतु सभी मिलजुल कर कार्य करें। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष से लेकर मंडल मंत्री, शाखा अध्यक्ष और न्यायालयीन प्रतिनिधियों तक सभी को सूचित किया गया है कि वे इस तिथि को गंभीरता से लेते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभाएं।

संघ ने जताया विश्वास संघ की ओर से जारी पत्र में उम्मीद जताई गई है कि यह चुनाव संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और सभी प्रतिनिधि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

# पैनल लायर्स व पराविधिक स्वयं सेवकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**

**रायबरेली,** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में पैनल लायर्स व पराविधिक स्वयं सेवकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर शुरुआत हुई। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 07 व 08 जुलाई 2025 को ए0डी0आर0 सेन्टर रायबरेली में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के पैनल लायर्स व पराविधिक स्वयं सेवकों का महिलाओं व बच्चों से सम्बन्धित अधिकारों के प्रति विशेष रुप से जानकारी प्रदान करना। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक अभियोजन अधिकारी यदुवेन्द्र के द्वारा महिलाओं के अधिकार के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। पैनल अधिवक्ता शैलजा सिंह के द्वारा पारिवारिक मामलों के साथ-साथ भरण पोषण सम्बन्धित विषय, अधिवक्ता सुषमा सरोज के द्वारा भी पारिवारिक मामले, अधिवक्ता ममता यादव के द्वारा दौरान हिरासत विधिक अधिकारों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। अधिवकता मधू सिंह के द्वारा गर्भाधान पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 गर्भावस्था की चिकित्सीय समाप्ति अधिनियम के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। प्रथम दिवस के अन्तिम सत्र में अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा महिलाओं की घरेलू हिंसा से रक्षा, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित विषय विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा परिचय एवं आइस ब्रेकिंग सत्र के माध्यम से पैनल लायर्स व पराविधिक स्वयं सेवक की भूमिका के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। स्थायी लोक अदालत की सदस्या प्रीति पाण्डेय के द्वारा मौलिक अधिकारों के अन्तर्गत विभिन्न अनुच्छेद के साथ-साथ विधिक सेवा अधिनियम 1987 व नालसा विनियम के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव के द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 सम्बन्धी विषय पर प्रकाश डाला गया। अधिवक्ता अन्जू के द्वारा बच्चों से सम्बन्धित कानून किशोर न्याय(बालको की देखभाल एवं संरक्षण अधिनियम) सम्बन्धी विषय पर प्रशिक्षण में सम्मिलित लोगों को जानकारी देकर जागरुक किया गया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में अधिवक्ता मधू सिंह के द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 व अनैतिक व्यापार रोकथाम अधिनियम व यौनकर्मियों से सम्बन्धित विषय पर जानकारी दी गयी। उक्त प्रशिक्षण में असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल योगेश चन्द्र के द्वारा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम विषय पर अपने विचार साझा किये गये। द्वितीय दिवस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सदस्या स्थायी लोक अदालत सुधा रानी के द्वारा बाल श्रम निषेध विनियमन अधिनियम 1986 व सरकार द्वारा बच्चों के कल्यार्थ चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल विपिन कुमार के द्वारा बच्चों से सम्बन्धित कारखाना अधिनियम सम्बन्धी विषय पर उपस्थित लोगों को जानकारी दी गयी। उक्त प्रशिक्षण के अन्तिम सत्र में प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन कर समस्त प्रशिक्षण प्राप्तकर्ता से उनकी प्रतिक्रिया ली गयी। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनुपम शौर्य की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

# निगोहां में पत्रकार संगठन का हुआ गठन पत्रकार हितों की होगी रक्षा

**● .... विमल सिंह चौहान अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार मुकेश द्विवेदी संरक्षक मनोनीत।**



**स्वतंत्र प्रभात**

**निगोहां लखनऊ।** पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, लेकिन आज जब पत्रकारों को सामाजिक, प्रशासनिक और आर्थिक स्तर पर अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे समय में निगोहां क्षेत्र में एक नई और सराहनीय पहल की गई है। क्षेत्र के पत्रकारों की एकजुटता, सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से निगोहां में एक नए पत्रकार संगठन का गठन किया गया, जो स्थानीय पत्रकारों के हितों की आवाज़ बनेगा।इस संगठन की स्थापना रविवार को निगोहां कस्बे के प्रतिष्ठित क्लासिक रेस्टोरेंट में आयोजित एक बैठक के माध्यम से की गई, जिसमें क्षेत्र भर के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार मुकेश द्विवेदी ने की, जिनका पत्रकारिता के क्षेत्र में वर्षों का अनुभव है और जो लंबे समय से पत्रकार एकता और निष्पक्ष मीडिया की पैरवी करते आ रहे हैं।बैठक में मौजूद सभी पत्रकारों ने इस बात पर सहमति जताई कि वर्तमान दौर में पत्रकारों को संगठित होना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। आए दिन पत्रकारों को फील्ड में रिपोर्टिंग के दौरान उत्पीड़न, धमकी, मानसिक दबाव और कभी-कभी शारीरिक हमलों का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक मजबूत संगठन ही पत्रकारों की सुरक्षा और गरिमा की रक्षा कर सकता है।वरिष्ठ पत्रकार मुकेश द्विवेदी ने कहा पत्रकार लोकतंत्र के प्रहरी हैं, लेकिन जब प्रहरी ही असुरक्षित हो, तो लोकतंत्र कैसे मजबूत हो सकता है। यह संगठन पत्रकारों को न केवल एकजुट करेगा, बल्कि उनके अधिकारों और दायित्वों के प्रति भी उन्हें सजग बनाएगा।इस बैठक में सर्वसम्मति से संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

पत्रकार विमल सिंह चौहान को संगठन का अध्यक्ष चुना गया, जबकि अन्य प्रमुख पदों पर भी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चयन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने संगठन की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए कहा हमारा उद्देश्य केवल संगठन बनाना नहीं, बल्कि पत्रकारों की व्यावसायिक, सामाजिक और व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना है। संगठन पत्रकारों को एक मंच देगा, जहां वे अपनी बात खुलकर रख सकेंगे और एक-दूसरे की ताकत बनेंगे बैठक के समापन पर सभी पत्रकारों ने सामूहिक रूप से निष्पक्ष, निर्भीक, तथ्यपूर्ण और जनहितैषी पत्रकारिता करने की शपथ ली। उन्होंने कहा कि यह संगठन किसी राजनीतिक या निजी स्वार्थ से प्रेरित नहीं है, बल्कि यह समाज और पत्रकारों के लिए एक जिम्मेदार मंच बनेगा।

इस बैठक में निगोहां और आसपास के क्षेत्रों से दो दर्जन से अधिक पत्रकारों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से प्रदीप द्विवेदी, उमेश गुप्ता, जयशंकर शुक्ला, ललित दीक्षित, रमाकांत मिश्रा, मोइन खान, मुकेश मिश्रा, प्रशांत त्रिवेदी, करन रावत, राघवेंद्र सिंह, उमेश शर्मा, सौरभ सिंह, शैलेंद्र शुक्ला, सुनील गुप्ता सहित कई पत्रकार शामिल रहे। इन सभी पत्रकारों ने इस पहल की सराहना की और संगठन को एक नई दिशा देने का भरोसा जताया।इस संगठन का गठन न केवल निगोहां क्षेत्र के पत्रकारों के लिए एक शुभ संकेत है, बल्कि यह पूरे जनपद के पत्रकारों को भी एक प्रेरणा देगा। पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और जिम्मेदार पत्रकारिता के लिए यह संगठन आने वाले समय में एक मजबूत स्तंभ साबित हो सकता है।

# करंट लगने से युवक की हुई मौत घर में मचा कोहराम, सबमर्सिबल में हाथ पैर धोते समय हुआ हादसा, परिवार का इकलौता था सहारा

**स्वतंत्र प्रभात**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कपूरपुर गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में 18 साल के युवक की करंट लगने से मौत हो गई गांव निवासी प्रवीण कुमार पुत्र रामखेलावन रोज की तरह खेतों में काम करने के बाद नल पर हाथ-पैर धो रहा था इसी दौरान नल में लगे समरसेबल मोटर में अचानक करंट उतर आया जिससे प्रवीण उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया घटना के तुरंत बाद परिजनों ने उसे आनन-फानन में ऐलिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई सूचना मिलने पर काजीकमालपुर चौकी प्रभारी रामासारे चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की पुलिस ने मृतक के परिजनों से शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही, लेकिन उन्होंने साफ इनकार कर दिया परिजनों की सहमति के बाद पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को सुपुर्द कर दिया स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में कई समरसेबल मोटर पुराने और खराब वायरिंग से जुड़े हुए हैं। जिससे इस तरह की घटनाओं



की आशंका बनी रहती है ग्रामीणों ने प्रशासन से विद्युत सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है प्रवीण कुमार अपने परिवार का एकमात्र सहारा था और उसकी असमय मौत ने सभी को स्तब्ध कर दिया है!!

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत मां सिद्धेश्वरी महाविद्यालय में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

**● ......हिलौली ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित ने किया शुभारंभ, 346 पौधों का रोपण......**

**स्वतंत्र प्रभात**

**निगोहां।** लखनऊ मां सिद्धेश्वरी महाविद्यालय, द्वारिका नगर तिसंधा में बुधवार को एक सराहनीय पहल के तहत "वृक्षारोपण 2025" अभियान के अंतर्गत "एक पेड़ माँ के नाम" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और मातृत्व की ममता को समर्पित था।कार्यक्रम की शुरुआत हिलौली ब्लॉक के प्रमुख एवं मुख्य अतिथि श्री दिलीप कुमार दीक्षित ने महाविद्यालय परिसर स्थित माता सिद्धिदात्री मंदिर प्रांगण में पीपल का पौधा रोपित कर की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में कुल 346 पौधों का रोपण किया गया। लगाए गए पौधों में शीशम, जामुन, नीम, आम, केसिया, अर्जुन, शहतूत एवं आंवला जैसी बहुउपयोगी व औषधीय प्रजातियाँ शामिल रहीं।मुख्य अतिथि श्री दीक्षित ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में 37 करोड़ पौधे एक ही दिन में रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिशा में हिलौली ब्लॉक की सहभागिता अत्यंत सक्रिय एवं सराहनीय है।उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।इस अवसर पर महाविद्यालय व्यवस्थापक श्री अमित कुमार शुक्ला ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान की भावना को व्यक्त करते हुए कहा, जिस प्रकार माँ अपने बच्चों को nurtures करती हैं, जीवन देती हैं, उसी प्रकार पेड़ हमें ऑक्सीजन देकर जीवन प्रदान करते हैं। हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अपनी माँ के नाम अवश्य लगाना चाहिए। पेड़ों का संरक्षण केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और भविष्य की रक्षा है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिकों, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण, एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। मुख्य रूप से पूर्व प्रधान गुजौली श्री राकेश कुमार मिश्रा, पूर्व प्रधान तिसंधा श्री छविनाथ, श्री अजय शुक्ला, पत्रकार दीपचंद्र मिश्रा एवं वीर प्रकाश जैसे सम्मानित व्यक्तित्व उपस्थित



रहे।इस अवसर पर श्री दिलीप दीक्षित जी ने उन्नाव के गौरव, पद्मश्री सम्मानित, साहित्य शिरोमणि एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित द्वारा रचित पुस्तकें 'भारतीय अनुभूति का विवेकानंद' एवं 'गीता का अंतर्गीत' महाविद्यालय को भेंट स्वरूप प्रदान कीं।महाविद्यालय परिवार की ओर से श्री दीक्षित को सम्मान स्वरूप "अपराजिता" पौधा भेंट कर कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस आयोजन ने जहां एक ओर पर्यावरणीय चेतना का संदेश दिया, वहीं सामाजिक सरोकारों से जुड़ने का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने वृक्षों की सुरक्षा और नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

# ग्रामीण आय बढ़ाने की नई कोशिश 76 लाख पौधों का होगा रोपण, शीशम- सागौन को प्राथमिकता राज्यमंत्री ने की शुरुआत

**स्वतंत्र प्रभात**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में बुधवार को "एक पेड़ मां के नाम 2.0" थीम के अंतर्गत वृक्षारोपण महाअभियान की शुरुआत हुई कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने आर्मी ग्राउंड में बनाए गए "अटल वन" में पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद, डीएम अभिषेक आनंद, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, सीडीओ निधि बंसल, वन विभाग के अधिकारी, पीएसी और आर्मी के अधिकारी भी मौजूद रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत जिले में कुल 76 लाख पौधे रोपे जायेंगे अकेले आर्मी ग्राउंड स्थित अटल वन में लगभग आठ हजार पौधे विभिन्न प्रजातियों के लगाए गए है वन विभाग ने इस अभियान को ÷प्रकृति संग आर्थिकी÷ का रूप देते हुए किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने की दिशा में कदम बढ़ाया ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से शीशम और सागौन जैसे आर्थिक दृष्टि से उपयोगी पौधों को प्राथमिकता दी गई। जिले भर में शीशम के 14 लाख 7 हजार 417 और सागौन के 12 लाख 40 हजार 74 पौधे लगाए जाएंगे कार्यक्रम के दौरान मंत्री सुरेश राही ने कहा कि ÷धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण असंतुलित हो रहा है हमारी सरकार इस संकट से निपटने के लिए व्यापक वृक्षारोपण अभियान चला रही है हम धरती को मां कहते हैं और उसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है उन्होंने यह भी कहा कि



÷यदि किसानों की आय बढ़ानी है तो उन्हें सागौन और शीशम जैसे लाभकारी वृक्ष लगाने चाहिए वन विभाग के अनुसार, यह अभियान न सिर्फ पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक बड़ा कदम है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी सहायक सिद्ध होगा!!

# भाई की हत्या का आरोपी गिरफ्तार फावड़े और बांके से की थी वारदात, पुलिस ने हथियार किए बरामद

**स्वतंत्र प्रभात**


**सीतापुर** जनपद सीतापुर में थाना रेउसा पुलिस ने बीती 7 जुलाई को सगे भाई की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी भाई को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल बांका भी बरामद कर लिया है आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिलीप पुत्र गोंधी निवासी ग्राम बाधेपुरवा, मजरा रेवान, थाना रेउसा, के रूप में हुई है पुलिस के अनुसार 6 जुलाई को दिलीप के भाई शत्रोहन का उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था विवाद के बीच-बचाव में आरोपी दिलीप भी शामिल हुआ जिसके चलते परिवार में तनाव और बढ़ गया इस घटना के अगले ही दिन, यानी 7 जुलाई की रात को दिलीप ने अपने सगे भाई शत्रोहन की फावड़े से हमला कर हत्या कर दी और मौके से पत्नी सहित फरार हो गया। घटनास्थल से पुलिस ने तत्काल एक फावड़ा बरामद किया था जबकि बाद में आरोपी की निशानदेही पर बांका भी बरामद किया गया जिसे वारदात में प्रयोग किया गया था पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आईपीसी की संबंधित धाराओं



में मुकदमा दर्ज करते हुए माननीय न्यायालय में पेश किया थाना प्रभारी रेउसा हनुमंत तिवारी ने बताया कि अपराध और अपराधियों के विरुद्ध जनपद में पुलिस की कड़ी और सतत कार्रवाई जारी है ऐसे मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाएगा!!

# रील्स के मकड़जाल में फंसे युवा कहां तक जाएंगे

देश में 'रील्स' का मकड़जाल बुरी तरह से फैलता जा रहा है और देश के युवा इसमें पूरी तरह से डूबते जा रहे हैं। सोशल मीडिया ने हमें अगर कुछ अच्छाइयां दी हैं तो बुराइयां भी कम नहीं मिलीं हैं। नवयुवतियां द्वारा ओपन प्लेस पर भद्दा डांस और अंग प्रदर्शन देश को कहां लेकर जा रहा है इसके लिए सरकार को उचित कदम उठाने पड़ेंगे। कोई नदी में छलांग लगाते हुए रील बना रहा है तो कोई रेल लाइन पर लेटकर रील बना रहा है। हमको कोई मतलब नहीं कि इससे हम क्या संदेश देना चाहते हैं बस केवल फालोवर्स बढ़ने चाहिए। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, थ्रेड्स आदि सोशल मीडिया साइट्स पर ढेरों 'रील्स' भरी पड़ी हैं। इसमें हमारे अभिभावक का दोष कम नहीं है क्योंकि हम बच्चों को खुली छूट दिए हुए हैं। पार्क हो सड़क हो, रेलवे स्टेशन हो नदी का किनारा हो हर जगह रील बाज युवतियां और युवक भौंडे डांस करते दिख जाएंगे उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि दुनिया उनके लिए क्या कह रहा रही है। स्कूल हो, थाना हो कोर्ट-कचहरी हो हर जगह रील बाज मिल जाएंगे। कई जगह तो सरकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई भी हुई है लेकिन ये पीढ़ी सुधरने का नाम नहीं ले रही है। रील से कमाई करने का बुखार सभी को चढ़ा है लेकिन जितनी



रील बन रहीं हैं उसमें से 2-4 प्रतिशत लोग ही होंगे जो कमाई कर रहे हैं। रील में फालोवर्स बढ़ाने के लिए अब तो बकायदा ट्रेनिंग भी दी जा रही है। यह ट्रेनिंग आनलाईन व एप के माध्यम से दी जा रही है। 'रील्स' भारतीय समाज में कई तरह के नुकसान पहुंचा रही हैं। रील संस्कृति पारंपरिक मूल्यों और सभ्यता को खत्म कर रही है, जिससे युवा पीढ़ी अपने मूल्यों से विमुख हो रही है। लोग सार्वजनिक स्थलों पर ठुमके लगाते और अश्लील हरकतें करते देखे जा सकते हैं, जो समाज के लिए हानिकारक है। लगातार रील्स देखने और बनाने से मानसिक अवसाद और बेचैनी बढ़ रही है। लोग घंटों रील्स देखते रहते हैं, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। 'रील्स' बनाने का जुनून रिश्तों को तोड़ रहा है। कई मामलों में पति-पत्नी के बीच रील्स बनाने को लेकर विवाद हो रहे हैं और तलाक तक की नौबत आ जा रही है। 'रील्स' संस्कृति समाज में धोखाधड़ी और अपराध को बढ़ावा दे रही है। लोग 'रील्स' बनाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं, जिससे समाज में अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। रील्स के चक्कर में लोग शिक्षा और जागरूकता की कमी का शिकार हो रहे हैं। लोग रील्स बनाने में इतने मशगूल हो गए हैं कि उन्हें अपने भविष्य और समाज की चिंता नहीं है। इन नुकसानों को देखते हुए, यह आवश्यक है कि हम 'रील्स' संस्कृति के प्रभावों को समझें और इसके नकारात्मक पहलुओं को कम करने के लिए काम करें। 'रील्स' को लेकर सरकारी महकमे में भी होड़ मची हुई है। पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग व अन्य विभागों में आन ड्यूटी लोगों को 'रील्स' बनाते देखा जा सकता है। इसके लिए उन्हें निलंबन तक की सजा का सामना करना पड़ा है। क्योंकि आजकल हर चीज बड़ी आसानी से सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल हो जाती है। और सरकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई हो जाती है। लेकिन इन युवाओं पर इसका भी असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। सरकार को इसके लिए एलर्ट होना पड़ेगा, कुछ नियम कायदे कानून बनाने होंगे ताकि इस भेड़चाल में फंसते युवाओं पर अंकुश लगाया जा सके। रील्स के मकड़जाल में युवा ही नहीं अधेड़ उम्र की स्त्रियां भी कम नहीं हैं। उनको भी सोशल मीडिया पर नग्नता परोसते देखा जा सकता है। लेकिन इसके लिए अभी हमारे यहां कोई कानून नहीं है। यहां यह आवश्यक हो जाता है कि सरकार को इसके लिए कुछ क़दम उठाने होंगे। नहीं तो आगे आने वाले समय में इसके भयंकर परिणाम देखने को मिल सकते हैं। सोशल मीडिया पर रील्स को लेकर सरकार को ठोस क़दम उठाने होंगे। सरकार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए नियम और विनियमन के दिशानिर्देश बनाने चाहिए, जो रील्स की सामग्री और इसके प्रभावों को नियंत्रित करने में मदद करें। सरकार को सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए जागरूकता अभियान चलाने चाहिए, जो उन्हें रील्स के नकारात्मक प्रभावों के बारे में शिक्षित करें और उन्हें सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से सोशल मीडिया का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। सरकार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए शिकायत निवारण प्रणाली स्थापित करनी चाहिए, जो उपयोगकर्ताओं को रील्स की अनुचित सामग्री की रिपोर्ट करने और इसकी जांच करने में मदद करे।

**जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

## नीट घोटाले से लेकर आदिवासी हत्याकांड तक क्या संसद के मानसून सत्र में गूंजेगी जनता की पीड़ा?

भारतीय लोकतंत्र की नींव में संसद एक ऐसा स्तंभ है, जो न केवल विधायी प्रक्रिया का औपचारिक मंच है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक संवाद का केन्द्रबिंदु भी है। यह भवन केवल ईंट और पत्थरों से बना कोई स्थापत्य नहीं, बल्कि यह करोड़ों भारतीयों की आशाओं, आक्रोशों और आकांक्षाओं की जीवंत प्रतिध्वनि है। जब संसद का सत्र बुलाया जाता है, तो देश की चेतना वहीं सिमट आती है क्योंकि वहीं बैठकर हर जनता के सवालों की गूंज मिलती है और सत्ता को जवाबदेह ठहराया जा सकता है। 21 जुलाई 2025 से शुरू होने वाला संसद का मानसून सत्र इस मायने में बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सत्र एक ऐसे समय में हो रहा है जब देश के भीतर कई ज्वलंत प्रश्न उत्तर की तलाश में हैं, और लोकतंत्र की आत्मा पुनः संवाद की पुकार कर रही है। देश की राजनीतिक स्थिति इस समय संक्रमण के एक जटिल दौर से गुजर रही है। 2024 के आम चुनावों के बाद सत्ता पक्ष ने पूर्ण बहुमत प्राप्त किया है, किंतु विपक्ष ने भी पहली बार एक सुसंगठित और कुछ हद तक प्रभावी उपस्थिति दिखाई है। इंडिया गठबंधन के रूप में कई प्रमुख विपक्षी दलों ने एक मंच साझा करने की कोशिश की है, यद्यपि उनके भीतर नीतिगत मतभेद और नेतृत्व की अस्पष्टता बनी हुई है। ऐसे में संसद का यह सत्र केवल विधायी कार्यों की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संतुलन और विपक्ष की प्रभावशीलता के परीक्षण के रूप में भी देखा जा रहा है। मानसून सत्र को लेकर केंद्र सरकार द्वारा 21 जुलाई से 21 अगस्त तक की अवधि घोषित की गई है। यह पिछले सत्रों की तुलना में अपेक्षाकृत लंबा सत्र होगा, जिसमें सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश करने और कुछ विवादित संशोधनों को पारित करने की योजना बना रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संसद में डेटा संरक्षण विधेयक, नागरिकता संशोधन विधेयक से जुड़ी नई व्याख्याएं, और डिजिटल भारत से जुड़े मसौदे प्रस्तुत किए जा सकते हैं। साथ ही, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, चुनावी सुधार और पर्यावरण नीति जैसे संवेदनशील विषय भी चर्चा में लाए जा सकते हैं। लेकिन प्रश्न यह नहीं कि सरकार क्या लाना चाहती है, असली सवाल यह है कि क्या विपक्ष इस बार संसद में जनता की आवाज़ बन सकेगा? क्या वह सिर्फ नारों और वॉकआउट की राजनीति करेगा या फिर ठोस बहस और जन-प्रश्नों को सरकार के समक्ष दृढ़ता से रखेगा? इस सत्र की संवेदनशीलता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश इस समय कई स्तरों पर असंतोष और अस्थिरता का सामना कर रहा है। सबसे पहले बात करें शिक्षा और युवा भविष्य की तो नीट परीक्षा घोटाला इस समय राष्ट्रव्यापी चिंता का विषय बना हुआ है। लाखों छात्र जिन्होंने अपने जीवन के वर्षों को इस परीक्षा की तैयारी में लगाया, वे एक गहरे अवसाद और असहायता में डूबे हुए हैं। प्रश्नपत्र लीक, एजेंसी की लापरवाही, और राजनीतिक हस्तक्षेप जैसे आरोपों ने एनटीए जैसे संस्थानों की विश्वसनीयता को गहरी चोट पहुँचाई है। इस मुद्दे पर सरकार की प्रतिक्रिया असंतोषजनक रही है न कोई स्पष्ट जवाब, न कोई ईमानदार स्वीकारोक्ति, और न ही कोई संस्थागत सुधार का संकेत। ऐसे में विपक्ष की यह नैतिक और राजनीतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह इस प्रश्न को संसद में पूरी गंभीरता से उठाए। केवल सरकार पर आरोप लगाना पर्याप्त नहीं, बल्कि यह माँग की जानी चाहिए कि एक न्यायिक आयोग का गठन हो, जिससे शिक्षा तंत्र की समूची संरचना की जांच हो सके। दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा जो इस सत्र में चर्चा के केन्द्र में होना चाहिए, वह है पूर्णिया आदिवासी हत्याकांड। बिहार के पूर्णिया जिले के 'डांगाही' गाँव में हाल ही में हुई आदिवासी युवकों की नृशंस हत्या केवल एक स्थानीय अपराध नहीं, बल्कि यह आदिवासी अस्मिता, अधिकार और संवैधानिक संरक्षण पर सीधा हमला है। इस घटना के बाद न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश के आदिवासी समुदायों में असंतोष और डर का माहौल बना हुआ है। राज्य सरकार की प्रतिक्रिया ढुलमुल रही है, और केंद्र सरकार की चुप्पी उसे और अधिक घातक बनाती है। क्या संसद में यह प्रश्न उठेगा कि आदिवासियों के लिए संविधान के अनुच्छेद 244 और पांचवीं अनुसूची की वास्तविक स्थिति क्या है? क्या सरकारें केवल चुनावी वादों तक आदिवासी अधिकारों को सीमित रखना चाहती हैं, या संसद में सचमुच इस मुद्दे पर विधायी और नीति-आधारित बहस होगी? इसी तरह झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे आदिवासी बहुल राज्यों में जल-जंगल-जमीन से जुड़े अधिकारों पर सरकारी कंपनियों और कॉरपोरेट गठजोड़ों की पकड़ तेज़ी से बढ़ रही है। आदिवासी क्षेत्रों में विस्थापन, वनाधिकार अधिनियम के उल्लंघन और खनन के कारण हुए पर्यावरणीय विनाश जैसे मुद्दे बार-बार उठाए गए हैं, लेकिन संसद में इनकी गंभीरता से कोई सुनवाई नहीं होती। यदि इस मानसून सत्र में विपक्ष इस प्रश्न को प्रमुखता से नहीं उठाता, तो यह लोकतंत्र की उस आत्मा के साथ विश्वासघात होगा जिसने वंचितों को आवाज देने की बात कही थी।संसद के इस सत्र में सरकार जिस तरह से डिजिटल इंडिया के तहत नए नियमों और निगरानी प्रणालियों को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है, वह भी एक चिंताजनक संकेत है। डेटा संरक्षण विधेयक के नाम पर नागरिकों की निजता का हनन, सरकारी एजेंसियों को असीमित अधिकार और विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की जासूसी जैसी आशंकाएँ पहले से ही उठ रही हैं। पेगासस जासूसी कांड अब भी जनता के ज़हन में ताज़ा है, और अब यदि संसद में इस पर चर्चा नहीं होती, तो इसका अर्थ यही निकलेगा कि संसद भी अब सत्ता के उपकरण में तब्दील हो गई है।क्षमानसून सत्र की एक अन्य संवेदनशील धुरी है चुनावी फंडिंग और राजनीतिक पारदर्शिता का संकट। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में चुनावी बॉन्ड स्कीम को लेकर कई तीखे सवाल उठाए हैं। इन बॉन्ड्स के माध्यम से कारपोरेट द्वारा राजनीतिक दलों को दी गई चंदा राशि, चुनावी निष्पक्षता पर गहरा प्रश्नचिन्ह बन चुकी है। यह विषय केवल चुनाव आयोग या न्यायालय का नहीं यह संसद का विषय है। और यदि विपक्ष अब भी इस मुद्दे को हाशिए पर रखे, तो यह दर्शाता है कि वह भी इस व्यवस्था का ही भाग बन चुका है। इतिहास साक्षी है कि संसद में विपक्ष की भूमिका तब प्रभावी होती है जब वह वैकल्पिक नीति प्रस्तुत करता है, केवल विरोध के लिए विरोध नहीं करता। राममनोहर लोहिया, अटल बिहारी वाजपेयी, सोमनाथ चटर्जी और सीताराम येचुरी जैसे नेताओं ने विपक्ष को एक वैचारिक, सुसंस्कृत और नीतिगत शक्ति में परिवर्तित किया था। आज के समय में ऐसी ही विपक्ष की आवश्यकता है जो संसद को गतिरोध से बाहर निकाले और विचारों से सत्ता को चुनौती दे। विपक्षी एकता की बात करें तो इंडिया गठबंधन जैसी पहलें शुरुआती तौर पर जनभावनाओं को आकर्षित करती हैं, लेकिन गठबंधन का वास्तविक मूल्य तब साबित होता है जब वह संसद के भीतर सामूहिक रणनीति और मुद्दों की प्राथमिकता तय कर सके। क्या कांग्रेस, टीएमसी, आप, डीएमके, राजद और झामुमो जैसे दल संसद में समन्वयित होकर सरकार से सवाल पूछ पाएंगे? या फिर हर दल अपनी-अपनी भूमिका निभाकर केंद्र सरकार को विपक्ष-विहीन संसद का सुख दे देंगे? मानसून सत्र में यह भी देखा जाना चाहिए, कि क्या महिला आरक्षण, दलितों और पिछड़े वर्गों की भागीदारी, बेरोजगारी पर राष्ट्रीय नीति, महँगाई नियंत्रण और कृषि सुधार जैसे विषय एजेंडे पर होंगे। किसानों की आय दुगनी करने का वादा, युवाओं को करोड़ों नौकरियाँ देने का दावा और महँगाई दर को काबू में रखने का आश्वासन क्या इन सभी को संसद में तथ्यात्मक समीक्षा मिलेगी? इस समय संसद के भीतर एक और बड़ा सवाल है न्यायपालिका की स्वतंत्रता और संविधान की भावना की रक्षा का। कॉलेजियम प्रणाली, न्यायाधीशों की नियुक्ति, न्यायिक जवाबदेही, और सरकारी हस्तक्षेप के आरोपों के बीच न्यायपालिका और कार्यपालिका के संबंध लगातार तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। संसद में यह चर्चा अत्यंत आवश्यक है कि देश का संविधान और उसके मूल सिद्धांत धर्मनिरपेक्षता, संघवाद, सामाजिक न्याय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आज किस स्थिति में हैं। विशेषकर जब स्कूली पाठ्यक्रमों से संघवाद और धर्मनिरपेक्षता जैसे शब्दों को हटाने की कोशिशें हो रही हैं, तब संसद में यह बहस एक ऐतिहासिक जिम्मेदारी बन जाती है।यदि इस सत्र में विपक्ष केवल बहिर्गमन, तख्ती लहराने और स्थगन प्रस्तावों तक सीमित रहता है, तो न केवल उसका नैतिक आधार कमजोर होगा, बल्कि यह सत्ता पक्ष को बिना प्रश्नचिन्हों के एकछत्र शासन का अवसर भी देगा। लोकतंत्र की खूबसूरती उसके विरोध में है एक ऐसा विरोध जो शिष्ट, तार्किक, सुसंस्कृत और सिद्धांतों पर आधारित हो। भारत की संसद को केवल एक 'नियम पास करने वाली संस्था' नहीं, बल्कि एक विचारमंथन स्थल के रूप में पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है। अंततः यही कहा जा सकता है कि इस बार मानसून सत्र की परीक्षा केवल सरकार की नहीं, बल्कि विपक्ष की भी है। सत्ता पक्ष एजेंडे को आगे बढ़ाना चाहेगी। यह उसकी प्रकृति है। लेकिन क्या विपक्ष राष्ट्र की पीड़ाओं को संसद में अनुगूंजित कर सकेगा? क्या वह देश की जनता को यह विश्वास दिला सकेगा कि वह केवल हारने वाला दल नहीं, बल्कि न्याय और संवैधानिक चेतना का प्रहरी है? अगर संसद में जनता की आवाज़ नहीं गूँजेगी, तो वह आवाज़ सड़कों, कविताओं, आंदोलनों, जेलों और अंततः इतिहास में गूंजेगी।

**हंसराज चौरसिया**

# दैनिक राशिफल






**डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय जी**
**ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ**

**मेष**–आज विवेक का प्रयोग करें। समस्याएं कम होंगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृष**–आज नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्वास्थ्?य संबंधी चिंता बनी रहेगी। आशंका व कुशंका रहेगी। कार्य में बाधा संभव है। उत्साह बना रहेगा।

**मिथुन**–आज कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें। नौकरी में चैन रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क**–आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों से कहासुनी हो सकती है। भागदौड़ होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। लाभ के लिए प्रयास करें।

**सिंह**–आज वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कन्या**–आज नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनहानि हो सकती है। सावधानी आवश्यक है। थकान महसूस होगी।

**तुला**–आज घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक**–आज कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। किसी व्यक्ति के काम की जवाबदारी न लें। स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा। कार्यकुशलता कम होगी।

**धनु**–आज अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं। कोई बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। लेन-देन में सावधानी रखें।

**मकर**–आज फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। जोखिम न लें।

**कुंभ**–आज प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि में जल्दबाजी न करें। लाभ होगा।

**मीन**–आज एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी। विवाद से स्वाभिमान को चोट पहूंच सकती है। काम में मन नहीं लगेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी।

# संपादकीय

## युवा और जनसंख्या- नीति, नैतिकता और नेतृत्व की कसौटी पर

21वीं सदी का भारत एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है ।एक ओर तीव्र जनसंख्या वृद्धि की चुनौती है, तो दूसरी ओर सबसे युवा देश होने का गौरव। यह विरोधाभास देश के सामने प्रश्न खड़ा कर रहा है कि क्या यह जनसंख्या भारत के लिए बोझ है, या सही नीति, नैतिकता और नेतृत्व के साथ यह भारत के लिए सबसे बड़ी संपदा बन सकती है? भारत की वर्तमान जनसंख्या लगभग 1.43 अरब है, जिसमें लगभग 65त्न आबादी 35 वर्ष से कम आयु के युवाओं की है। यही जनसांख्यिकीय संरचना भारत को "विश्व का सबसे युवा राष्ट्र"बनाती है। लेकिन किसी भी राष्ट्र के लिए जनसंख्या केवल संख्या नहीं होती, अपितु यह सामाजिक, आर्थिक और नैतिक जिम्मेदारी भी होती है। यदि यह युवा शक्ति दिशा, दृष्टि और दायित्व से जुड़ जाए, तो यह जनसंख्या संकट नहीं, जन-संपदा बन सकती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे कई अभियानों ने यह स्पष्ट संकेत दिये हैं कि भारत अपनी युवा शक्ति को केंद्र में रखकर भविष्य की रूपरेखा तैयार कर रहा है। लेकिन नीति का वास्तविक मूल्यांकन क्रियान्वयन से होता है। क्या ये योजनाएं युवाओं तक सही रूप में पहुँच पा रही हैं? क्या ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों का युवा इन योजनाओं का लाभ उठा पा रहा है? प्रशासन को देखना होगा। सिर्फ नीति बनाना पर्याप्त नहीं, उसे समावेशी, सुलभ और नैतिक रूप से प्रेरित बनाना भी आवश्यक है। नीति का जनसंख्या के साथ संवाद और सहभागिता के स्तर पर जुड़ना भी जरूरी है।

नैतिकता की कसौटी पर यह भी समझना होगा कि क्या आज का युवा केवल अपने अधिकारों की बात करना जानता है या दायित्व और कर्तव्य भी समझते हैं? डिजिटल सशक्तिकरण और वैश्विक संवाद के दौर में आज का युवा अधिक मुखर, स्वतंत्र और आत्मकेंद्रित हो गया है। वह पर्यावरण, लैंगिक समानता, भ्रष्टाचार और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों को लेकर सजग है, जो सकारात्मक संकेत हैं। परंतु तकनीक की अति, सोशल मीडिया की लत, त्वरित संतोष की मानसिकता और पारिवारिक मूल्यों से दूरी जैसी प्रवृत्तियाँ एक गहरी नैतिक शून्यता की ओर संकेत कर रही हैं। केवल 'स्वतंत्रता' का भाव यदि 'उत्तरदायित्व' से जुड़ा न हो, तो जनसंख्या विस्फोट के साथ सामाजिक विघटन की भी आशंका बढ़ा सकती है। युवाओं को यह समझाने की आवश्यकता है कि स्व-अनुशासन, संयम, और सामाजिक चेतना, जनसंख्या नियंत्रण के सबसे प्रभावी माध्यम हैं। कानून और अभियान तभी सफल होते हैं जब वे नैतिक चेतना से पोषित हों। नेतृत्व की कसौटी पर क्या आज के युवा स्वयं को नेतृत्व के लिए तैयार कर रहे हैं? प्रश्न भी आज के समय में महत्वपूर्ण हो जाता है। हर पीढ़ी का मूल्यांकन केवल उसकी संख्या से नहीं, बल्कि उसके नेतृत्व कौशल और दृष्टिकोण से होता है। आज की पीढ़ी स्टार्टअप्स, नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फ्रीलांसिंग और सोशल एंटरप्रेन्योरशिप में नई राहें बना रही है। 'ग्लोकल' सोच– अर्थात स्थानीय जड़ों के साथ वैश्विक दृष्टिकोण, इसकी पहचान बन चुकी है जो अच्छे संकेत है।किन्तु नेतृत्व केवल आर्थिक या तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं होना चाहिए। सामाजिक नेतृत्व भी आवश्यक है,वो भी ऐसा जो संवाद, सहानुभूति और दायित्व को लेकर चले।तभी सही अर्थों में जनसंख्या को राष्ट्र-निर्माण की ऊर्जा में रूपांतरित किया जा सकता है।

युवाओं को चाहिए कि वे अपने आपको नेतृत्व के लिए तैयार करें–अपने विचारों, कार्यों और जीवनशैली से। किन्तु यह ध्यान रखें कि नेतृत्व तब ही प्रभावशाली होता है जब वह अनुकरणीय हो। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि यदि आज की युवा पीढ़ी संयम, संवाद और सजगता के साथ आगे बढ़े, यदि नीति-निर्माता उसे नैतिक और व्यवहारिक शिक्षा से सशक्त करें, और यदि समाज नेतृत्व के लिए उसे मंच दे, तो भारत की यह जनसंख्या न केवल चुनौती को अवसर में बदलेगी, बल्कि देश को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में अग्रसर करेगी। वैसे भी आज का भारत वैश्विक नेतृत्व के लिए कृत संकल्पित दिखाई देता है। किन्तु यह समझना भी आवश्यक है कि सीमित संसाधनों वाले देश में जनसंख्या नियंत्रण पर ध्यान देना भी जरूरी है और यह भी स्पष्ट है कि जनसंख्या नियंत्रण किसी एक उपाय से नहीं, बल्कि नीति की समग्रता, नैतिकता की चेतना और नेतृत्व की प्रतिबद्धता से संभव है।

**डॉ मनमोहन प्रकाश**

## आधार और पैन कार्ड निजी जीवन की सुविधा या गोपनीयता भंग होने का खतरा

हिंदुस्तान की आबादी की 141 करोड़ जनसंख्या में से 120 करोड़ जनमानस के पास है। यह आंकड़े सरकार के पास भी जो अक्सर यह संदेह पैदा करतें है कि इसका कही दुरुपयोग होकर, कहीं आपके निजी जीवन में हस्तक्षेप तो नहीं किया जा रहा है। सरकार द्वारा समस्त शासकीय सुविधाओं की प्राप्ति के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं मोबाइल सिम के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता लागू कर दी गई है। यह बात तो सर्वविदित है कि मोबाइल में सिम कार्ड लेते वक्त आधार कार्ड की अनिवार्यता राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण तो है ही पर इसमें कभी-कभी यह आशंका भी होने लगती है कि भारत में निवास करने के लिए आधार के रूप में निजी जीवन में कहीं दखलअंदाजी तो नहीं है अथवा व्यक्ति के जीवन में उसकी निजता पर प्रहार तो नहीं है। चूंकि आधार कार्ड व्यक्ति की निजी पहचान को अपने में सम्मिलित करता है और इसकी अनिवार्यता से व्यक्ति की निजी पहचान का दुरुपयोग हो सकता है। व्यक्ति कहां क्या गतिविधियां कर रहा है यह आधार की अनिवार्यता के साथ सरकार के पास सारी जानकारी उपलब्ध हो जाती है, जिससे सरकार द्वारा अथवा डाटा संग्रहण केंद्र के माध्यम से किसी भी हैकर द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है ।जो व्यक्तिगत इच्छा के विपरीत है और यदि सरकार आधार से संबंधित आंकड़े किसी अन्य पक्ष के साथ साझा करती है तो इसके दुरुपयोग की संभावना प्रबल हो जाती है। आधार कार्ड के दुरुपयोग की दूसरी समस्या इसके राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में उपयोग किए जाने की भीतर हो सकती है। राजनीति में सत्ता पक्ष की जितनी भूमिका होती है विपक्ष की भूमिका उससे अधिक होती है। आधार कार्ड के आंकड़ों के माध्यम से कोई भी सत्ता पक्ष, विपक्ष की इस भूमिका को सीमित करने का प्रयास कर सकता है। आधार कार्ड की अनिवार्यता के साथ विपक्षी राजनेताओं के संवादों को टेप कर रणनीति का पूर्वानुमान लगाना सत्ता पक्ष की मंशा हो सकती है,इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। पर इसके कई फायदे भी हैं ,आधार कार्ड की पैन कार्ड में अनिवार्यता ने वर्षो से टैक्स की छूट ले रहे फर्जी पैन कार्ड धारकों के हितों में चोट तो की है। इससे सरकार के कर संग्रहण में बढ़ोतरी होने से योजनाओं के लिए धन आवंटन एवं भौतिक सामाजिक निवेश में वृद्धि होगी। आधार कार्ड की अनिवार्यता से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता नहीं बढ़ाया जा सकता है क्योंकि इससे सरकार के पास वास्तविक सफलता के आंकड़े भी उपलब्ध होंगे जो बेहतर नीति निर्माण के लिए सहायक भी होगी। विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि भले ही निजता का अधिकार मौलिक अधिकार हो किंतु सरकार द्वारा जनकल्याण के कार्यो के लिए उसका अतिक्रमण किया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक सरकार का प्रथम एवं अंतिम उद्देश्य लोक कल्याणकारी रूप में स्वयं को स्थापित करना है। यदि लोक कल्याण के लिए सरकार व्यक्तियों के आंकड़ों का संग्रहण करती है उसे उचित माना जाना चाहिए। शर्त यह है कि सरकार विधि सम्मत स्थापित कर दें कि उन एकत्रित आंकड़ों का दुरुपयोग कि किन्ही भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। व्यक्ति की निजता एक अखंडनिय अधिकार है, किंतु इसकी निरंतरता के लिए सरकार का सहयोग अपनी कर्तव्यनिष्ठा का पालन भी आवश्यक है। व्यक्ति को चाहिए कि वर्तमान डिजिटल युग के खतरों को भांपते हुए निजी पहचान को किसी भी अनाधिकृत वेबसाइट अथवा व्यक्ति को देने से बचें क्योंकि निजता का वास्तविक खतरा उससे है,ना कि सरकार के आंकड़ों के संग्रहण से है। आंकड़ों की उपलब्धता सरकार के लिए अत्यंत आवश्यक भी है और अनिवार्य भी है। किंतु सरकार को यह आश्वासन देना होगा कि एकत्रित आंकड़ों का किन्हीं भी परिस्थितियों में दुरुपयोग नहीं किया जाएगा और व्यक्ति की निजता पर किसी तरह की आंच आने की संभावना नहीं होगी। आज इंटरनेट हमें देख रहा है हमारी प्रत्येक गतिविधि पर नजर है, कल टीवी पर भी हमें देखेगा हमारी सूचियों की जानकारी रखेगा इससे यह लाभ होगा कि हमारा जीवन सरल हो जाएगा किंतु कीमत होगी हमारी निजता की इस पर खतरा ना हो तो सारी सुविधाएं मानवीय पहलुओं को सहायता करना ही है। आज के डिजिटल युग में हमें किसी किसी भी साइट अथवा किसी भी चैनल को अपना आधार कार्ड नंबर तुरंत नहीं बताना चाहिए इससे साइबर अपराध को बढ़ोतरी मिलती है एवं धन हानि की संभावना ज्यादा होने लगेगी।

**संजीव ठाकुर**

## ट्रम्प की ब्रिक्स को धमकी

ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का घोषणा पत्र जारी होते ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों से जुड़ने वाले देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी है। यह धमकी ऐसे वक्त में आई है जब अमेरिका सरकार टैरिफ लगाने की समय सीमा से पहले कई देशों के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की तैयारी कर रही है, जिसमें भारत भी शामिल है। ट्रम्प की धमकी के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डीसिल्वा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और दो-टूक शब्दों में कहा है कि ''दुनिया बदल गई है हमें कोई सम्राट नहीं चाहिए।'' ब्रिक्स आर्थिक दृष्टिकोण से दुनिया को संगठित करने का दूसरा तरीका खोज रहा है। यही कारण है कि ब्रिक्स ट्रम्प को असहज कर रहा है।

ब्रिक्स वैश्विक व्यापार में अमेरिकी डॉलर का विकल्प ढूंढ रहा है। चीन ने भी ट्रम्प की धमकी पर संतुलित प्रतिक्रिया व्यक्त की है लेकिन अन्य देशों ने ट्रम्प का विरोध किया है। फरवरी में ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर ब्रिक्स अमेरिकी डॉलर की भूमिका को कम करने की कोशिश करेगा तो उन्हें 100 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। ट्रम्प की धमकी का असर भारत पर भी पड़ेगा। अब सवाल यह है कि ट्रम्प ब्रिक्स को निशाना क्या बना रहे हैं। इस साल अमेरिकी करैंसी डॉलर की कीमत में तगड़ी ?गिरावट आई। अमेरिकी अर्थव्यस्था में सुस्ती के कारण ट्रम्प को लगता है कि हर कोई उसके खिलाफ साजिश कर रहा है। रियो घोषणापत्र में 'वैश्विक शासन में सुधार करने' से लेकर 'अंतर्राष्ट्रीय स्थिरता' पर बात की गई है। इसके साथ ही इसमें एकतरफा टैरिफ और नॉन-टैरिफ जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई है। ऐसा माना जा रहा है कि घोषणापत्र में इसी मुद्दे को लेकर डोनाल्ड ट्रम्प ने टैरिफ लगाने की धमकी दी है। हालांकि घोषणा पत्र में अमेरिका का नाम नहीं लिया गया है। रियो घोषणा पत्र में कहा गया है कि ब्रिक्स राष्ट्र एकतरफा टैरिफ और नॉन-टैरिफ उपायों के बढ़ते इस्तेमाल पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं, ये उपाय व्यापार के तरीके को बिगाड़ रहे हैं और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों का उल्लंघन करते हैं। इसके अलावा घोषणा पत्र में ये भी कहा गया है कि एकतरफा बलपूर्वक उपाय लागू करना अन्तर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है और एकतरफा आर्थिक प्रतिबंध जैसी कार्रवाइयों का हानिकारक असर पड़ता है। बयान में डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुसार व्यापार की वकालत की गई है, साथ ही बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की बात की गई है। ब्रिक्स समूह ऐसी बैंकिंग व्यवस्था की बात करता है जो डॉलर के समानांतर हो। यह भी एक कारण है कि ट्रम्प सख्त रुख अपनाए हुए है। ट्रम्प की धमकी भारत के लिए भी परेशानी का सबब बन सकती है और भरात ने भी ब्रिक्स घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें अमेरिकी टैरिफ की आलोचना की गई है।

हालांकि ट्रम्प ने 14 देशों पर नए सिरे से टैरिफ का ऐलान करते हुए भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर कहा है कि वे भारत के साथ सौदे के करीब हैं। ट्रम्प ने नया टैरिफ लगाने की समय सीमा एक अगस्त तक बढ़ा दी है लेकिन अब भारत के पास 1 अगस्त तक का समय है। भारत चाहता है कि ये टैरिफ नहीं लगे लेकिन इसके लिए अमेरिका चाहता है कि भारत उसके कृषि और डेयरी उत्पादों को अपने बाजार में ज्यादा जगह दे। जानकार सूत्रों के मुताबिक भारत की ओर से अमेरिका के पेकान नट्स, ब्लूबेरी और कुछ अन्य कृषि उत्पादों पर शुल्क घटाने की पेशकश की गई है। पशुओं के चारे पर भी भारत कुछ छूट देने को तैयार है और साथ ही ऑटोमोबाइल और व कुछ औद्योगिक उत्पादों पर भी शुल्क में रियायत दे सकता है।

हालांकि अमेरिका चाहता है कि भारत उसके डेयरी उत्पादों, जेनेटिकली मॉडिफाइड यानी जीएम फसलों खास कर मक्का और सोयाबीन, सेब, बादाम, पिस्ता जैसे कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम करे। जानकार सूत्रों का कहना है कि भारत मक्का, सोयाबीन या चावल, गेहूं जैसे अमेरिकी जीएम उत्पादों को कम शुल्क पर भारत में बेचने की इजाजत नहीं दे सकता है। इससे भारतीय किसानों के लिए अपने उत्पाद बेच पाना मुश्किल हो जाएगा। इसके बावजूद बताया जा रहा है कि अमेरिका से वार्ता चल रही है और एक मिनी ट्रेड डील की घोषणा जल्दी ही हो सकती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर बेड पर मिला युवक का शव

●विषाक्त पदार्थ खाने से मौत की जताई जा रही आशंका, जांच में जुटी पुलिस व फोरेंसिक टीम





स्वतंत्र प्रभात

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत निपनिया टोला कारीडिह निवासी विष्णु पुत्र रामचंद्र विश्वकर्मा का शव बुधवार को उसके कमरे में बेड पर संदिग्ध परिस्थिति में मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि पुलिस व फोरेंसिक टीम का मानना है कि विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की मौत हुई होगी।जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत निपनिया टोला कारीडिह निवासी विष्णु विश्वकर्मा (33) रोज की भांति मंगलवार की रात भोजन करके अपने कमरे में सोने चला गया। वहीं बुधवार की सुबह करीब दस बजे तक विष्णु कमरे से बाहर नहीं निकला तो मृतक का छोटा भाई किशुन विश्वकर्मा आवाज देते हुए दरवाजा खटखटाने लगा। जब कोई प्रकिया नहीं मिली तो उसने परिजन, ग्राम प्रधान व अन्य पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची परसामलिक पुलिस ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर कमरे में प्रवेश किया। कमरे में देखा कि विष्णु का शव बेड पर पड़ा हुआ था। पुलिस की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। वहीं पुलिस व फोरेंसिक टीम के मुताबिक विषाक्त पदार्थ खाने से युवक के मौत का अंदेशा जताया जा रहा है। वैसे पुलिस व फोरेंसिक टीम हर पहलू पर गहनता से जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक युवक की शादी 10 वर्ष पूर्व परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोहरगड्डी निवासी इंदर प्रसाद विश्वकर्मा की बेटी रेनू विश्वकर्मा के साथ हुई थी। मृतक के छोटे भाई किशुन विश्वकर्मा के मुताबिक 20 दिन पूर्व मृतक विष्णु व पत्नी रेनू के बीच कहासुनी हुई थी जिसके बाद पत्नी नाराज होकर अपने मायके चली गई। पत्नी के मायके चले जाने के बाद से मृतक विष्णु उदास रहता था। मृतक युवक की चार बहनें व दो भाई थे। मृतक विष्णु बहनों व भाईयों में दूसरे नम्बर का था। विष्णु के मौत से पत्नी रेनू विश्वकर्मा व बहन किरन, कुशुम, लाली, सुषमा तथा भाई किशुन विश्वकर्मा का रो-रोकर बुरा हाल है।इस सम्बन्ध में परसामलिक प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय का कहना है कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर बेड पर मृत पड़े युवक को बाहर निकाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच पड़ताल में फोरेंसिक टीम भी लगी है। प्रथम दृष्ट्या विषाक्त पदार्थ खाने से मौत का अंदेशा जताया जा रहा है।

## पार्षद अधिकारी कर्मचारियों ने लगाए अपनी मां के नाम से एक पेड़

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** नगर निगम द्वारा ÷वृक्षारोपण 2025÷ अभियान के अंतर्गत बुधवार को ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान की शुरुआत हर्षोल्लास एवं जन-भागीदारी के साथ की गई। महापौर श्री प्रशांत सिंघल,कोल विधायक अनिल पाराशर और नगर आयुक्त श्री प्रेम प्रकाश मीणा ने इस ऐतिहासिक अभियान का शुभारंभ दौलेरा निरपाल, मथुरा रोड स्थित वृक्षारोपण स्थल पर किया, जहाँ 5000 से अधिक पौधों का रोपण किया गया।अभियान की सबसे अनूठी पहल रही, एक पेड़ माँ के नाम जिसके अंतर्गत महापौर प्रशांत सिंघल ने अपनी माता सुनीता विधायक कोल अनिल पराशर ने अपनी माता शारदा देवी के नाम एक पौधा रोपित किया, वहीं नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अपनी माता सुरुपि देवी अपर नगर आयुक्त राकेश यादव ने अपनी माता महराज यादव के नाम पेड़ लगाकर एक मार्मिक उदाहरण प्रस्तुत किया।नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा आज का दिन मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बेहद खास है मैंने अपनी माता के नाम का पेड़ लगाया है और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आज यह संकल्प दिलाया गया है कि वे रोपित पौधों को गोद लें, और उनकी परवरिश अपने बच्चों की तरह करें तभी यह अभियान सफल होगा।महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा हम सब यदि एक पेड़ अपनी माँ के नाम रोपित करें और उसे संतान की तरह पालें, तो न केवल पर्यावरण को बचाया जा सकता है, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव से यह अभियान जन-आंदोलन में बदल सकता है। हमारा सपना है , हर घर स्वच्छता, हर घर हरियाली-ग्रीन अलीगढ़ क्लीन अलीगढ़ है।विधायक कोल अनिल पाराशर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक पेड़ मां का नाम अभियान एक भागीरथी अभियान है और संपूर्ण देश में यह भागीरथी अभियान अब जन आंदोलन का रूप ले रहा है।इन लोगों ने लगाए पेड़ महापौर प्रशांत सिंघल कोल विधायक अनिल पाराशर नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा पार्षद योगेश सिंघल बॉबी कुमार,आजाद सिंह, नीलम



संजय शर्मा अरविंद बघेल अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, उप नगर आयुक्त अमित कुमार सिंह सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह महाप्रबंधक जल पीके सिंह मुख्य अभियंता सुरेश चंद्र नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार पशु कल्याण अधिकारी डॉ राजेश वर्मा कर निर्धारण अधिकारी आरपी सिंह , कर अधिक्षक बेचैन सिंह विशाल सिंह एसएफआई विशन सिंह प्रदीप पाल योगेंद्र यादव रामजीलाल अध्यक्ष संजय सक्सेना देश दीपक अहसान रब अर्बन हैड अहसान सैफी सतीश चंद्र प्रेम बाबू सुबोध शर्मा, संदीप जोशी विनय आबाद डॉ तरुण शर्मा समेत अनेको अधिकारी/कर्मचारी ने एक-एक पेड़ अपनी मां व अपने नाम का लगाया

## खबर का असर:- स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी से फर्जी डॉक्टर फरार, बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था क्लीनिक

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** शहर में फर्जी चिकित्सकों और अवैध क्लीनिकों के खिलाफ लगातार प्रकाशित हो रही खबरों के बाद आखिरकार स्वास्थ्य विभाग की टीम नींद से जाग गई है और फर्जी अस्पताल के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। क्वार्सी क्षेत्र के निशात बाग में स्थित एक कथित क्लिनिक पर जब विभाग की टीम ने दबिश दी तो क्लिनिक संचालक मौके से फरार हो गया है। यह फर्जी क्लिनिक क्वार्सी क्षेत्र के धौर्रा बाईपास रोड स्थित गरीब नवाज मस्जिद के सामने 24 फुटा रोड, निशात बाग, क्वार्सी में डॉ. आमिर मालिक के नाम से संचालित किया जा रहा था। क्लिनिक के बाहर बड़े-बड़े बोर्ड लगे हुए थे जिन पर खुद को "फिजियोथेरेपिस्ट" बताया गया था, लेकिन अंदर जांच करने पर अंग्रेजी दवाइयों से इलाज और पैथोलॉजी जैसी गतिविधियाँ संचालित होती पाई गई।

**पहले भी हो चुकी है शिकायत, फिर भी चल रहा था अवैध अस्पताल**

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्लिनिक की शिकायत पहले भी स्वास्थ्य विभाग से की गई थी। कार्रवाई की भनक मिलते ही डॉ. आमिर मालिक क्लिनिक बंद कर फरार हो जाता था। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। जैसे ही विभागीय टीम ने इलाके में प्रवेश किया, आरोपी डॉक्टर क्लिनिक का शटर गिराकर मौके से भाग निकला।



**बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था पूरा अस्पताल**

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर क्लिनिक की पूरी जांच की। टीम के अनुसार, उक्त अस्पताल का किसी भी प्रकार का वैध रजिस्ट्रेशन नहीं है। न तो उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल से यह पंजीकृत है और न ही स्वास्थ्य विभाग के पास इस अस्पताल के संचालन से संबंधित कोई आधिकारिक दस्तावेज मौजूद हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया यह अस्पताल पूरी तरह अवैध रूप से संचालित हो रहा था। संचालक के पास न मेडिकल डिग्री है, न पंजीकरण। जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। जल्द ही एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।" स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने प्रशासन से मांग की है कि अलीगढ़ में ऐसे फर्जी डॉक्टरों की एक सूची तैयार की जाए और नियमित अभियान चलाकर इन पर रोक लगाई जाए। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों को बख्शा नहीं जाएगा। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी इलाज से पहले डॉक्टर का पंजीकरण और क्लिनिक के दस्तावेजों की जानकारी जरूर लें।

**निष्कर्ष:** यह घटना एक बार फिर इस बात की पुष्टि करती है कि स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर किस तरह अलीगढ़ जैसे शहरों में लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद प्रशासन ऐसे फर्जी क्लीनिकों पर कितनी गंभीरता से शिकंजा कसता है। वहीं शहर विधायक मुक्त राजा ने भी मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी नीरज त्यागी पर गंभीर आरोप लगाए हैं और एक चिट्ठी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखी है उसमें विधायक मुक्ता संजीव राजा ने कहा है कि अलीगढ़ का स्वास्थ्य विभाग लगातार फर्जी अस्पतालों से रुपए ऐंठ रहे हैं, जनता बेहद दुखी है जो जान माल से अलीगढ़ की जनता के साथ विश्वास घात हो रहा है।

## श्रीभूमि जिला में भी भारत बंद का असर और इसका प्रभाव देखा गया





स्वतंत्र प्रभात

भारत बंद के लिये दस श्रमिक संगठनों की अपील पर 24 घंटे के बंद के दिन श्रीभूमि जिला में भी इसका प्रभाव देखा गया। श्रीभूमि मोटर चालक समिति ने इस बंद का समर्थन करते हुए आज 9 जुलाई सुबह से शहर की राजपथ पर विभिन्न नारे लगाते हुए तीव्र विरोध प्रदर्शन किया। आज के इस बंद के कारण श्रीभूमि के सभी सड़कें वीरान हो गई, इस बंद का समर्थन करते हुए श्रीभूमि जिले के सभी वाहन चालक इस हड़ताल का समर्थन करने के लिए सड़क पर विरोध प्रदर्शन करते हुए देखे गए। इस बंद की लिए लोगो ने काफी कठिनिया का समाना करना पड़ा।

## मां की ममता और पेड़ो की छाया एक समान - विनय जायसवाल



स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** पड़रौना नगर के प्रतिष्ठित श्री पिंजरा पोल गौशाला परिसर में आज "एक पेड़ माँ के नाम"कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस भावनात्मक और पर्यावरणीय संदेश से ओत-प्रोत अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नगरवासियों और गौसेवा से जुड़े कर्मठ जनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण ही नहीं, बल्कि मातृत्व की भावना को प्रकृति से जोड़ना था। माँ की ममता और पेड़ों की छाया दोनों ही जीवनदायिनी होती हैं – इसी भावना के तहत सभी ने अपने माताओं के सम्मान में एक-एक पौधा लगाकर संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखरेख उसी भाव से करेंगे जैसे माँ अपने बच्चों की करती हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनय जायसवाल जी ने अपने उद्बोधन में कहा, "इस अभियान से हम न केवल हरियाली बढ़ा रहे हैं, बल्कि माँ की ममता और प्रकृति की सुरक्षा को जोड़ते हुए एक नई सामाजिक चेतना का निर्माण कर रहे हैं। गौशाला जैसे पवित्र स्थल पर वृक्षारोपण करना सौभाग्य की बात है।"अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य भावी पीढ़ियों को एक उचित पर्यावरण प्रदान करना है साथ ही सतत विकास की अवधारणा को धरातल पर लागू करना है। कार्यक्रम के दौरान पीपल, नीम, आम, सहजन, अर्जुन आदि छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए। सभी सहभागियों को पौधों की नियमित देखभाल व संरक्षण की जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम का समापन गौशाला के गौमाताओं के दर्शन और सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। साथ में जिला प्रचारक अभय अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल ईओ संतराम सरोज प्रदीप गोयल अशोक अग्रवाल मीनू जिंदल विमल कसेरा अनिल सिंघल धर्मेंद्र जायसवाल ब्रजेश शर्मा बिपिन जायसवाल आकाश वर्मा राजेश कुशवाहा शिव मद्धेशिया सुशील जायसवाल भगत यादव मंथन सिंह शैलेश गुप्ता सन्नी मिश्रा मनीष सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मोदी के आर्थिक सुधारों के खिलाफ भारतीय कामगार एक दिन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सरकारी कंपनियों के निजीकरण और अन्य आर्थिक सुधारों के प्रयासों के विरोध में बुधवार को भारत भर में लाखों कर्मचारी देशव्यापी हड़ताल पर चले गए , जिससे सार्वजनिक सेवाएं और विनिर्माण आंशिक रूप से बाधित हुए। मजदूरों का प्रतिनिधित्व करने वाले 10 प्रमुख ट्रेड यूनियनों और किसानों व ग्रामीण श्रमिकों के लिए बोलने वाले कई अन्य समूहों के गठबंधन ने एक दिवसीय औद्योगिक कार्रवाई का आह्वान किया, जिसे

हड़तालों को आयोजित करने में मदद करने वाली यूनियनों का कहना है कि कई राज्यों में कोयला खनन कार्य रुक गया, जबकि प्रदर्शनकारियों द्वारा नेटवर्क अवरुद्ध करने के कारण कुछ रेलगाड़ियां रुक गई, तथा बैंकों, बीमा कंपनियों और सुपरमार्केट में कामकाज बाधित हुआ।

प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने खबर दी है कि पूर्वी भारत के ओडिशा राज्य में कुछ क्षेत्रों में यातायात रुका हुआ है, जबकि दक्षिणी राज्य केरल में दुकानें, कार्यालय और स्कूल बंद हैं तथा सड़कें सुनसान दिख रही हैं। नई दिल्ली में प्रदर्शनकारियों ने श्रम कानूनों को रद्द करने की मांग करते हुए तख्तियां ले रखी थीं और ÷हमारे रेलवे को बेचना बंद करो" और "ट्रेड यूनियनों के अधिकारों का उल्लंघन मत करो" जैसे नारे लगाए।

छात्र कार्यकर्ता आइशी घोष ने कहा, "आपको किसी भी दिन नौकरी से निकाला जा सकता है। इस देश और इस समाज में आपके श्रम का कोई मूल्य नहीं है।"घोष ने कहा कि बहुत से प्रवासी मज़दूर और कर्मचारी अपने गाँवों से दूसरी जगहों पर काम करने जाते हैं, और उन्हें मनमाने ढंग से नौकरी से निकाल दिया जाता है। उन्होंने कहा,"सरकार को कभी एहसास नहीं होता कि मज़दूरों को इसकी वजह से कितनी तकलीफ़ उठानी पड़ती है।"

एक अन्य प्रदर्शनकारी मैमूना मोल्ला ने कहा कि सरकार को श्रमिकों के अधिकारों के लिए काम करना चाहिए और संविदात्मक नौकरियों की तुलना में अधिक औपचारिक रोजगार के अवसर पैदा करने चाहिए।

प्रमुख ट्रेड यूनियनों से जुड़े भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के कार्यकर्ता राजेंद्र प्रथोली ने सरकार पर सुधारों के बहाने श्रमिकों के लाभ छीनने का आरोप लगाया।प्रथोली ने बिना विस्तार से बताए कहा, "मजदूरों के काम के घंटे और वर्षों के संघर्ष के बाद उन्हें नौकरी में जो लाभ मिलते थे, वे सभी लाभ सरकार ने पूंजीपतियों और उद्योगपतियों को दे दिए हैं।" सरकार ने हड़ताल पर औपचारिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। वह आमतौर पर यूनियनों के दावों को खारिज कर देती है। मज़दूरों की माँगों में वेतन में वृद्धि, सरकारी कंपनियों का निजीकरण रोकना, नए श्रम कानूनों को वापस लेना और सरकारी क्षेत्र में रिक्त पदों को भरना शामिल है। किसान समूह यह भी चाहते हैं कि सरकार गेहूँ और चावल जैसी फसलों के न्यूनतम खरीद मूल्य में वृद्धि करे।

मोदी सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्रों को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए खोल दिया है और स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए अरबों डॉलर के वित्तीय प्रोत्साहन दिए हैं। घाटे में चल रही सरकारी कंपनियों के निजीकरण के ज़रिए बजट घाटे को पाटने का भी लक्ष्य रखा है और नए श्रम कानून लागू किए हैं जो मज़दूरों को उच्च वैधानिक न्यूनतम मज़दूरी, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा का वादा करते हैं।हालाँकि, ट्रेड यूनियनें इससे सहमत नहीं हैं और चाहती हैं कि नए कानूनों को रद्द कर दिया जाए। हड़ताल में भाग लेने वाली प्रमुख यूनियन अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की महासचिव अमरजीत कौर ने कहा, "सरकार श्रम सुधारों के माध्यम से व्यापार करने में आसानी के नाम पर श्रमिकों को दबाने का इरादा रखती है।"

भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीआईटीयू) के महासचिव तपन सेन, जो कम्युनिस्ट पार्टी से संबद्ध है और हड़ताल का आह्वान करने वाले समूह का एक प्रमुख ट्रेड यूनियन है, ने कहा कि उन्हें रिपोर्ट मिली है कि प्रदर्शनकारी कर्मचारी कई राष्ट्रीय राजमार्गों और रेल मार्गों को अवरुद्ध कर रहे हैं। सेन ने कहा, "ज़्यादातर राज्यों में कोयला खनन कार्य ठप हो गया है। बैंकिंग, बीमा, विनिर्माण और पेट्रोलियम रिफाइनरियों की सेवाएँ भी प्रभावित हुई हैं।"

दक्षिणी राज्य तमिलनाडु के एक प्रमुख ट्रेड यूनियन नेता ए. सुंदरराजन ने बताया कि पुलिस ने बुधवार को लगभग 30,000 प्रदर्शनकारी मज़दूरों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि कई कंपनियों में विनिर्माण गतिविधियाँ भी प्रभावित हुई हैं। हड़ताल ने केरल में बंद का रूप ले लिया क्योंकि सेवाओं के बंद होने से निजी और सार्वजनिक रेलगाड़ियाँ और लंबी दूरी की सेवाएँ लगभग ठप हो गईं, जिससे सैकड़ों यात्रियों को असुविधा हुई। पश्चिम बंगाल के कई ज़िलों में वामपंथी कार्यकर्ताओं और पुलिस और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प के बाद राज्य के विभिन्न इलाकों से हिंसा की खबरें आईं, जबकि सामान्य जनजीवन सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए।

**तमिलनाडु-** विभिन्न ट्रेड यूनियनों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मदुरै रेलवे जंक्शन के सामने सड़क रोको विरोध प्रदर्शन किया।

**असम** में व्यावसायिक वाहन सड़कों से नदारद रहे, क्योंकि चाय बागान श्रमिकों सहित कई यूनियनों के सदस्यों ने केंद्र सरकार की कथित "श्रम विरोधी" नीतियों के विरोध में ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में राज्य भर में प्रदर्शन किया।लगभग सभी परिवहन कर्मचारी निकायों की राज्य इकाइयों ने हड़ताल को अपना समर्थन दिया है, जिससे राज्य में परिवहन क्षेत्र ठप्प हो गया है।बसों और ट्रकों सहित व्यावसायिक वाहन सड़कों से नदारद रहे, हालाँकि स्कूल बसों और आपातकालीन सेवाओं में लगे वाहनों की सेवाएँ प्रभावित नहीं हुईं। गुवाहाटी में, सिटी बसें और ऐप-आधारित टैक्सियाँ सड़कों से नदारद रहीं, जिससे यात्रियों को परेशानी हुई।

**तेलंगाना-** केंद्र की 'श्रम-विरोधी' नीतियों के खिलाफ ट्रेड यूनियन सदस्यों की रैली, हैदराबाद की सड़कों पर लाल झंडे लहराए गए।बुधवार (9 जुलाई) को हैदराबाद की मुख्य सड़कों पर लाल झंडों का सैलाब उमड़ पड़ा, जब सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू), ट्रेड यूनियन सेंटर ऑफ इंडिया (टीयूसीआई), ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) और अन्य संगठनों के 1,000 से ज़्यादा सदस्यों ने केंद्र सरकार की कथित श्रम-विरोधी नीतियों के ख़िलाफ़ एक विरोध रैली निकाली। यह रैली दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का हिस्सा थी। यह जुलूस बाघलिंगमपल्ली से शुरू हुआ, जहाँ यूनियन कार्यकर्ताओं, दिहाड़ी मजदूरों और कार्यकर्ताओं ने मानक श्रम कानूनों को लागू करने और श्रमिकों के अधिकारों के लिए कड़े सुरक्षा उपायों की माँग करते हुए नारे लगाए। चिक्कड़पल्ली की मुख्य सड़कों से गुजरते हुए, प्रतिभागियों को दोपहिया वाहनों पर जोड़े में, उनके हैंडल पर झंडे लहराते हुए देखा गया। सीटू नेता और अन्य लोग 9 जुलाई, 2025 को तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के मेडक में भारत बंद के तहत बाइक रैली निकाली।

**कोलकाता-** नक्सलबाड़ी में 'भारत बंद' को लेकर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प

**मुंबई-** मुंबई में बैंक कर्मचारी आज देशव्यापी आम हड़ताल में शामिल हुए।

**कर्नाटक-** जेसीटीयू सदस्यों ने हुबली में विरोध प्रदर्शन किया

दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थकों की बुधवार को पश्चिम बंगाल में कुछ स्थानों पर पुलिस के साथ झड़प हुई, जबकि सामान्य जनजीवन सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। सामान्य यातायात सुनिश्चित करने के लिए कोलकाता पुलिस की दक्षिण उपनगरीय संभाग की उपायुक्त बिदिशा कलिता दासगुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत 'भारत बंद' के विरोध प्रदर्शन के तेज होने के कारण बुधवार को देश के विभिन्न हिस्सों में सार्वजनिक परिवहन बाधित हुआ।ओडिशा में, भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीआईटीयू) की खोरधा जिला इकाई के सदस्यों ने 'भारत बंद' का समर्थन करने के लिए भुवनेश्वर में राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया।बीजू जनता दल (राजद) की छात्र शाखा के सदस्यों ने बिहार के जहानाबाद रेलवे स्टेशन पर रेल की पटरियाँ अवरुद्ध कर दीं।पश्चिम बंगाल में जादवपुर सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर प्रदर्शनकारियों द्वारा पटरियों को अवरुद्ध करने के कारण रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं।केरल में विरोध मार्च के कारण कई शहरों में दुकानें बंद रहीं।


ट्रेड यूनियनों के गठबंधन द्वारा राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के बाद बुधवार (9 जुलाई, 2025) को केरल के एर्नाकुलम में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ।जिले में दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। निजी बसें सड़कों से नदारद रहने से सार्वजनिक परिवहन भी प्रभावित हुआ। जिले में अब तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

पश्चिम बंगाल के जादवपुर रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेड यूनियन के सदस्यों ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में रेलवे ट्रैक जाम कर दिया। कुछ यूनियनों ने जादवपुर में पैदल मार्च भी निकाला। दस ट्रेड यूनियनों के एक मंच ने 17 सूत्री मांगपत्र दिया है। इसमें निश्चित अवधि की नौकरी वापस लेना और अग्निपथ योजना को खत्म करना, 8 घंटे का कार्यदिवस, गैर-अंशदायी पुरानी पेंशन योजना की बहाली और ईपीएफओ अंशधारकों के लिए न्यूनतम मासिक पेंशन 9,000 रुपये करना आदि शामिल हैं।

मंच ने आरोप लगाया है कि आर्थिक नीतियों के परिणामस्वरूप बेरोजगारी बढ़ रही है, आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं, मजदूरी में कमी आ रही है, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी नागरिक सुविधाओं में सामाजिक क्षेत्र के खर्च में कटौती हो रही है, तथा इन सबके कारण गरीबों, निम्न आय वर्ग के लोगों के साथ-साथ मध्यम वर्ग के लोगों के लिए असमानताएं और दुख बढ़ रहे हैं। फोरम ने कहा है कि संसद द्वारा पारित चार श्रम संहिताओं का उद्देश्य ट्रेड यूनियन आंदोलन को दबाना और पंगु बनाना, काम के घंटे बढ़ाना, श्रमिकों के सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार, हड़ताल के अधिकार को छीनना तथा नियोक्ताओं द्वारा श्रम कानूनों के उल्लंघन को अपराधमुक्त करना है।वे योजना कर्मियों - आंगनवाड़ी, आशा और मध्याह्न भोजन, आशा किरण आदि को श्रमिक का दर्जा देने तथा उन्हें ईएसआईसी कवरेज देने के लिए भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिश को लागू करने की भी मांग करते हैं। सीआईटीयू, आईएनटीयूसी और एटक जैसी केंद्रीय ट्रेड यूनियनें चार श्रम संहिताओं को खत्म करने, पीएसयू में ठेकाकरण और निजीकरण करने, न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाकर 26,000 रुपये प्रति माह करने, साथ ही किसान संगठनों की स्वामीनाथन आयोग के सी2 प्लस 50% फार्मूले के आधार पर फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और ऋण माफी की मांग पर जोर दे रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### दुग्धेश्वर नाथ वार्ड वासियों का बिजली विभाग पर फूटा गुस्सा



**--ट्रांसफार्मर बदलने को उपखण्ड कार्यालय पर प्रदर्शन**


**रूद्रपुर, देवरिया।** विगत 96 घंटे से बिजली की समस्या झेल रहे उपनगर के दूधेश्वर नाथ वार्ड के उपभोक्ताओं का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। दर्जनों की संख्या में उपभोक्ताओं ने उपखंड अधिकारी के कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया और 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली बहाल नहीं की जाती है तो वे उग्र धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।जानकारी के अनुसार दुग्धेश्वर नाथ वार्ड में मिशन स्कूल के पास सौ केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिससे लगभग 200 उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जाती है। 100 केवीए का उक्त ट्रांसफार्मर बिगत 2 महीने से हांफ कर चल रहा है। बार-बार ओवरलोड के नाते ट्रांसफार्मर की खूंटी जल जाती है और दिन में कई कई बार फ्यूज उड़ जाता है। जिससे उपभोक्ता पूरी तरह आजिज चुके हैं। कई बार जेई, जनप्रतिनिधियों आदि से सिफारिश करने के बाद भी जब हल नहीं निकला तो उन्होंने उपखंड कार्यालय का घेराव किया। इस अवसर पर उपभोक्ताओं ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का भी जन समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। जेई ट्रांसफार्मर को लेकर लगातार झूठ बोल रहा है। प्रदर्शन करने वालों में सभासद सज्जाद अली, शैलेश विश्वकर्मा, अनिल राजभर, व्यास मुनि पांडे, मायापति त्रिपाठी, सुभाष त्रिपाठी, शिवनाथ पांडे, रामप्रीत यादव, किशन गौड़ ,मनीष जायसवाल, मोहन, अंगद गुप्ता, शिवम सहित तमाम लोग शामिल रहे।

### नपं बोर्ड की बैठक में 10 करोड़ के विकास का प्रस्ताव



**रूद्रपुर, देवरिया।** नगर पंचायत बोर्ड की बैठक अध्यक्ष सुधा निगम की अध्यक्षता में नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में बुधवार को संपन्न हुई। जिसमें लगभग 10 करोड रुपए के विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित हुए। बोर्ड ने सर्वसम्मत से तय किया कि बंदन योजना के तहत श्री लोकनाथ बाबा मंदिर का लगभग दो करोड रुपए की लागत से सुंदरीकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मलाहटोली वार्ड में स्थित नगर पंचायत की जमीन पर 2 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से बारात घर, श्री दूधेश्वर नाथ वार्ड में एमआरएफ सेंटर के सामने नगर पंचायत की जमीन पर इंडोर स्टेडियम लगभग 1 करोड़ 57 लाख की लागत से एवं पश्चिमी तिवारी टोला स्थित जमीन पर लगभग 70 लाख रुपए की लागत से पार्क का निर्माण कराया जाएगा इसके अतिरिक्त बथुआ रिवर फ्रंट पर 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज भी लगाया जाएगा। बस स्टेशन पर एलइडी आउटडोर डिस्प्ले लगाने की बात भी हुई। विभिन्न वार्डों में सड़कों व नालियों के निर्माण का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुआ। बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी नीतीश गौरव ने किया। बैठक में सभी सभासद अंकित मणि, सज्जाद अली, जय रतन चौरसिया,अजय जायसवाल, सुशील निगम आदि एवं लिपिक राम विनोद शुक्ला उपस्थित रहे।

### बेहतर पुलिसिंग के लिए संसाधन जरूरी -पुलिस अधीक्षक



**--रामलक्षन चौकी पर वातानुकूलित कक्ष का उद्घाटन**

**रूद्रपुर, देवरिया।** रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र की चौकी राम लक्ष्मण पर बुधवार को पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने वतानुकूलित कक्ष का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए संसाधन आवश्यक है। वर्तमान समय में जब अपराधी स्मार्ट और डिजिटल हो चुके हैं ऐसे में पुलिस को भी तेज तर्रार और तकनीकी युक्त होना पड़ेगा। राम लक्ष्मण चौकी को फूल मालाओं से सजाया गया था। चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य के परिश्रम से चौकी पर वातानुकूलित कक्ष का निर्माण कराया गया। जिससे फरियादियों को आराम से बैठकर अपनी फरियाद करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर रुद्रपुर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह सहित राम लक्ष्मण चौकी के चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य तथा सिपाही गण मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति में अपना विशेष महत्व रखता है

विश्व देव राठौर

**बरेली**/गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति में अपना अलग स्थान रखता है इस पर्व को मनाने के लिए अनेकों प्रमाण है यह पर्व आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाया जाता है इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु शिष्य के प्रति एक गौरव का पर्व है। गुरु अपने शिष्य को ज्ञान देखकर उसे अंधकार से उजाले की तरफ लाकर कल्याण करता है शिष्य भी अपने गुरु के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं गुरु अपने शिष्य को कृत्य योग्यता प्रदान कर योग्य बनाते हैं महर्षि वेदव्यास का जन्म भी इसी दिन हुआ था इसलिए गुरु पूर्णिमा का दूसरा नाम व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। महर्षि व्यास ने ईश्वर दर्शन की इच्छा अपने माता-पिता से की तो उन्होंने मना कर दिया परंतु उनके हटके आगे एक न चली और उनकी माता सत्यवती ने उन्हें बन जाने की आज्ञा दे दी अंत में कहा यदि तुम्हें घर की याद आए तो तुम वापस लौट आना गुरु पूर्णिमा के दिन ही महर्षि बौद्ध ने भी ज्ञान प्राप्ति कर सारनाथ में पहला उपदेश दिया था। इसलिए बौद्ध प्रशंसक इसे बौद्ध पूर्णिमा के रूप में भी मानते हैं गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति में अपना विशेष महत्व रखता है साथ ही शिक्षा के उद्देश्य से भी गुरु शिष्य का यह अनमोल पर्व है शिष्य इस दिन से अपने गुरुओं के चरण स्पर्श कर उनसे आशीष प्राप्त करते हैं जिसके तहत वह अपने जीवन को कृतार्थ मानते हैं इसीलिए कहा गया है गुरु गोविंद दोउ खड़े काके लागू पाय बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो मिलाय इसलिए गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति में अपना विशेष महत्व रखता है और इसे बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

## विवाहिता लापता,आगरा के युवक पर रिपोर्ट


**सिंगाही खीरी।** क्षेत्र निवासी एक बच्चे की मां पति और बच्चे को छोड़कर लापता हो गई है। पुलिस ने पति की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना सिंगाही क्षेत्र के एक गांव के निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमे कहा गया कि वो करीब दो माह से उत्तराखंड में काम करता था। घर पर एक छोटा बेटा और पत्नी साथ मे रहती थी। घर के खर्चे के लिए करीब 12000 रुपये पत्नी के खाते में डाले जिसे निकालने के लिए 7 जुलाई को निम्बोरिया बी.सी.से गयी थी।वहीं से लापता हो गई है। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी, जब पति को सूचना मिली तो वह उत्तराखण्ड से घर आया और आगरा निवासी सूरज पर सन्देह के आधार पर 9 जुलाई को पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आगरा के रहने वाले सूरज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवाहिता की तलाश प्रारम्भ कर दी। सिंगाही थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, और टीम गठित कर विवाहिता की तलाश की जा रही है।

## ऐक पेड मांके नाम के तहत विधायक अमन गिरि ने रोपे पौधे



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला विधानसभा में एक पेड़ मां के नाम वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम ग्राम पंचायत गोला देहात अमृतसरोवर में विधायक अमन अरविंद गिरी ने जा कर एक पेड़ मां के नाम लगा कर वृक्षारोपण किया व माताओं बहनों को वृक्ष देकर एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए कहा। इस मौके पर गोला बीडीओ सरदार सिंह ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा गोला देहात प्रधान राजेश गिरी, के के शुक्ला गुरु, प्रधान आशीष मिश्रा, प्रधान जवाहर, प्रधान दीपक, जिला पंचायत सदस्य तोहिदखान, विजेंद्र गिरी, रघुनायक छोटे सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग के निजीकरण, प्रा.विद्यालयों के बंद करने के विरोध में भाकियू ने प्रदर्शन किया



**सिद्धार्थनगर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) गुट ने पदाधिकारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में विद्युत निजीकरण और प्राथमिक विद्यालय बंद करने की विरोध में भारतीय किसान यूनियन द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रदीप किसान और जिला संरक्षक अरविंद शुक्ला द्वारा किया गया। इसमें यूनियन के मंडल अध्यक्ष महेंद्र चौधरी , जिला महामंत्री राणा चौधरी, रामवृक्ष राव, सूर्य प्रकाश चौधरी, हरिश्चंद्र, घनश्याम, राजकुमार, सावित्री, कन्हैया, सरबजीत शर्मा आदि उपस्थित थे।

# शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर जमीन खाली कराएं जाने की मांग की

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी।** एक तरफ जहां सूबे के मुखिया सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने के बड़े बड़े दावे करते हुए दिखाई दे रहे हैं। और कुछ जमीन कब्जा मुक्त भी कराई गई। लेकिन जनपद लखीमपुर खीरी की तहसील सदर में अवैध कब्जों पर लगाम लगती नजर नहीं आ रही है। ऐसी ही काफी बेशकीमती जमीनें है जिनपर से आज तक अवैध कब्जा नहीं हटवाया जा सका है। जिससे यहा पर चिराग तले अंधेरा की कहावत चरितार्थ होती दिखाई पड़ रही है। ऐसा ही एक मामला तहसील सदर के ओयल नगर पंचायत में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्र बताते हैं कि ओयल नगर पंचायत में सरकारी अभिलेखों में गाटा संख्या 657 जो आबादी की भूमि है। उसपर अवैध तरीके से अतिक्रमण करके पेट्रोल पंप स्थापित कर ली गई है। जिसकी पैमाइश कराकर अवैध अतिक्रमण हटवाने हेतु शिकायतकर्ता ने प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री पोर्टल पर देकर शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन लेखपाल और ईओ नगर पंचायत के गठजोड़ और भारी भरकम चढ़ावे के चलते आज तक आबादी की जमीन पर से कब्जा नहीं हटाया गया। जिससे एक बात तो साफ हो जाती है कि मुख्यमंत्री डाल डाल तो लेखपाल और ईओ नगर पंचायत पात पात की भूमिका निभाने पर अटल है। शिकायतकर्ता की बात सत्य माने तो यदि तहसील प्रशासन हरकत में आता और करता लेखपाल पर कार्यवाही तो। आबादी की जमीन पर बनी पेट्रोल पंप पर से कब्जा हटाया जा सकता था। इसकी जवाबदेही आखिर किसकी है। क्या तहसीलदार से लेकर लेखपाल तक की जवाबदेही तय होगी। और आज भी पेट्रोल पंप मालिक से मिल रहे गांधी छाप नोटों की चकाचौंध में मनमाने ढंग से आख्या लगाकर अवैध कब्जा धारक बाबूराम को बचाने के प्रयास में लगे दिखाई पड़ रहे हैं। आखिर क्यों नहीं की गई कार्यवाही यह यक्ष प्रश्न बना है। शिकायतकर्ता द्वारा उपरोक्त आरोप लगाते हुए कहा गया कि आबादी के नाम दर्ज कागजात जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराएं जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता समेत कई अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल और ईओ नगर पंचायत के रहते सरकारी जमीन बचा पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी है। इनका कहीं और स्थानांतरण किया जाए। जिससे सार्वजनिक प्रयोग के लिए आरक्षित की गई जमीनों को कब्जा मुक्त कराया जा सके। फिलहाल जो भी हो अब देखना यह होगा कि क्या खबर के संचालन के बाद शासन प्रशासन द्वारा पेट्रोल पंप से। कब्जा हटवाकर लेखपाल और ईओ पर कोई ठोस कार्रवाई कर सरकारी जमीनों का अस्तित्व समाप्त होने से बचा पाएगा। यह फिर ढांक के तीन पात वाली कहावतें चरितार्थ होती रहेगी। की जमकर करो भ्रष्टाचार कमाई गई रकम से आधा हिस्सा हमें दो और आराम से भ्रष्टाचार करते रहो जांच तो संबंधित अधिकारियों के पास ही आएगी बचा लिया जाएगा।

# सांसद आनन्द भदौरिया जनसमस्याओं को लेकर समर्थकों संग धरना पर बैठे, दिया ज्ञापन

● हर वर्ग की जनता डबल इंजन की सरकार से त्रस्त- अनुराग पटेल

स्वतंत्र प्रभात



**धौरहरा** लोकसभा के सांसद आनंद भदौरिया के नेतृत्व में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने विलोबी मेमोरियल प्रांगण में एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया, सभा के बाद कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए तत्काल समस्याओं के समाधान की मांग की।

जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद भदौरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 22 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे झूठे साबित हुए हैं, अघोषित विद्युत कटौती, जर्जर तारों और जलते ट्रांसफार्मरों की वजह से आमजन को परेशानी हो रही है, नई आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा बड़ी संख्या में संविदा विद्युतकर्मियों की छंटनी की गई है जिससे वे बेरोजगार हो गए हैं इसके साथ ही ग्रामीण गरीबों को मुफ्त बिजली कनेक्शन देने के बाद भारी भरकम बिल भेजकर शोषण किया जा रहा है। मांग की गई है कि गरीबों के एक किलोवाट तक के कनेक्शन का बिल माफ किया जाए। उन्होंने आगे कहाकि प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर के फैसले को शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार स्कूलों को बंद कर गांव-गरीबों के बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीन रही है,

खाद की किल्लत को कृत्रिम संकट बताया गया है, किसानों को कालाबाजारी और नकली खाद से परेशान बताया गया है तथा खाद की गारंटी सुनिश्चित करने की मांग की गई है, जल जीवन मिशन को भ्रष्टाचारग्रस्त योजना बताते हुए इसकी जांच कराने की मांग की गई है, कहा गया कि पानी की टंकियों का फटना और सड़कों को बर्बाद करना इस योजना की असफलता का प्रमाण है। आवारा पशुओं की समस्या को गंभीर बताते हुए कहा गया कि इससे किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं और आम जन की जान भी खतरे में पड़ गई है। बाढ़ और कटान से प्रभावित क्षेत्रों को राहत देने की मांग की गई है। साथ ही बाढ़ बचाव कार्यों की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई, मनरेगा मजदूरी और निर्माण सामग्री भुगतान में देरी पर चिंता जताते हुए कहा गया कि इससे ग्रामीणों का पलायन बढ़ रहा है। मनरेगा में मजदूरी और विकास कार्यों के लिए धन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई है!

*पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने कहाकि की हर वर्ग की जनता डबल इंजन की सरकारों से त्रस्त हो चुकी है,* पीडीए के लोगो का शोषण हो रहा है और उनकी आवाज दबाई जा रही है! धरने को जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, पूर्व विधायकगण दाऊद अहमद , राम सरन, आर एस कुशवाहा, विनय तिवारी, डॉ आर ए उस्मानी, सुनील लाला, वरुण चौधरी, पूर्व उपाध्यक्ष क्रांति कुमार सिंह, सुरेश पाल यादव, वीरेंद्र वर्मा, भंडारी यादव, विकास यादव, त्रिलोक सिंह, शेर सिंह यादव, हिमांशू पटेल, गुरप्रीत सिंह जॉर्जी, डॉ जुबेर, महिला सभा अध्यक्ष प्रख्याति खरे, प्रवीण यादव, उमेश गिरी, खुर्शीद अहमद, यश मोहन पटेल ने संबोधित किया! धरने का संचालन महामंत्री अंसार महलूद ने किया!

धरने में इसरार अहमद, रेहान खान, अभय प्रताप सिंह बंटी, जगदीश राज, उत्तम वर्मा, कार्तिक तिवारी, सुरेंद्र कुमार एडवोकेट, दानिश अब्दुल्ला, आनंद पटेल, मिर्ज़ा शेखू, माधुर्य सिंह मधुर, रियाजुल्ला खान, हरजीत सिंह, यदुवेंद्र वर्मा पम्मू, मो0 सलीम, राशिद पठान, दीपक रस्तोगी, आकाश गुप्ता, रविशंकर वर्मा, भूपेंद्र सिंह अन्नू, संजीव वर्मा, रमन मनार, शब्बीर बाबा, विवेक मौर्य, यज्ञ प्रताप शुक्ला के साथ बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राज्यसभा सांसद ने लाइब्रेरी भवन का फीता काटकर किया लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** सांसद निधि (राज्य सभा) वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में बने लाइब्रेरी भवन का लाकार्पण एवं कलेक्ट्रेट परिसर में पार्क निर्माण कार्य एवं विकास भवन से लेकर साड़ी तिराहा तक सार्वजनिक उद्यान पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद राज्यसभा बृजलाल, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा फीता काटकर एवं शिलापट का अनावरण कर किया गया।

उद्घाटन के पश्चात लाइब्रेरी का भ्रमण किया गया। सांसद राज्यसभा बृजलाल द्वारा स्वलिखित पुस्तक लाइब्रेरी हेतु जिलाधिकारी को भेट किया गया। इसके पश्चात सांसद राज्यसभा बृजलाल, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं अन्य लोगों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञानप्रकाश, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, उपप्रभागीय



वनाधिकारी बीना त्रिपाठी, एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# गुरु पूर्णिमा पर चित्रकूट गायत्री शक्तिपीठ में विशेष आयोजन- 10 जुलाई को होगा यज्ञ, गुरु पूजन व गुरु संदेश

**चित्रकूट।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर चित्रकूट स्थित गायत्री शक्तिपीठ में दिनांक 10 जुलाई को प्रातः 8 बजे से भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गायत्री यज्ञ, गुरु पूजन तथा गुरु संदेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के परिजन, श्रद्धालु एवं साधक शामिल होंगे।गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट के संचालक डॉ. रामनारायण त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए कहा कि जैसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भगवा ध्वज को गुरु मानता है, न कि किसी व्यक्ति विशेष को, वैसे ही गायत्री परिवार भी व्यक्ति नहीं, विचारों को गुरु मानता है। युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी को इस मिशन का आध्यात्मिक गुरु मानते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाना ही सच्ची गुरु दीक्षा है। उन्होंने कहा कि भारतीय ऋषि परंपरा को जीवित रखना, इसे पुनः स्थापित करना, यही इस मिशन का लक्ष्य है।

डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि गायत्री परिवार कोई संगठन नहीं, बल्कि एक मिशन है, जो सनातन धर्म की पुनर्स्थापना के लिए सतत कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी परिजनों से अनुरोध किया है कि गुरु पूर्णिमा को संकल्प और अनुशासन का पर्व मानते हुए, अपने-अपने स्थानीय शक्तिपीठों, प्रज्ञापीठों और प्रज्ञा मंडलों में श्रद्धा व उत्साह से आयोजन करें। इस वर्ष का आयोजन इसलिए भी विशेष महत्व रखता है क्योंकि वंदनीया माता जी की जन्म शताब्दी वर्ष 2026 में पूरे देशभर में मनाया जाना है। इस अवसर पर घर-घर तक युग संदेश पहुँचाने का संकल्प लिया जाएगा। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि चित्रकूट में 10 जुलाई को आयोजित गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम के बाद सभी श्रद्धालुओं से



अनुरोध है कि पूर्वांचल के मुख्य शक्तिपीठ चित्रकूट में प्रातः 10 बजे तक पहुंचकर सामूहिक रूप से उत्सव में भाग लें। उन्होंने यह भी बताया कि गायत्री परिवार का बहुचर्चित आयोजन 151 कुण्डीय विराट गायत्री महायज्ञ का आयोजन चित्रकूट में 17 से 20 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। उन्होंने सभी परिजनों से इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह आयोजन श्रद्धा संवर्धन के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# भदपुरा क्षेत्र पंचायत की बैठक में 2 करोड़ से अधिक के प्रस्ताव पारित बैठक में पहुंचे सांसद विधायक

● बैठक में नदारत रहने वाले विभागों को संसद की नाराजगी के तहत निंदा प्रस्ताव पारित जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों पर सांसद ने एक सप्ताह में बनाने को कहा





स्वतंत्र प्रभात

**बरेली**/विकासखंड भदपुरा क्षेत्र पंचायत की बैठक में 2 करोड़ से अधिक धनराशि द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव पारित किए गए यहां की ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया बैठक के मुख्य अतिथि बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार थे विशिष्ट अतिथि के स्थान पर नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य थे बैठक के प्रारंभ में गत बैठक की कार्यवाही पढ़ कर सुनाई गई। जिसको सदन द्वारा धुनी मत से पारित कर दिया गया इसके बाद बैठक प्रारंभ हुई यहां पर कृषि विभाग के भानु प्रताप ने कृषि से संबंधित जानकारियां सदन को उपलब्ध कराई बाल विकास परियोजना केसीडीपीओ विष्णु पांडे ने विभाग से संबंधित जानकारियां दी यहीं पर के सत्यापन की बात कही गई इस पर उन्होंने शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

यहां पर सहकारिता विभाग अनुपस्थित रहा तो स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मुगीश स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां सदन को उपलब्ध कराई गई साथ ही संचारी रोग जैसी भयंकर बीमारियों से बचने के उपाय भी बताए गए पशुपालन विभाग पर काफी शोर गोल हुआ पूर्ति विभाग से कोई भी उपस्थित न होने पर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

शिक्षा विभाग खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने शत प्रतिशत नामांकन करवाने के लिए लोगों से अपील की साथ ही उन्होंने 500 ऐसे छात्र बताएं जिनके जन्म प्रमाण पत्र न बन पाने के कारण उनका आधार कार्ड नहीं बन रहा है जिसके तहत उनका लाभ नहीं मिल पा रहा गन्ना विभाग से जेस्ट गन्ना विकास निरीक्षक मणिकांत ने बताया नवाबगंज की ओसवाल चीनी मिल पर 46 करोड़ रूपया किसानों का बकाया है इसी क्रम में बरखेड़ा की बजाज चीनी मिल पर भी 19 करोड़ रूपया बकाया है। इसके उपरांत खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान ने मनरेगा के तहत जानकारियां दी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार ने बताया क्षेत्र पंचायत भदपुरा के अंतर्गत यहां की 79 ग्राम पंचायत में एक-एक कार्य करवरकर मिसाल कायम की गई साथ ही 4 वर्ष के कार्यकाल में वहां की 79 ग्राम पंचायत में विकास कार्य करवरकर सरकार की उसे मनसा को पूरा किया जिसमें कहा गया सबका साथ सबका विकास कार्य को पूर्ण किया गया है।

यहां पर उपस्थित ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार विधायक डॉक्टर एमपी आर्य खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान ए डी ओ पंचायत रविकांत यादव प्रभारी निरीक्षक राजबली सिंह प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मुगीश जेस्ट गन्ना विकास निरीक्षक मणिकांत खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार समेत अनेकों विभागों के अधिकारी उपस्थित थे बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार ने की संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविकांत यादव ने किया।

# कृषि विज्ञान केंद्र जमुना बाद में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, जमुनाबाद, लखीमपुर खीरी द्वारा आज वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कराया गया जिसमें केंद्र के अध्यक्ष डॉ0 एस के विश्वकर्मा के नेतृत्व में साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ मोहम्मद सोहेल ने अमरूद, कैथा, आंवला, कटहल, हरण, बहेड़, बेल, जामुन, बड़हल के पौधों के लगाने और उनके महत्व के विषय में चर्चा किया। केंद्र के कृषि प्रसार वैज्ञानिक डॉ0 जिया लाल गुप्ता ने पर्यावरण सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण के महत्व के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और कहा कि पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षों के रोपण को लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। फसल वैज्ञानिक डॉ0 प्रदीप कुमार बिसेन ने वन वृक्षों के विषय में और उनकी प्रजातियों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी, मुख्य रूप से सागौन, पॉपुलर, नीम, बकेन, पीपल, ढाक, यूकेलिप्टस इत्यादि वन वृक्षों के रोपण के विषय में जानकारी दी तथा ज्यादा से ज्यादा संख्या में रोपित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे कम से कम अपने खेत के मेड़ों पर जरूर वृक्ष लगाए जिससे कि उनकी आमदनी में इजाफा हो और वह नारा साबित हो, हर खेत में मेड और पेड़ पर पेड़ तथा एक पेड़ मां के नाम नारे के उद्देश्य को पूरा किया जा सके। इन वृक्षों को चारों तरफ सुरक्षा घेरा बनाने तथा इसके आसपास उगने वाले तमाम खरपतवारों को रोकने तथा उनके प्रबंधन के विषय में भी जानकारी दी। डॉ0 एन के त्रिपाठी ने उन वृक्षों के विषय में जानकारी दी जो कि जानवरों को चारे में उपयोग किए जाते हैं विशेष कर सूबबूल, पीपल, करंज, गूलर, पाकर इत्यादि, उन्होंने कहा कि जिस समय चारे की कमी होती है विशेष करके ग्रीष्म काल में इनकी पत्तियों का प्रयोग चारे के रूप में किया जा सकता है जिससे पशु पालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए पशु उत्पादन लागत को कम किया जा सकता है, उन्होंने यह भी बताया कि वृक्षों की पत्तियां जहां गिरती हैं वहां जीवांश पदार्थ की मात्रा बढ़ जाती है जिससे अच्छा उत्पादन लिया जा सकता है।

# सभी को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार देना सरकार की प्राथमिकता- बृजलाल

● भवन निर्माण के लिए सांसद निधि से 69.50लाख देने की घोषणा की

स्वतंत्र प्रभात





**सिद्धार्थनगर।** शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सरकार की पहली प्राथमिकता है। जब लोग शिक्षित होंगे, उनका स्वास्थ्य बेहतर होगा व लोगों के पास रोजगार होगा तभी एक विकसित भारत का सपना साकार होगा। यह बातें पूर्व डीजीपी व राज्यसभा सांसद बृजलाल ने कही। वह बुधवार को भनवापुर ब्लाक मुख्यालय पर निर्माणाधीन पीएचसी भवन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिम्मेदारों को निरंतर निगरानी बनाए रखने को कहा।

कहा कि हमारे जिले की गिनती अति पिछड़े जिलों में होती थी। आज जनपद विकास की ओर अग्रसर है। भनवापुर ब्लाक में भी पीएचसी भवन अति जर्जर था। छत टपकता था, मरीजों को इलाज कराने से भय लगता था। सांसद निधि से 69.50 लाख रूपये इस भवन के निर्माण को यह कहते हुए दिया कि निर्माण गुणवत्ता पूर्ण व तेजी से हो ताकि जल्द से जल्द लोगों को यहां से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

कहा कि अधिकांश परिषदीय विद्यालयों में अभी भी बच्चे नीचे बैठकर पढ़ाई करते हैं। जनपद के 27 हजार 700 बच्चों में 2.50 करोड़ की लागत से एक ऐसा बैग उपलब्ध कराया जाएगा जिसे खोलते ही उसमें से मेज व कुर्सी निकलेगी और बच्चे उसपर बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे। उपस्थित लोगों में सहजन पौधा वितरित करते हुए कहा कि सहजन में बहुत से औषधीय गुण हैं। इसके पत्तियों, बीजों, फलों सभी का प्रयोग किया जाता है। खाने से शरीर को प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, आयरन आदि मिलता है। पीडी नागेंद्र मोहन त्रिपाठी, सीएमओ डॉक्टर रजत चौरसिया,बीडीओ विनोद मणि त्रिपाठी, लवकुश ओझा, अधीक्षक सिरसिया डा. शैलेंद्र मणि ओझा, एडीओ पंचायत संजय पटेल, सचिव हरीराम चौधरी, प्रधान सुनील मिश्र, भीम चौधरी, ब्रहमदेव पाण्डेय, प्रेमसागर, वीरेंद्र, राकेश सहित अन्य मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ व्यक्ति की साड़ी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रीवा नानकार में बुधवार की दोपहर एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अधेड़ व्यक्ति साड़ी के फंदे से छप्पर के बॉस के सहारे लटकता हुआ शव मिला है। इसकी पहचान रीवा नानकार निवासी डब्लू( 40) पुत्र अंगनू के रूप में हुई है। इस घटना की जानकारी डब्लू के घर के बगल की एक महिला से ग्रामीणों को तब हुई जब वह बकरी चराने जा रही थी, इसने छप्पर में डब्लू को लटकते देखा तो शोर मचाया। शोर सुनते ही ग्रामीण इकठ्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक डब्लू अपने पक्का मकान के सामने ही छप्पर डालकर बरामदे के रूप में उपयोग करता था। इसी छप्पर में लगे बांस पर साड़ी का फंदा डाल कर झूलते हुए मिला। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नही था, मृतक डब्लू के पिता का देहांत कई वर्ष पहले हो चुका है। डब्लू की मां अपनी बेटी के घर गई थी और पत्नी चार दिन पहले बच्चों के साथ मायके चली गई थी। डब्लू ने क्यों इतना बड़ा फैसला ले लिया यह किसी को नही पता है। इस संबंध में एसओ हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि डब्लू के फंदे के सहारे लटकने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तक कोई तहरीर नही दी है। अगर तहरीर मिलती है तो, जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 18 मण्डलों में से देवीपाटन ने मारी पहली बाजी

● आईजीआरएस निस्तारण में देवीपाटन को मिला पहला स्थान

**गोंडा।** आईजीआरएस के तहत आने वाली शिकायतों के निस्तारण में देवीपाटन मंडल गोण्डा पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है। माह जून 2025 की मासिक रैकिंग में मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल को प्रदेश में पहली रैंक प्राप्त हुई। सन्दर्भो के निस्तारण का प्राप्तांक प्रतिशत 80 से ज्यादा रहा। मात्र एक प्रतिशत से भी कम शिकायत डिफाल्टर हुई। शिकायत निस्तारण मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता में है। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, ईमानदारी, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने पर जोर दिया। यही कारण है कि देवीपाटन को रैकिंग में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इस बाबत



आयुक्त ने कहा कि टीम वर्क के माध्यम से शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है, इसके सार्थक परिणाम मिल रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### खंड शिक्षा अधिकारी ने मां के नाम एक पौधा लगाया



**सीखड़, मीरजापुर।** वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार राय ने प्राथमिक विद्यालय गोरैयां पहुंच कर मां के नाम एक पौधा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वृक्षारोपण किया। उन्होंने बताया कि वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास खंड सीखड़ में स्थित सभी प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालयों ने अहम भूमिका निभाई जिसके लिए मैं सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों तथा ग्राम प्रधान को बधाई देता हूं। विद्यालय में उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों को वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि वृक्षारोपण का महत्व अत्यधिक है क्योंकि यह हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए कई फायदे प्रदान करता है।वृक्ष हमें आक्सीजन देता है जो जीवन के लिए जरूरी है । उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण करके हम जहां वायु की गुणवत्ता को सुधार सकते हैं वहीं मिट्टी के कटाव को भी रोका जा सकता है और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को भी कम किया जा सकता है। कहा कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी वृक्षारोपण के अनेक फायदे हैं जो हमारे जीवन को सरल और बेहतर बनाते हैं। उक्त अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका ललिता देवी, विनीत कुमार द्विवेदी, अभय राज मिश्रा, सुषमा मिश्रा सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

### मंडलीय अस्पताल परिसर स्थित शिव मंदिर में नगर अध्यक्ष पूर्वी ने किया वृक्षारोपण



**मिर्जापुर।** बुधवार को मंडलीय अस्पताल परिसर स्थित शिव मंदिर में नगर अध्यक्ष पूर्वी डॉली अग्रहरि ने वृक्षारोपण किया। जहां अमरूद, बेल व नीम प्रजाति का पौधा लगाया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम बचपन से पढ़ते व सुनते आए हैं कि वृक्ष ही जीवन है। जिससे हमें ऑक्सीजन, भोजन, फल, फूल, मकान, वस्त्र एवं ईधन आदि प्राप्त होते हैं। अतः प्रत्येक मनुष्य को जीवन में प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पौधरोपण से पर्यावरण शुद्ध होगा और लोग भी स्वस्थ रहेंगे। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के तहत पूरे देश प्रदेश में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसमें सभी को प्रतिभाग करना चाहिए जिससे उनके द्वारा लगाया गया पौधा, सदैव उनकी मां की याद दिलाता रहेगा। इस दौरान अमित चंदेल, सोनू दुबे, विकेश्वर सिंह, आशीष दुबे, संजय गौड़, अश्वनी विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### नन्द गोपाल गुप्ता (नंदी) के जन्म दिवस पर किया गया पौधारोपण



**मीरजापुर।** बुधवार को नगर के महंत शिवाला स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में वैश्य समाज उत्तर प्रदेश के संरक्षक व उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' के जन्मदिवस (12 जुलाई) के उपलक्ष्य में "एक पेड़ मां के नाम 2.0" जन अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक धर्मेंद्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष ई. विवेक बरनवाल, नगर अध्यक्ष मुकेश अग्रहरी, महामंत्री शिवम अग्रहरी, विंध्यवासिनी उमर, हिमांशु अग्रहरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील तिवारी व अन्य शिक्षकों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने व समाज सेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। वैश्य समाज ने इस पहल के माध्यम से सामाजिक व पर्यावरणीय जिम्मेदारी का संदेश दिया।

## भदोही में 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण जन आंदोलन अभियान के तहत लगाए गए पौधे

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही** यूपी रोडवेज के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बतौर नोडल अधिकारी भदोही के औराई क्षेत्र के मल्लूपुर में वृक्षारोपण किया है। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का संदेश दिया। कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए हर व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस दौरान जिलाधिकारी शैलेष कुमार, सीडीओ, डीएफओ, डीपीआरओ व पत्रकारों ने भी इस अवसर पर पौधे लगाए। 'वृक्षारोपण जन आंदोलन' प्रदेशव्यापी अभियान के तहत भदोही में कुल 13,41,700 पौधे लगाए जा रहे हैं।

प्रबंध निदेशक रोडवेज ने कहा कि "एक पेड़ मां के नाम" अभियान से आमजनमानस भावनात्मक रूप से जुड़े, और हर व्यक्ति अपने घर - संस्थान एवं खाली जगह पर पौधे अवश्य लगाए। उन्होंने महाकुंभ 2025 में ड्यूटी करने वाले रोडवेज कर्मियों को मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए 10-10 हजार रुपये बोनस के लिए आभार भी जताया गया। यूपीएसआरटीसी ने 11,786 चालकों और 12,285 परिचालकों के खातों में कुल 24 करोड़ 71 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर की गई है। जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने पौधरोपण कर कहा कि, बढ़ती आबादी के बीच शुद्ध एवं स्वच्छ हवा की निरंतरता हेतु पेड़ लगाना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उसकी सुरक्षा एवं संरक्षा उससे भी अधिक जरूरी है। जिले में लगाए जा रहे पौधों की देखभाल के लिए भी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

## भदोही जिले के कोनिया से रोडवेज बस संचालन की मांग

**● रोडवेज यूपी के एमडी ने दिया रूट सर्वे कराने का आश्वासन**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** जिले के डीघ ब्लॉक क्षेत्र के कोनिया-धनतुलसी से जिला मुख्यालय ज्ञानपुर तक रोडवेज बस के संचालन की मांग उठाई गई है। युवा शक्ति कोनिया के अध्यक्ष पवन तिवारी व पत्रकार रामकृष्ण पाण्डेय व अन्य ने इस संबंध में प्रबंध निदेशक यूपी रोडवेज को पत्र सौंपा है। रोडवेज के एमडी मासूम अली सरवर बुधवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम में बतौर नोडल अधिकारी शामिल होने भदोही पहुंचे थे। ज्ञापन देकर अवगत कराया गया कि गंगा से तीन तरफ से घिरे कोनिया धनतुलसी से जिला मुख्यालय, जिला अस्पताल एवं कृषि विभाग कार्यालय की दूरी 45 किलोमीटर से अधिक है। आने जाने हेतु आमजन को तीन-चार जगह सवारी गाड़ियां बदलनी पड़ती हैं। इससे समय से गंतव्य तक पहुंचना बेहद कठिन होता है, साथ ही जेब भी अधिक ढ़ीली होती है। कोनिया से जंगीगंज की ओर ज्यादातर पुरानी और छोटी वाहनों जैसे ऑटोरिक्शा, मैजिक आदि का संचालन होता है। जिससे लेटलतीफी के साथ आए दिन दुर्घटना भी होती रहती है। धार्मिक एवं पर्यटन स्थल सीतामढ़ी एवं सेमराध भी इसी मार्ग पर पड़ता है। करीब 2 दर्जन से अधिक गांव के लोगों के लिए सुगम आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। समस्या को देखते हुए कोनिया धनतुलसी से ज्ञानपुर मुख्यालय तक या ज्ञानपुर भदोही होते वाराणसी तक बस सेवा शुरू कराई जाए। मांग पत्र पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने आश्वस्त किया कि जल्द ही रूट सर्वे कराकर क्षेत्रीय आवश्यकताओं के



अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। अवगत हो कि कोनिया क्षेत्र विकास के दृष्टिगत उपेक्षा का शिकार रहा है। लेकिन हाल ही में जनपद दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने गंगा नदी पर पक्के पुल की घोषणा कर विकास का द्वार खोल दिया है। इस दौरान एमडी रोडवेज के साथ जिलाधिकारी शैलेष कुमार व अन्य अधिकारी के अतिरिक्त पत्रकार गया प्रसाद चतुर्वेदी, मुकुंद मिश्रा, रोहित गुप्ता, अनिल वर्मा, आदर्श पाण्डेय, सत्यम पांडेय, कपिल पाण्डेय, दीपक मिश्रा, नितेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध, जनसुनवाई में प्राप्त समस्याओ का अधिकारी त्वरित करें प्रभावी कार्यवाही- सदस्य राज्य महिला आयोग

**● राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य ने राजकीय अतिथि गृह ज्ञानपुर में सुनी महिलाओ की समस्याएं, समय-सीमा में निस्तारण का दिया निर्देश**

**''एक पेड़ माँ के नाम'' के अन्तर्गत वृक्षारोपण कर माँ एवं पर्यावरण के आत्मीय सम्बन्धों पर दिया बल**

**महिलाओं के स्वालम्बन एवं चतुर्दिक विकास पर केन्द्रित- नीलम प्रभात**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही 09 जुलाई 2025-** राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य श्रीमती नीलम प्रभात ने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय अतिथि गृह ज्ञानपुर में आयोजित जन सुनवाई के दौरान महिलाओ की समस्याओं से सम्बन्धित शिकायतो को सुनकर प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देश दिया। तत्पश्चात् गेस्ट हाउस व कलेक्टेउ्ट में वृक्षारोपण कर लक्ष्मणपट्टी के प्राथमिक स्कूल में आगनबाड़ी कक्ष में 11 महिलाओं का गोद भराई सहित मुख्यालय कलेक्टेउ्ट में स्थित पहुँचकर कन्या जन्मोत्सव के अन्तर्गत 05 बच्चियों के जन्मोत्सव पर केक काटकर उनके सुखद जीवन की कामना किया। राजकीय गेस्ट हाउस में सुनवाई के दौरान सदस्य राज्य महिला आयोग नीलम प्रभात के समक्ष दहेज की मांग, घरेलू हिंसा सहित अन्य कुल 13 पीड़ितो के द्वारा अपनी समस्याओ को रखा गया, जिसमें से 03 का त्वरित निस्तारण करते हुए उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायती पत्रो पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाधान कराया जाए। इस दौरान सदस्य राज्य महिला आयोग समक्ष दो महिलाओ ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनके पति के द्वारा उन्हें घर से निकाल दिया गया है तथा फोन पर बार-बार धमकी आदि दी जाती है जिसे सम्बन्धित थानाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनो पक्षो को बुलाकर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। इसी प्रकार अन्य समस्याओ को भी सुनते हुए लोगो को समाधान हेतु निर्देशित किया गया।

सदस्य राज्य महिला आयोग नीलम प्रभात ने शासकीय व निजी कार्यालयों, संस्थाओ, संगठन, उत्पाद, विक्रय, वितरण व सेवा केन्द्र, शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थानो, नर्सिंग होम/अस्पतालों आदि के अधिकारियों व सम्बन्धित प्रबंधको को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओ का कार्य स्थल पर जहां कार्मिको की संख्या 10 से अधिक है उनमें महिलाओ लैंगिंग उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायतो की जांच हेतु अनिवार्य रूप से आन्तरिक परिवाद समिति का तत्काल गठन किया जाए ताकि पीड़ित महिला कार्य स्थल पर हुए उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायत उस कार्यालय में गठित आन्तरिक परिवाद समिति में दर्ज करा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे कार्य स्थल जहां कार्मिको की संख्या 10 से कम है वहां की पीड़ित महिला उत्पीड़न की शिकायत जनपद में जिलाधिकारी द्वारा गठित कलेक्ट्रेट स्थित स्थानीय परिवाद समिति/जिला प्रोबेशन कार्यालय में दर्ज करा सकती हैं।

जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रभात राय, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया, महिला थानाध्यक्ष उपस्थित रहें। तत्पश्चात मा0 सदस्य राज्य महिला आयोग नीलम प्रभात ने संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर महिलाओं के समग्र उन्नयन हेतु कार्य करने पर बल दिया। सदस्य ने लक्ष्मणपट्टी के प्राथमिक स्कूल में आगनबाड़ी कक्ष में 11 महिलाओं का गोद भराई करते हुए उनको पोषण पोटली प्रदान किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को गर्भ के दौरान होने वाले शारिरीक बदलाव व गर्भ में पल रहे शिशु के समग्र विकास के दृष्टिगत लगने वाले टीकाकरण व पोषण आहार की आवश्यकता पर महिलाओं को जागरूक किया। सदस्य ने महिलाओं के जीवन के चहुमुखी विकास हेतु विभिन्न आयामों पर बल दिया। साथ ही वन स्टाप सेण्टर का निरीक्षण करते हुए सभी स्टाप के कार्यों की सराहना की। उपस्थित 05 बच्चियों का कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाते हुए केक काटकर उनके सुखद व दीर्घायु की कामना किया।

## क्रेडिट कार्ड के माध्यम से साइबर फ्रॉड के शिकार पीड़ित के खाते में 90,925/- रु0 धनराशि को कराया गया वापस

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदक अन्तिम श्रीवास्तव पुत्र विपिनचन्द्र श्रीवास्तव निवासी ग्राम बालीपुर थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही के साथ क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कुल 1,41,714/- रुपये खाते से फ्रॉड होने की आनलाइन शिकायत दिनांक 26.05.2025 को की थी । साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा उक्त NCRP का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना बृजेश सिंह व का0 अभिषेक शुक्ला, म0का0 प्रीती सिंह परिहार द्वारा 90,925/-(नब्बे हजार नौ सौ पच्चीस रु0) की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। पीडित द्वारा अपने खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।


**साइबर फ्रॉड के बचने के लिए सावधानिया-**

1.साइबर फ्रॉड होते ही तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें।

2.किसी अन्जान व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड़ न करें।

3.वर्क फ्राम होम, शेयर ट्रेडिंग करने से पहले सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर ही उपयोग करें।

4.कृपया किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा पैसो की मांग किये जाने पर अच्छे से




जाँच ले एवं अपने खाते का बैलेंस चेक कर ले, किसी के बहकावे में न आये।

5.अज्ञात व्यक्ति/अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें।

## सीखड़ के बगहां में घर पर सो रहे व्यक्ति को नशीला पदार्थ सूंघाकर लाखों की चोरी

स्वतंत्र प्रभात

**सीखड, मीरजापुर।** चुनार थाना अंतर्गत बगहां गांव में मंगलवार की रात घर के बरामदे में सो रहे अवकाश प्राप्त शिक्षक को चोरों द्वारा नशीला पदार्थ सूंघाकर बेहोश हो जाने पर घर का ताला खोलकर लाखों के जेवर और एक लाख से उपर नगद उठा ले गए।सुबह होश आने पर शिक्षक हक्का बक्का रह गया और फिर ग्रामीणों को सूचना दिया। मंगलवार रात करीब 12 बजे चुनार थाना क्षेत्र के बंगहां के रहने वाले जयमंगल पाल (अवकाश प्राप्त शिक्षक) राज्यमार्ग संख्या 74 पर बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास घर बनवाकर अकेले घर के खुले बरामदे में सो रहे थे तभी तीन चार की संख्या में वहां पहुंचे चोरों द्वारा पहले नशीला पदार्थ छिड़ककर किसी कपड़े से उनके मुंख को दबा दिया गया जिससे वह थोड़ी ही देर में बेहोश हो गए। शिक्षक को बेहोशी की हालत में उनके तकिया के नीचे रखें घर के चाभी को लेकर घर का ताला खोलकर चोर उनके घर में घुस गए और घंटों तक घर के एक एक कमरे को खंगाला। घर से जाते समय चोरों ने उनका मोबाइल भी दूसरे जगह छिपा दिया था। जयमंगल पाल के दो पुत्र हैं जो मुंबई में रहकर नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी भी इस समय बेटों के पास मुंबई गई हुई थी। इसी का फायदा उठाकर आधी रात में चोरी की इस बड़ी घटना को अंजाम दिया गया। भोर में होश आने पर मंगल पाल को अर्ध विक्षिप्त अवस्था में बैठा देख आस पास के लोग उनके पास पहुंचे तब उन्होंने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। बगहां के ग्राम प्रधान धीरज के द्वारा चोरी के घटना की सूचना चुनार थाने पर दी गई तत्पश्चात चुनार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। मीरजापुर से फौरेंसिक टीम भी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्रित किया। जय मंगल पाल ने बताया कि वह मंगलवार रात जब घर का ताला बंद कर बाहर खुले बरामदे में सो रहे थे तभी कुछ लोग आए और कोई मोटा कपड़ा मेरे चेहरे पर रखकर जोर से दबाने लगे, मेरे छटपटाने की स्थिति में वह लोग मेरे सीने पर चढ़कर बैठ गए और थोड़ी ही देर में मैं बेहोशी की हालत में पहुंच गया और इस दौरान मेरे पास रखे घर के चाभी से ताला खोलकर घर में घुस गए और सोने के 3 चैन, 1 हार, 1 मंगलसूत्र, 4 कंगन, 2 चूड़ी और झुमका सहित ढेर सारा चांदी का जेवर उठा ले गए। चोरी हुए सोने चांदी के जेवर करीब 12 लाख रूपए से अधिक मूल्य के थे। वहीं घर में रखे 1 लाख 45 हजार नगद भी चोर अपने साथ ले गए हैं। उन्होंने अपने मुंबई रह रहे अपने परिवार के लोगों को भी सूचना दे दी है , वह लोग भी आ रहे हैं। क्षेत्र में बलपूर्वक की गई इतनी बड़ी चोरी से लोगों में डर का माहौल बना हुआ है और चहुंओर इसी की चर्चा हो रही है।

वहीं चुनार क्षेत्राधिकारी मंजरी राव ने बताया कि चुनार कोतवाली क्षेत्र के बगहां में मंगलवार रात चोरी की घटना सामने आई है, मुकदमा दर्ज किया गया है और वह खुद भी मौके पर जाकर घटना की छानबीन करेंगी, पुलिस की टीम गठित की गई है और घटना को अंजाम देने वाले लोगों को बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम लगाया गया

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी मीरजापुर के जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार एक पेड़ माँ के नाम थीम - 2 के अन्तर्गत नगर पश्चिमी मण्डल के लालडिग्गी पार्क में पौधरोपण किया। साथ में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में जिले के सभी मंडलों में पौधरोपण का कार्य किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जी ने कहा कि ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ एक नारा नहीं है बल्कि अपनी माँ प्रति आपकी भावना है। इसीलिए मा0 प्रधानमंत्री मोदी जी ने ये नारा दिया है कि जो भी व्यक्ति अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाये उसका ख्याल अपनी माँ की तरह रखे। पेड़ लगाना इसलिए भी लगाना जरूरी हो गया है कि पर्यावरण असंतुलित हो गया है। बिना पेड़ लगाये प्रकृति में कार्बन डाइऑक्साइड की कमी नहीं की जा सकती। पेड़ से प्रकृति में ऑक्सीजन का उत्सर्जन बढ़ेगा। जो सभी जगत प्राणी के लिए कल्याणकारी होगा । इससे पृथ्वी का तापमान जो बढ़ता जा रहा है, उसे कम करने में अधिक सहयोग मिलेगा। इसलिए हर व्यक्ति का ये दायित्व है कि वो कम से कम एक पेड़ अपनी माँ के नाम अवश्य लगाये। साथ में जिला प्रभारी श्रीमती सरोज कुशवाहा जी ने भी रानी कर्णावती जूनियर हाई स्कूल, लालडिग्गी के पार्क में पौधरोपण किया। कुशवाहा जी ने कहा कि पेड़ लगाने से हमें ऑक्सीजन के साथ ही फल, पुष्प एवं जीवनदायिनी औषधियां प्राप्त होती हैं। उक्त अवसर पर जिला अभियान संयोजक जिलामंत्री भाजपा हेमंत त्रिपाठी, नगर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा, गोपाल अग्रवाल, सूरज निषाद, रूपेश यादव, शिखा अग्रवाल, राहुल चन्द जैन, सुमन यादव, पुनीत मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, धीरज तिवारी, सुन्दरम् सोनी, सत्यनारायण जायसवाल के साथ अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर, जिगना।** थाना जिगना, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः27.06.2025 को एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले जाने तथा वादी द्वारा अभियुक्त के घर जाकर उसके माता-पिता से पूछने पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जिगना पर मु0अ0सं0-192/2025 धारा 137(2), 87, 352,351(3) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक जिगना को अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में सुरागरसी पतारसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में बुधवार को उप-निरीक्षक अवधेश सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना जिगना क्षेत्रान्तर्गत नरोइया



मोड़ पुल के पास से नामजद अभियुक्त भगवानदास पुत्र हर्षनारायण निवासी रतनपुर नरोइया थाना जिगना जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## मुख्यमंत्री के अभियान में नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने किया वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में वृहद स्तर पर पौधारोपण कराने को लेकर अभियान चलाया है।इस अभियान को लेकर नगर पालिका द्वारा विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कार्य किया जा रहा है।नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने भी विंध्याचल के एसटीपी पहुंचकर वृक्षारोपण किया।इस वृहद अभियान के अंतर्गत सभासदों,ईओ जी लाल एवं अन्य अधिकारियों ने भी एसटीपी प्रांगण में वृक्षारोपण किया।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा की मुख्यमंत्री जी के इस वृहद अभियान को सफल बनाने के लिए पालिका द्वारा कई स्थानों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का यही ड्रीम है कि अपना उत्तर प्रदेश हरा भरा हो।वृक्ष धरा का भूषण है और इसके लगाने से प्रदूषण दूर होता है।आज के समय में जिस तरह का वातावरण है,जरूरी है कि नगर के नागरिक अपने नागरिक कर्तव्यों को समझते हुए एक पेड़ अपने मां के नाम पर लगाए,जैसा हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के लोगो से आह्वाहन किया है।यदि हम एक पेड़ अपने मां के नाम से लगाते है तो आने वाली पीढ़ियों को प्रदूषित वातावरण से बचा सकते है और उनके लिए स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर सकते है।वृक्षारोपण करने से स्वच्छ वातारण,स्वस्थ समाज और देश का निर्माण हो सकेगा।ईओ जी लाल ने बताया कि नगर पालिका द्वारा टांडा जलाशय,लंका की पहाड़ी,रामपुर मड़वा,नगर के विभिन्न पार्क एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया जा रहा है। शासन द्वारा दिये गए लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण कराया जा रहा है,जिससे इस अभियान को सफल बनाया जा सके।इस मौके पर सभासद अमित मिश्रा,राजकुमार दुबे,श ारद सरोज, कृष्ण कुमार पाण्डेय, गोवर्धन निषाद, ईओ जी लाल, जलकल अभियंता ओमप्रकाश राम, ए.ई विपिन मिश्रा, जेई जटाशंकर पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आशीष पटेल ने चुनार किले में लगाया पौधा

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार मिर्जापुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मंत्री आशीष पटेल ने बुधवार को चुनार किले पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भी पौधा रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान आशीष पटेल ने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग एक पेड़ मां के नाम लगायें और मिर्जापुर का नाम रोशन करें उन्होंने पेड़ लगाने से मिलने वाले कार्बन क्रेडिट का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि धरती का तापमान कम करने के लिए पौधारोपण जरूरी है और सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार,उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा,तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह, क्षेत्राधिकारी मंजरी राव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, अपना दल के जिला अध्यक्ष इं. राम लोटन बिन्द, ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह और नगरपालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद ने भी पौधारोपण



किया। इस अवसर पर अपना दल राष्ट्रीय सचिव युवा मंच दिव्यांशु पटेल, दिनेश सिंह पटेल उपाध्यक्ष अनिल पटेल और प्रदेश सचिव विजय प्रधान आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मेजा में ईंट भट्ठे के पास गड्ढे में मिला एक ही परिवार के चार बच्चों का शव, फैली सनसनी!



**प्रयागराज।** मेजा के इलाकाई थाना क्षेत्र के सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत! बेदौली गांव में ईंट भट्ठे के पास गड्ढे के पानी में एक ही परिवार के चार बच्चों का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि उक्त सभी बच्चे मंगलवार दोपहर से ही दिखाई नहीं दे रहे थे, घर के लोग खोजबीन में जुटे थे। बुधवार को सुबह ईंट भट्ठे के पास गड्ढे में भरे पानी में शव देखे जाने से हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला गड्ढे में डूबने से बच्चों की मौत का लग रहा है। फिलहाल विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। एक ही परिवार के चार बच्चों की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है।

### भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत सहसो ब्लॉक में सम्पन्न



**प्रयागराज।** ब्लॉक परिसर सहसो में भारतीय किसान यूनियन टिकैट की मासिक पंचायत लगाई गई। 5 सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ को दिया गया। जिसमें 3 दिन के अंदर पाली ग्राम सभा पटेल बस्ती का रोड बन जाने का आश्वासन दिया गया। बीडीओ देव कुमार यादव, ब्लॉक प्रमुख पति राकेश बहादुर सिंह, महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा, महिला मंडल उपाध्यक्ष उषा यादव,युवा तहसील अध्यक्ष हरगोविंद यादव, ब्लॉक अध्यक्ष जियालाल, विधि सलाहकार अशोक कुमार मिश्रा, अजय कुमार मिश्रा तहसील प्रचारक मंत्री आदि मौजूद रहे।

### शादी के एक माह बाद ही फंदे से लटका मिला नव विवाहिता का शव, ससुरालियों पर हत्या का आरोप




**प्रयागराज।** जिले में शादी के महज एक महीने के बाद ही नव विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतिका के परिजनों ने सुसराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यमुनानगर कौंधियारा थाना क्षेत्र के भनौरी गांव के मजरा बिंद बस्ती के राम अवध विंद के दूसरे नंबर के बेटे सोनू विंद, उम्र 22 वर्ष, की शादी अभी हाल ही में, 04 जून 2025 को, मजरा पिपरांव बारा के दीलीप कुमार विंद की बेटी खुशबू विंद, उम्र 21 वर्ष, के साथ रीति-रिवाज से सम्पन्न हुई थी। लेकिन, ऐसा क्या हुआ कि नवविवाहिता खुशबू विंद शादी के मात्र 1 महीने 5 दिन बीतने पर ऐसा कदम क्यों उठाया? वहीं, मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, विवाहिता के मायके वालों ने कौंधियारा पुलिस को लिखित तहरीर देकर बेटी के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

### जुआ खेल रहे 03 अभियुक्त थाना मुट्ठीगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार

**कब्जे से 52 ताश के पत्ते, 2300/- रुपये माल फड़ व 1500/- रुपये जामा तलाशी के बरामद।**

**प्रयागराज।** थाना मुट्ठीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 08.07.2025 को जुआ खेलते हुये 03 अभियुक्तों 01. मोनू जायसवाल पुत्र बब्बू जायसवाल निवासी 706 बजरंग मण्डी थाना मुट्ठीगंज जनपद प्रयागराज, 02. शानू सरोज पुत्र अनिल कुमार सरोज निवासी 722 गऊघाट थाना मुट्ठीगंज जनपद प्रयागराज व 03. प्रफुल्ल कुमार पुत्र स्व0 फूलचन्द निषाद निवासी 637 तिलक रोड बहादुरगंज थाना मुट्ठीगंज जनपद प्रयागराज हाल पता 700रु/1 मीरापुर हर्षवर्धन नगर थाना अतरसुइया जनपद प्रयागराज को अनिल कुमार सरोज निवासी गऊघाट थाना मुट्ठीगंज जनपद प्रयागराज के मकान के अन्दर से गिरफ्तार किया गया व उनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते, 2300/- रुपये माल फड़ व 1500/- रुपये जामा तलाशी के बरामद किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-44/2025 धारा 112 बी0एन0एस0 व 3/4 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया । नियामुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# महानिदेशक (राज्य), मुख्यालय भर्ती जोन प्रयाग राज पहुंचे, आनलाइन परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** ब्रिगेडियर स्वर्ण सिंह ने सोमवार को प्रयागराज में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) केंद्रों का निरीक्षण किया। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी विंग कमांडर देबर्थो धर ने कहा कि निष्पक्ष और प्रौद्योगिकी-संचालित भर्ती के लिए भारतीय सेना की निरंतर प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, वरिष्ठ अधिकारी ने अग्निवीर भर्ती रैली 2025 के लिए आयोजित ऑनलाइन सीईई के संचालन और प्रशासन का आकलन करने के लिए टीसीएस आईओएन डिजिटल जोन, सल्लाहपुर और आईटेक जोन, झूंसी का दौरा किया। ऑनलाइन सीईई का आयोजन भारतीय सेना के भर्ती निदेशालय के तत्वावधान में 30 जून से 10 जुलाई तक पूरे भारत में किया जा रहा है।

दो साल पहले एक प्रमुख सुधार पहल के रूप में शुरू की गई, डिजिटल परीक्षा प्रक्रिया भर्ती के लिए सेना के दृष्टिकोण में एक आदर्श बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है, जिसका उद्देश्य सभी पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों के लिए पारदर्शिता, निष्पक्षता और पहुंच में आसानी सुनिश्चित करना है।

सिंह ने दोनों परीक्षा केंद्रों पर परिचालन व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, सीसीटीवी निगरानी, परीक्षा कक्ष का माहौल, उम्मीदवारों को संभालना और डिजिटल निगरानी प्रणाली जैसे प्रमुख पहलुओं की गहन जांच की गई। डीडीजी ने कुछ उम्मीदवारों से बातचीत भी



की और ऑनलाइन प्रारूप के साथ उनके अनुभव, प्रश्नपत्र के कठिनाई स्तर और उनके सामने आने वाली किसी भी तार्किक या तकनीकी चुनौतियों के बारे में पूछा। उम्मीदवारों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और नई प्रणाली की सुविधा और स्पष्टता के लिए प्रशंसा व्यक्त की।

# इफको कालोनी ब्रह्मपुत्र सेक्टर में वृहद वृक्षारोपण

**● 4500 वृक्ष रोपित किया गया मा के नाम।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सघन वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत इफको घियानगर फूलपुर में वृहद वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय, क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्रयागराज की उपस्थिति में इफको कालोनी ब्रह्मपुत्र सेक्टर में वृहद वृक्षारोपण हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून 2025) के अवसर पर %एक पेड़ माँ के नाम 2.0% नामक एक विशेष अभियान




शुरू किया गया है। यह अभियान प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई पहल का दूसरा चरण है, जिसके तहत प्रत्येक नागरिक को अपनी माँ या धरती माता के नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वरिष्ठ प्रबंधक ई.पी.सी. उमेश कुमार ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के तहत इफको ने अपने परिसर में 4500 पौधारोपण किया है तथा आने वाले कुछ दिनों में इफको अपने आस-पास क्षेत्रीय स्थानों व गाँवों में वृहद वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ महाप्रबंधक ए.पी. राजेन्द्रन, संयुक्त महाप्रबंधक अरूण कुमार, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक ई.पी.सी. मनोज तिवारी तथा बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रयागराज में झमाझम बारिश से मिली राहत, मौसम हुआ सुहाना

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** कई दिनों के इंतजार के बाद बुधवार की,सुबह प्रयागराज वासियों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई जब आसमान में घिरे काले बादलों ने आखिरकार बरसना शुरू किया। बीते तीन दिनों से शहरवासी उमस भरी गर्मी से बेहाल थे। तापमान लगातार चढ़ रहा था और वातावरण में नमी के चलते घर हो या बाहर, राहत की कोई गुंजाइश नहीं बची थी। लेकिन बुधवार की बारिश ने पूरे शहर को राहत की सांस दी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था और न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री दर्ज किया गया था, जिससे रात में भी गर्मी का असर कम नहीं हो पा रहा था। वहीं, मौसम विभाग ने गुरुवार से भारी बारिश की संभावना जताई थी, लेकिन राहत एक दिन पहले ही मिल गई। सुबह-सुबह घने बादलों ने पूरे शहर को ढंक लिया बिजली के गर्जन के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होते ही सड़कें भीग गई, पेड़-पौधे धुलकर चमकने लगे और शहर की फिज़ा में एक नई ताजगी घुल गई। गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने जैसे ही बूंदों को अपनी त्वचा पर महसूस किया, चेहरे पर सुकून झलकने लगा। बच्चे बारिश में भीगते नजर आए, वहीं कई बुजुर्ग छतों और बरामदों से इस नज़ारे का आनंद उठाते दिखे।



मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में बारिश की यही रफ्तार बनी रह सकती है और तापमान में गिरावट आने की संभावना है। यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो लोगों को आने वाले हफ्ते में गर्मी से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

# कानपुर डीएम-सीएमओ विवाद; अब कुर्सी का तमाशा, एक पोस्ट पर 2 अधिकारी

**● सीएमओ दफ्तर में गजब का ड्रामा**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के डीएम-सीएमओ विवाद में बुधवार को गजब का ड्रामा हुआ. डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह से विवाद में शासन ने सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी को निलंबित कर दिया था. उनके स्थान पर शासन से डॉ. उदय नाथ को कानपुर में सीएमओ बनाया गया था। इस बीच डॉ. हरिदत्त नेमी को हाईकोर्ट ने मंगलवार को बड़ी राहत देते हुए उनके निलंबन पर रोक लगा दी है. इसके बाद बुधवार को इस मामले में रोचक मोड़ सामने आ गया. डॉ. हरिदत्त नेमी सीएमओ कार्यालय पहुंच गए और सीएमओ की कुर्सी पर बैठ गए। इसके कुछ देर बाद ही सीएमओ कार्यालय में डॉ. उदय नाथ भी पहुंच गए. फिर दोनों हीं अफसरों में थोड़ी कहासुनी हुई और उसके बाद डॉ. उदय नाथ ने फोर्स बुलाकर पूरे मामले की जानकारी डीएम कानपुर को दे दी. इस मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है। दोनों अफसरों का अपना-अपना तर्क- हाईकोर्ट का स्टे मिलने के बाद डॉ. हरिदत्त नेमी का कहना था, अब उन्हें ही सीएमओ माना जाएगा क्योंकि, कोर्ट का आदेश है. वहीं डॉ. उदयनाथ का कहना था, उन्हें प्रमुख सचिव के आदेश पर कानपुर भेजा गया है. सीएमओ उन्हें ही माना जाएगा.उन्होंने कहा कि कुछ देर कार्यालय में रुकने के बाद अब वो फील्ड पर निरीक्षण के लिए निकलेंगे. वहीं अब एक बार फिर इस मामले की चर्चा सूबे में बहुत जोरों पर हो रही है।

चर्चा है कि डीएम और सीएमओ के बीच हुए विवाद के पीछे एक फर्म की कहानी है. सीएमओ ने फर्म को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गलत बताया था. लिखा था, एक फर्म जिसकी जांच सीबीआई ने की हो, उसे डीएम ने कैरेक्टर सर्टिफिकेट दे दिया.जबकि दूसरी ओर डीएम ने सीएमओ को उनके काम के प्रति लापरवाह माना था. ऐसे में दोनों अफसरों के बीच पहले तनातनी का दौर रहा, फिर आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए. विधायकों के हस्तक्षेप के बाद मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंच गया था।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और विधायकों ने सीएमओ की पैरवी की- डीएम-सीएमओ विवाद ने राजनीतिक रूप ले लिया था. यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना,



भाजपा एमएलसी अरुण पाठक व विधायक सुरेंद्र मैथानी ने सीएमओ की पैरवी करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को पत्र भेजा था.विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और भाजपा एमएलसी अरुण पाठक ने कहा था कि उन्होंने सीएमओ के व्यवहार, उनके कार्य व जनता के प्रति दी गई जिम्मेदारियों का समय से निर्वहन करने के लिए पत्र भेजा है. उनका जो भी मामला चल रहा है, उसमें डीएम ने अपने स्तर से कार्रवाई की है। वहीं दूसरी ओर भाजपा विधायक अभिजीत सिंह सांगा व महेश त्रिवेदी ने डीएम की पैरवी करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा था. विधानसभा अध्यक्ष व विधायकों की पैरवी भी डॉ. हरिदत्त नेमी के काम नहीं आई और उन्हें कार्रवाई का दंश झेलना पड़ गया. वहीं, इस मामले में डीएम बाजी मार ले गए थे।

# देश व्यापी हड़ताल में अपनी मांगों को लेकर गर्जी प्रयागराज की आंगनवाड़ी

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** केंद्र और प्रदेश सरकार के तानाशाही रवैए से नाराज प्रयागराज जनपद की सैकड़ों आंगनवाड़ी और सहायिकाओं ने आल इंडिया ट्रेड यूनियन के समर्थन में बुधवार को संविदा कर्मचारी महासंघ के साथ मिलकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सिविल लाइंस हनुमान मंदिर पर सुबह दस बजे एकत्रित हुई। आंगनवाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन के मंडल संरक्षक संतोष मिश्रा जिला संरक्षक मौजी लाल रावत प्रदेश संरक्षक श्याम सूरत पांडेय के नेतृत्व में जुलूस निकाल कर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए सुभाष चौराहा होकर पत्थर गिरजा घर पहुंच कर घटना प्रदर्शन में शामिल हुई जहां जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित अपर जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन अपनी मांगों को लेकर सौंपा। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए संघबके मंडल संरक्षक संतोष मिश्रा ने कहा कि केंद्र वा प्रदेश की तानाशाही सरकारें बिना सुविधा दिए ही आंगनवाड़ियों से फेसकैपचेटिंग के जरिए टी एच आर का राशन वितरण करने के लिए परेशान किया जा रहा है जो गलत है आंगनवाड़ी सरकार के विभागीय कार्यों के अलावा गैर विभागीय कार्य भी कर रही है



। संघ के जिला संरक्षक मौजी लाल रावत ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार आंगनवाड़ियों का शोषण कर रही है जब की आंगनवाड़ी और सहायिकाएं सरकारी कर्मचारियों से अधिक काम कर रही है लेकिन सरकार इन्हें बहुत ही कम मानदेय दे रही है मानदेय बढ़ाए जाने सहित इन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्ज मिलना चाहिए जब तक उन्हें सरकारी कचर8 नहीं घोषित नहीं किया जा रहा है तब तक इन्हें न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत ,26 हजार रुपए प्रति माह दिया जाए यह मुख्य मांग है। संघ के प्रदेश संरक्षक एवं संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सूरत पांडेय ने कहा कि सरकार के तानाशाही रवैया से अजीज आकर आंगनवाड़ी ट्रेड यूनियन के साथ मिलकर अपनी मांगों को मनवाने के लिए सरकार लड़ने के लिए सड़कों पर उतर चुकी है इनकी लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ने के लिए ट्रेड यूनियन ने संकल्प लिया है। यह तो एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल रही यदि सरकार जल्द ही मांगी को नहीं मानती तो अनिश्चित कालीन काम बंद कलम बंद हड़ताल होगी जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। मौके पर शुरूर फातिमा, रनों जायसवाल, सुशीला देवी, मंजू देवी, साबित देवी, प्रभावती, संजू सिंह सहित सैकड़ों को संख्या में आंगनवाड़ी और सहायिकाएं मौजूद रही।

# 'वोट बंदी' के खिलाफ बिहार की जनता सड़कों पर, राहुल-तेजस्वी के नेतृत्व में बड़ा प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** नेता विपक्ष और सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तर्ज पर बिहार में वोटों की चोरी की कोशिश की जा रही है। विपक्ष की वोटबंदी विरोधी पटना रैली में जबरदस्त भीड़ देखी गई।राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग का काम संविधान की रक्षा करना है। चुनाव आयोग अपना काम नहीं कर रहा है। बिहार में हम ये नहीं होने देंगे। बिहार में आज महागठबंधन ने वोटर लिस्ट रिवीजन प्रक्रिया के विरोध में 'बिहार बंद' बुलाया हुआ है। बिहार बंद के कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सीधे-सीधे चुनाव आयोग पर हमला बोला। इस बंद में इंडियन नेशनल डिवेलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (INDIA) के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए, जिनमें CPI महासचिव डी राजा, माले नेता दीपंकर भट्टाचार्य, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, कन्हैया कुमार और संजय यादव प्रमुख थे।

राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में चुनाव चोरी करने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने महाराष्ट्र और हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि वहां चुनाव चोरी किया गया। महाराष्ट्र में हुए लोकसभा चुनाव मे इंडिया गठबंधन जीत कर आया लेकिन विधानसभा में हम बुरी तरह हार गए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में एक करोड़ नए वोटर शामिल किए गए। आश्चर्यजनक है कि जहां - जहां वोटर बढ़े वहां बीजेपी जीती। सारे नए वोट बीजेपी को गए। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग का काम संविधान की रक्षा करना है। चुनाव आयोग अपना काम नहीं कर रहा है। बिहार में हम ये नहीं होने देंगे। चुनाव आयोग का काम बीजेपी की रक्षा करना नहीं है। इस दौरान उन्होंने सीधे तौर पर चुनाव आयोग को चेतावनी देते हुए कहा कि कानून आपको नहीं छोड़ेगा। वोटर लिस्ट विवाद के खिलाफ बिहार बंद के दौरान पटना में विपक्षी नेताओं को सुनने के लिए बुधवार को लोग उमड़ पड़े। भारत का चुनाव आयोग सभी नेताओं के निशाने पर रहा लेकिन नेता विपक्ष राहुल गांधी ने उसकी विश्वसनीयता पर करारी चोट की।

राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनावों में जैसा 'मतदान में हेराफेरी' का पैटर्न देखने को मिला, वही कोशिश अब बिहार में की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र विधानसभा



चुनावों में एक करोड़ नए वोटर जोड़कर वोटों की चोरी की गई और सभी नए वोट भारतीय जनता पार्टी (BJP) को गए। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में कुछ बिल्डिंगों में 4,000-5,000 वोटर रजिस्टर किए गए, जबकि गरीब मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए। राहुल गांधी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, ÷हम बिहार आए हैं, जहां संविधान के लिए लोग शहीद हुए हैं। लेकिन आज संविधान के उस सबसे बड़े अधिकार- वोट देने के अधिकार- को छीनने की कोशिश हो रही है। जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चुराया गया, वैसी ही साजिश अब बिहार में चल रही है। पर वे नहीं जानते कि यह बिहार है, यहां के लोग ऐसा कभी नहीं होने देंगे।

राहुल गांधी ने कहा, "लोकसभा चुनाव के कुछ ही महीनों बाद महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनाव हुए। लोकसभा में इंडिया गठबंधन को महाराष्ट्र में बहुमत मिला, लेकिन विधानसभा में प्रदर्शन बहुत खराब रहा। हमने तब कुछ नहीं कहा, पर डेटा की पड़ताल शुरू की। हमने पाया कि लोकसभा और विधानसभा के बीच एक करोड़ नए वोटर जुड़े, और 10 प्रतिशत ज्यादा मतदान हुआ। जब हमने देखा कि ये नए वोटर कहां से आए, तो चौंक गए- हर उस सीट पर जहां वोटर बढ़े, वहां भाजपा जीत गई। सभी नए वोट बीजेपी को मिले।"

पुलिस ने जुलूस को मैंगल्स रोड की ओर बढ़ने से रोकने की कोशिश की, जहां कार्यालय स्थित है, जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक सड़कों पर उतर आए और दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद कराकर बंद को लागू करने की कोशिश की। राजद और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के कार्यकर्ताओं ने पटना के मनेर में टायर जलाए और सड़कें जाम कर दीं। राज्य भर में रोकी गई ट्रेनों में श्रमजीवी एक्सप्रेस और विभूति एक्सप्रेस भी शामिल थीं।

बिहार में अन्य स्थानों पर भी मतदाता सूची संशोधन के खिलाफ जुलूस निकाले गए, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के खिलाफ नारे लगाते हुए बैनर ले रखे थे।

24 जून को, ईसीआई ने संशोधन की घोषणा की, जिसमें तेजी से शहरीकरण, लगातार प्रवास, पहली बार मतदाताओं की बढ़ती संख्या, मौतों की सूचना न देने और गैर-दस्तावेज विदेशियों के नामों को शामिल करने के कारण मतदाता सूची को साफ करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बलों की भारी तैनाती के बीच जहानाबाद, आरा, अररिया, सुपौल, सहरसा, कटिहार और किशनगंज से भी विरोध प्रदर्शन की खबरें आईं। दरभंगा में, आरजेडी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नंगे बदन विरोध प्रदर्शन किया और टायर जलाकर सड़कें जाम कर दीं। वैशाली में मुजफ्फरपुर और हाजीपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-22 को भैंसों की मदद से अवरुद्ध कर दिया गया। नवादा में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थकों ने झारखंड सीमा के पास रजौली में एनएच-20 पर वाहनों का आवागमन बाधित किया। विधायक अमरजीत कुशवाहा के नेतृत्व में राजद और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के कार्यकर्ताओं ने सीवान के जेपी चौक को जाम कर दिया। व्यावसायिक प्रतिष्ठान, शैक्षणिक और वित्तीय संस्थान बंद रहे। इस पूरे घटनाक्रम ने बिहार चुनावों से पहले सियासी तापमान को काफी बढ़ा दिया है। विपक्ष ने पटना स्थित चुनाव आयोग कार्यालय तक जुलूस निकाला। बिहार में मतदाता सूची संशोधन ने मताधिकार से वंचित होने की चिंताओं को जन्म दिया है।

विपक्षी दलों ने चुनाव से महीनों पहले संशोधन की घोषणा में देरी पर सवाल उठाया है। उनका तर्क है कि इसे पहले किया जा सकता था। पिछले एक दशक में, चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में शामिल करने के लिए आधार और राशन कार्ड को स्वीकार किया है। संशोधन के लिए जन्म प्रमाण पत्र और माता-पिता के दस्तावेज़ों की आवश्यकता होती है। विपक्षी दलों का कहना है कि जिनके पास ऐसे दस्तावेज़ नहीं हैं, खासकर पिछड़े समुदाय, वे अपने मताधिकार से वंचित हो जाएँगे और उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ेगा।

# आई आर ई एफ के नव निर्वाचित महामंत्री मनोज पाण्डेय एवं संगठन सचिव कमल उसरी का प्रयागराज पहुंचने पर भव्य स्वागत

**● वर्कर्स यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर मनाया जश्न।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** विगत दिनों कटनी में 06 जुलाई 2025 को सम्पन्न हुए इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन IREF का चौथे राष्ट्रीय महाधिवेशन में नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन केंद्रीय महामंत्री कॉम मनोज पाण्डेय को फेडरेशन का राष्ट्रीय महामंत्री और एनसीआरडब्ल्यूयू के केंद्रीय संगठन मंत्री को डॉ कमल उसरी को राष्ट्रीय संगठन सचिव एवं शिवेंद्र प्रताप सिंह को सहायक सचिव व संदीप सिंह को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। राष्ट्रीय पदाधिकारी चुने जाने के बाद आज अपने गृह जनपद इलाहाबाद पहली बार पहुँचने पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने प्रयागराज जं पर माल्यापर्ण कर व मिठाई बाटकर हार्दिक अभिनंदन व स्वागत करते हुए जश्न मनाया। स्वागतकर्ताओ में मुख्य रूप से चर्चित सामाजिक चिंतक और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ विक्रम ने कहा हमें विश्वास कॉम मनोज



पांडेय व डॉ कमल उसरी को इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन का राष्ट्रीय महासचिव और राष्ट्रीय संगठन सचिव चुने जाने के बाद जहाँ इलाहाबाद शहर का गौरव बढ़ा है, वही जनता की सवारी भारतीय रेलवे के निजीकरण व एनपीएस व यूपीएस जारी संघर्ष और मजबूत होगा।

कॉम जितेंद ने कहा कि- रेलवे कर्मचारियों उत्पीड़न के मनोज पांडेय व डॉ कमल उसरी लगातार संघर्ष करते रहते हैं हमें विश्वास है उपरोक्त लोग नई जिम्मेदारी मिलने के बाद और भी मजबूती के साथ कर्मचारियों की लड़ाई जारी रखेंगे। स्वागत के बाद मनोज पाण्डेय ने कल 09 जुलाई 2025 को होने वाली राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का समर्थन करते हुए वर्कर्स यूनियन नेके कार्यकर्ताओ से आम हड़ताल को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि इण्डियन रेलवे इम्प्लॉईज़ फेडरेशन के कार्यकर्ता रेलवे के सभी जोनो एवं मण्डलों में 4 श्रमिक कानूनों को रद्द करने, पुरानी पेन्शन बहाल करने एवं निजीकरण के विरोध में एवं 8 घण्टे की ड्यूटी तय करने के लिए अपने -अपने कार्य स्थल पर विरोध दर्ज कराएँगे इसके लिए दिशा निर्देश जारी किया जा चूका है। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से राजेश शर्मा, राहुल श्रीवास्तव, संदीप सिंह, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, कमल कुमार, आशीष कुलश्रेठ, जीतेन्द्र विश्वकर्मा, राजकुमार मदन पाल यादव, अजीत सिंह, आशुतोष कुमार, राजीव यादव, महेन्द्र कुमार ,अमित कुमार, विवेक कुमार राणा, बुद्धप्रिय, विनय पाण्डेय, अमित कनौजिया, विजय पटेल, रवि शंकर, विवेक कुमार, रतन तिवारी ,सुधीर कुमार, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# थाना थरवई पुलिस टीम द्वारा 03 वांछित अभियुक्त 01 बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया

**● कब्जे से लूट का कुल 6678/-रूपये, 01 आटोमेटिक टिकट मशीन व अन्य सामान तथा घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्तव अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थरवई के कुशल नेतृत्व में थाना थरवई पर पंजीकृत मु0अ0सं0-186/25 धारा-309(6) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित 03 अभियुक्त 1. संजय कुमार उर्फ सौरभ कुमार पुत्र रामलखन 2. सचिन कुमार पुत्र रामलखन निवासीगण ग्राम सन्दलपुर मलेथुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज 3. धीरज पटेल पुत्र स्व0 विजय बहादुर पटेल निवासी ग्राम गुलचपा चांदोपारा थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना थरवई पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-08.07.2025 को थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बेरूई स्थित आंवले के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया व 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया तथा कब्जे से लूट का कुल 6678/-रूपये, 01 आटोमेटिक टिकट मशीन (रोडवेज की), 08 टिकट मशीन कार्टिज पेपर रोल, 05 मैनुअल टिकट, 01 अब्सट्रैक्ट फार्म रोडवेज व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल वाहन सं0-UP 70 AE 1320 बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि दिनांक-06.07.2025 को गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत रूदापुर स्थित दिव्य गोकुल ढाबा के पास रोडवेज बस सं0-UP78 KT 8145 के



परिचालक अशोक कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 राम नयन पाण्डेय निवासी ग्राम गोपलापुर थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर से टिकट के पैसे के लेन-देन एवं बस को रोकने को लेकर विवाद किया गया था तथा अपने 01 अन्य साथी को मोटरसाइकिल से बुलाकर परिचालक अशोक कुमार पाण्डेय उपरोक्त से मार-पीट करते हुए कैशबैग जिसमें सवारी किराया का करीब 9000/-रूपये एवं टिकट काटने की ATM मशीन, टिकट, मार्ग पत्र आदि छीन लिया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना थरवई पर मु0अ0सं0-186/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी, रेफर



**त्रिवेणीगंज(सुपौल)** प्रखंड के जदिया थाना क्षेत्र के जदिया - छातापुर मार्ग में बुधवार को दो बाइकों की टक्कर में दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसे राहगीरों व आसपास के लोंगो के द्वारा ईलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज समीप निजी क्लिनिक में भर्ती कराया लाया गया जहाँ चिकित्सक द्वारा उन दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उन दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जख्मियों में एक बाइक पर सवार की पहचान बीरपुर थाना क्षेत्र के बसंतपुर वार्ड 10 निवासी अरुण गुप्ता के 35 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई है, जो मधेपुरा जिले के उदाकिशुनगंज के बंधन बैंक में आरओ के पद पर कार्यरत है। वही दूसरे बाइक पर सवार की पहचान घायल जदिया थाना क्षेत्र के मानगंज पूर्वी वार्ड 8 निवासी हरिहर यादव के 45 वर्षीय पुत्र सुरेन्द्र यादव के रूप में की गई है। घायल के परिजनों ने बताया कि बुधवार के दिन ग्यारह बजे उस समय घटना घटी जब शिवम अपनी बाइक से उदाकिशुनगंज से छातापुर सड़क मार्ग से होकर अपने घर बसंतपुर जा रहा था इसी क्रम में मानगंज वार्ड 7 के समीप एक अन्य सड़क से तेज रफ्तार से आ रही बाइक जिससे सुरेंद्र यादव चला रहा था, अचानक उसकी वाइफ की टक्कर शिवम के बाइक से हो गई और दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वही घटना कि सुचना मिलते ही स्थनीय पुलिस निजी अस्पताल पहुँचे और दोनों जख्मी से घटना कि जानकारी ली।

### अनूपलाल यादव महाविद्यालय में प्रो. अनिल कुमार भगत ने संभाला प्रभारी प्राचार्य का प्रभार



**त्रिवेणीगंज (सुपौल)।** अनूपलाल यादव महाविद्यालय, त्रिवेणीगंज में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार भगत को साशी निकाय के सचिव श्री कपलेश्वर यादव द्वारा प्रभारी प्राचार्य का प्रभार सौंपा गया। प्रो. अशोक कुमार द्वारा प्राचार्य कक्ष में उन्हें विधिवत बैठाकर चाबी सौंपते हुए प्रभार सौंपा गया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति एवं महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रभार ग्रहण समारोह में भूमि साह, मुन्ना सिंह, उमा गुप्ता, डॉ. रामानंद सिंह समेत अन्य विशिष्ट जन मौजूद रहे। वहीं महाविद्यालय की ओर से उप प्राचार्य सह आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. अशोक कुमार, डॉ. सुदीत नारायण यादव, प्रो. कमलाकांत यादव, प्रो. प्रदीप प्रकाश, प्रो. अरुण कुमार, प्रो. महेश कुमार सराफ, प्रो. अरविंद कुमार राय, प्रो. विद्यानंद यादव, प्रो. राजकुमार, प्रो. कुलानंद यादव, प्रो. तरुण कुमार सिंह, अनुपम कुमार, मृत्युंजय कुमार सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। शिक्षकेत्तर कर्मियों में सुरेंद्र कुमार, भूषण कुमार, गगन कुमार, दिग्दर्शन, रंजन कुमार, निशांत कुमार, कुणाल कुमार करण, मुकेश कुमार, बाल किशोर कुमार, मनोज कुमार, हीरेंद्र कुमार एवं अन्य की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### करोंग्राम में विधिवत हुआ माँ शीतला देवी का पूजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**करों, देवघर, झारखंड-** करों प्रखंड के करोंग्राम में बीते मंगलवार को माँ शीतला देवी की पूजा पारंपरिक अनुष्ठानों और विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। पूजा को लेकर पूरे गाँव में उत्सव जैसा माहौल रहा। ग्रामीणों ने पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। पुरोहित कालीचरण दास आचार्य, परेश शर्मा, आलोक शर्मा, श्यामापद बनर्जी, ओपी आचार्य और प्रभात आचार्य के नेतृत्व में यज्ञ, ध्यान एवं मां शीतला का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कुल 5008 बिल्व-पत्र चढ़ाए गए। पुष्पांजलि के बाद श्रद्धालुओं को पुरोहितों ने बारी-बारी से मंगल टीका लगाया। पुरोहित कालीचरण दास आचार्य ने माँ शीतला की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित रूप से देवी का स्मरण और पूजा करने से महामारी और चेचक जैसे रोगों से रक्षा होती है। सुबह से ही श्रद्धालु दूध और अरवा चावल लेकर पूजा स्थल पर पहुँचने लगे। खीर प्रसाद के वितरण के समय भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गाँव के हर घर से महिला, पुरुष और बच्चे खीर प्रसाद लेने देर शाम तक पहुँचते रहे। पूजा आयोजन को सफल बनाने में पूजा समिति के स्वयंसेवकगण पूरी तत्परता से जुटे रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में बाजार बंद रहा असरदार

स्वतंत्र प्रभात





**त्रिवेणीगंज।** मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ महागठबंधन द्वारा बुलाए गए बिहार बंद का बाजार में बुधवार को व्यापक असर देखा गया। सुबह करीब 9 बजे से ही महागठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता ब्लॉक चौक और चिलौनी नदी पुल के पास एकत्रित हो गए और एनएच 327ई को बाजार के दोनों छोड़ पर जाम कर दिया और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारी केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और सड़क पर उतरकर चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का जमकर विरोध किया। महागठबंधन कार्यकर्ता अपने अपने हाथों में पार्टी झंडे लेकर बाजार में घूम-घूम कर दुकानदारों से अपनी दुकानें बंद कर इस बंदी को सफल बनाने की अपील कर रहे थे।

बंदी के दौरान बाजार की दुकानें बंद रहीं और जनजीवन प्रभावित हुआ। जाम के दौरान कई शिक्षक और अन्य विभागों के कर्मियों समेत आमलोग बुरी तरह फंसे रहे और सभी सड़क से जाम हटने का इंतजार कर रहे थे लेकिन महागठबंधन के नेता व कार्यकर्ताओं ने पांच घंटे बाद जाम को समाप्त किया जिसके बाद पुनः आवागमन बहाल हो सकी और बाज़ारें खुली। जाम के दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण लोगों के अधिकारों का हनन है और इसमें पक्षपात की आशंका है उन्होंने चुनाव आयोग से इस निर्णय को वापस लेने की मांग की।बंद को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी मौके पर सक्रिय दिखे। जाम के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, हालांकि किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। थानाध्यक्ष रामसेवक रावत,सीआई सुनील कुमार पासवान और मजिस्ट्रेट सह आरओ राकेश कुमार पुलिस बलों के साथ जाम स्थलों पर मौजूद थे और स्थिति पर नजर बनाए रखे हुए थे। बंदी के दौरान

महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन लोकतांत्रिक तरीके से बिहार के लोगों की आवाज़ को बुलंद करने का माध्यम है और जब तक सरकार इस मुद्दे पर पुनर्विचार नहीं करती और इसे वापस नहीं लेगी तो यह आंदोलन आगे भी जारी रह सकता है बंदी के दौरान एनएच 327ई को जाम कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों में राजद जिला उपाध्यक्ष बसंत यादव,सज्जन कुमार संत,माले नेता जयनारायण यादव,कॉमरेड डॉक्टर अमित कुमार,रवि कुमार सुमन,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कौशल यादव, शत्रुघ्न प्रसाद चौधरी,नीतीश कुमार,अभिषेक कुमार,माले छात्र नेता संतोष कुमार सियोटा,राजद नेता अजीत कुमार गुड्डू समेत दर्जनों कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के आलोक में 65 गर्भवती महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 जुलाई को प्रखण्ड के विभिन्न सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आई 65 गर्भवती महिलाओं की जांच चिकित्सक गंगा शरण साह एवं प्रीतम कुमारी ने की।स्वास्थ्य जांच के क्रम में वजन, रक्तचाप, आयरन तथा स्वास्थ्य की अन्य जांच की गई। जांचोपरांत महिला चिकित्सक प्रीतम कुमारी ने गर्भवती महिलाओं को भारी कार्य न करने की सलाह दी, लेकिन शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए घरेलू हल्का काम करने को कहा। उन्होंने संतुलित भोजन तथा मौसमी सब्जियाँ और फल खाने की भी सलाह दी।जांच के बाद आवश्यकता अनुसार दवाइयाँ दी गई। एक सवाल के जवाब में चिकित्सकों ने बताया कि गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण विशेष रूप से प्रसव के समय लाभकारी होता है।ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को यह जांच की जाती है। यदि किसी कारणवश या अवकाश होने के कारण यह संभव न हो तो अगले दिन जांच की जाती है। स्वास्थ्य सहिया के साथ विभिन्न सुदूर गांवों से गर्भवती महिलाएँ स्वास्थ्य केंद्र



आती हैं।स्वास्थ्य परीक्षण में नर्सों, तकनीशियन अटल प्रसाद, योगेश प्रसाद तथा मेडिकल कर्मियों का सराहनीय सहयोग रहा। समाचार संकलन तक स्वास्थ्य जांच जारी थी।

## हजारीबाग में खेल क्रांति की अगली कड़ी- सांसद खेल महोत्सव-2025 में शामिल होंगे 22,500 फुटबॉल खिलाड़ी

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-**हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर 'सांसद खेल महोत्सव-2025' का आयोजन लगातार दूसरी बार किया जाएगा। यह टूर्नामेंट 15 जुलाई से रामगढ़ के गोला मैदान से शुरू होकर 15 सितंबर तक चलेगा, जिसमें 22,500 खिलाड़ी और 1,500 टीमें भाग लेंगी। इस महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होगा, जिसमें ग्रामीण प्रतिभाओं को उभारने, महिला खिलाड़ियों को अवसर देने और नशामुक्ति जैसे सामाजिक संदेशों को बढ़ावा देने की योजना है। प्रत्येक विजेता टीम को 25,000 रुपये व उपविजेता को 15,000 रुपये, ट्रॉफी और मेडल से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन की खास बात यह है कि हजारों नमो जर्सी की सिलाई स्थानीय महिलाओं द्वारा की जा रही है। सांसद जायसवाल ने बताया कि यह टूर्नामेंट प्रधानमंत्री मोदी के 'लोकल फॉर वोकल' अभियान और फिट इंडिया मूवमेंट को भी बढ़ावा देगा। उद्घाटन और समापन समारोह में स्थानीय कलाकारों और राष्ट्रीय स्तर के रेफरी भी भाग लेंगे। यह आयोजन हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मौके पर भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, के.पी. ओझा, अनिल मिश्रा, हरीश श्रीवास्तव, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, कयूम अहमद, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजपा जिला पदाधिकारी रेणुका साहू, रमेश ठाकुर, दामोदर सिंह, जय नारायण प्रसाद, हजारीबाग भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष तनवीर अहमद, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, भाजपा एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रमेश हेंब्रम, रामगढ़ जिले के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, दिनेश सिंह राठौर, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि खोखा सिंह उर्फ द्वारिका सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, अजय साहू, किशोरी राणा, नागेंद्र गुप्ता, विजय वर्मा, बंटी तिवारी, जयप्रकाश, भाजपा नगर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विवेक बरियार, दारू मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, बलदेव बाबू, दामोदर साहू, अविनाश कुमार, रामजी गुप्ता, शिवपाल यादव, ऋषि शर्मा, नमो खेल श्रृंखला से जुड़े गोला मंडल सांसद प्रतिनिधि प्रीतम झा ,बरलंगा मंडल सांसद प्रतिनिधि मनसु बेदिया, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, सुभाष रजवार, बिकास मनी पाठक, बिसाल कुमार ,जितेंद्र साहू, सूरज कुमार प्रदीप कुशवाहा, महेश महतो, प्रदीप कुमार, जितेंद्र महतो, राकेश कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिंह रबी हाज़रा, ललन कुशवाहा, राकेश सिन्हा, शिव साहू, मुकेश साहू, अशोक कुमार, मनोज कुमार महतो, बिजय ओझा, सतेंद्र महतो, बद्री साव, संतोष महतो, उत्तम कुशवाहा सहित रेफरी का एक समूह और खेल संचालन समिति से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न, 11 सदस्यों का हुआ चयन

**● विरसा उच्च विद्यालय डुमरी में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न**

**सर्वसम्मति से 11 सदस्यों का हुआ चयन, शिक्षा को राजनीति से अलग रखने पर बल**



स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** चौपारण प्रखंड के अंतर्गत विरसा उच्च विद्यालय डुमरी में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बसंत कुमार साव ने की। इस बैठक में सर्वसम्मति से समिति के 11 सदस्यों का चयन किया गया। चयनित सदस्यों में सीताराम रविदास (सेवई), संजय कुमार (ओबरा), कमेश्वर साव (डुमरी), करामत मियाँ (मलिकाना), सहदेव प्रसाद यादव (चक) संजय कुमार साव (डुमरी), भुनेश्वर रजक (डुमरी), रंजीत कुमार गुप्ता (डुमरी), दिनेश ठाकुर (गोबिंदपुर), कामेश्वर भुइंया (सेवई), गणेश साव (डुमरी) शामिल हैं। बैठक में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नकुलदेव रजक, सचिव टिंकू कुमार, संघ रक्षक लिलो साव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रबंधन समिति में अध्यक्ष बसंत कुमार साव, कोषाध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, सहदेव प्रसाद यादव, जगरनाथ साव, भोला साव, जीतेन्द्र रजक, विसून साव, लखन साव, अशोक रजक, भुनेश्वर रजक, कमेश्वर साव, रंजीत गुप्ता, गणेश साव, संजय कुमार और सीताराम रविदास भी मौजूद रहे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष बिरेन्द्र रजक ने कहा विद्यालय शिक्षा का मंदिर है। इसमें किसी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए। सभी लोग ईमानदारी से सहयोग करें।

## आशा संघ की हड़ताल का असर- सुरक्षित मातृत्व शिविर में सन्नाटा, 300 की जगह पहुंचे सिर्फ 51 लाभार्थी

स्वतंत्र प्रभात



**सुपौल 7 त्रिवेणीगंज-** सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल, त्रिवेणीगंज में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर इस बार फीका रहा। आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल के कारण शिविर में सूना माहौल देखने को मिला। जहां आमतौर पर 300 से अधिक गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचती थीं, वहीं इस बार महज 51 महिलाएं ही लाभ ले सकीं।

हर महीने 9 तारीख को राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में आयोजित होने वाले इस शिविर में गर्भवती महिलाओं की ब्लड प्रेशर, शुगर, खून और यूरिन जैसी अहम जांचें की जाती हैं। साथ ही उन्हें सरकार की ओर से पौष्टिक आहार भी वितरित किया जाता है। इस बार शिविर की व्यवस्था तो पूरी तरह तैयार थी, लेकिन आशा कार्यकर्ताओं की गैरमौजूदगी का बड़ा असर देखने को मिला। महिलाओं को समय पर सूचना नहीं मिल सकी, जिससे उपस्थिति में भारी गिरावट दर्ज की गई।

उधर, प्रखंड आशा संघ की अध्यक्ष महालक्ष्मी देवी के नेतृत्व में आशा कार्यकर्ताओं ने शिविर का बहिष्कार किया। सीता कुमारी, शीला, रेनू कुमारी, सोनी, सुधा कुमारी, सुलोचना, कंचन कुमारी, भारती कुमारी सहित सैकड़ों आशा कार्यकर्ता अनुमंडलीय अस्पताल के मुख्य गेट के सामने खड़ी रहीं और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

## पाकुड़िया प्रखण्ड में धीमी गति से प्रारंभ हुई धान की रोपनी

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** पाकुड़िया प्रखण्ड में होती रही मानसूनी वर्षा के बीच फिलहाल धीमी गति से धान की रोपनी का कार्य प्रारंभ हो गया है। यद्यपि प्रखण्ड में भारी वर्षापात नहीं होने से ऊपरी भूमि में बड़े पैमाने पर जल जमाव नहीं हो पाया है। वहीं निचली जमीन में पानी स्टोर है और रोहिणी नक्षत्र में धान के बीज डालने से बीजों के तैयार होने पर कृषक रोपनी प्रारंभ कर चुके हैं। अब तक प्रखण्ड में हल्की वर्षा होती देखी जा रही है। कभी-कभी बारिश होती है और फिर रुक जाती है, इसी प्रकार अब तक वर्षा होती रही है। हालांकि वर्षा होती रहने से कृषक काफी प्रसन्न दिख रहे हैं। खेतों में नमी है और किसान रोपनी के लिए खेतों की तैयारी में जुटे हुए हैं। किसानों का मानना है कि एक बार भारी वर्षा हो जाए तो खेती में तेजी आएगी। अब बीज तैयार होने को हैं।

वर्षा से लतादि वृक्षों में पसरी हरियाली और प्राकृतिक सुषमा में अपूर्व निखार से मौसम सुहावना हो गया है। वहीं उमस भरी गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली है। लेकिन वर्षा के कारण प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया की दो मुख्य सड़कें – पाकुड़िया-दुमका पीडब्लूडी की मेन पक्की सड़क से बाजार होते हुए पाकुड़िया-मजडीहा पीसीसी पथ तक तथा पुनः हाट प्रांगण से पुराना ग्रामीण बैंक पीसीसी पथ तक की सड़कें – पूरी तरह से जीर्ण हो चुकी हैं। उक्त पथों पर बड़े-बड़े गड्ढों में जल जमाव से वाहन चालकों और आमजन को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं दूसरी ओर बाजार की पक्की नालियों की पूरी सफाई नहीं किए जाने से वर्षा का पानी जमा होकर गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे गंदगी फैलने की आशंका नागरिकों को है। इन दिनों स्वच्छता अभियान के आलोक में लोगों को पंचायतों तथा जल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से जागरूक किया जा रहा है, परंतु नालियों में पड़ी गंदगी और कई जगह नलकूपों की मरम्मत नहीं किए जाने का काम क्या पंचायतों तथा जल एवं स्वच्छता विभाग का नहीं है? नागरिक तो अब जागरूक हो चुके हैं। अब पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित विभागों को अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। जल का संरक्षण करना नागरिकों का कर्तव्य है, परंतु नलकूपों और जल टंकियों से जलापूर्ति का कार्य विभाग का दायित्व है।

## गुरु पूर्णिमा पर संकट मोचन धाम में भव्य भजन संध्या और महाआरती आज

स्वतंत्र प्रभात

**पाथरोल, करौं, देवघर, झारखंड-** आषाढ़ सह गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज की संध्या संकट मोचन धाम, पाथरोल में भव्य भजन संध्या और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मंदिर समिति द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित की जाने वाली नियमित भक्ति श्रृंखला का हिस्सा है, जो श्रद्धालुओं के सहयोग से निरंतर सफलतापूर्वक संपन्न होता आ रहा है।मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत संध्या 8 बजे से होगी, जिसमें श्रीराम व हनुमान जी के भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति होगी। इसके उपरांत रात्रि 9:30 बजे संकट मोचन हनुमान जी की महाआरती संपन्न की जाएगी। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु क्षेत्रीय श्रद्धालुओं, सेवाभावियों एवं भक्तों से सहयोग की अपील की है। इच्छुक भक्त फोनपे या गूगल पे के माध्यम से मोबाइल नंबर 9934531724 पर अपनी श्रद्धानुसार सहयोग राशि भेज सकते हैं।

श्री पाठक ने बताया कि इस धार्मिक



आयोजन का उद्देश्य समाज में भक्ति, समर्पण और सामूहिक एकता की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से समय पर मंदिर प्रांगण में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय के अनुसेवक ओमप्रकाश सिंह का निधन, कार्यालय परिसर में शोक सभा आयोजित

**● सहकर्मियों ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना, कार्यालय का कार्य रहा स्थगित**

स्वतंत्र प्रभात



**बरही, झारखंड-** बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कार्यरत अनुसेवक ओमप्रकाश सिंह के आकस्मिक निधन की खबर से पूरे कार्यालय परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को जैसे ही उनके निधन की सूचना मिली, कार्यालय परिवार के कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने शोकसभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।शोकसभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो और अंचलाधिकारी अमित किस्कू समेत सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। सीओ अमित किस्कू व बीडीओ जयपाल महतो ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ओमप्रकाश सिंह एक मृदुभाषी, मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी थे। उन्होंने सदैव अंचल के कार्यों को तत्परता से संपादित किया और सभी के साथ मधुर व्यवहार बनाए रखा। उन्होंने कहा कि उनके निधन से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखकर ओमप्रकाश सिंह की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसके बाद निर्णय लिया गया कि दिवंगत कर्मचारी के सम्मान में आज प्रखंड सह अंचल कार्यालय में किसी प्रकार का कार्य नहीं किया जाएगा।

शोकसभा में बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, प्रधान लिपिक चिंतामणि टूटी, राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी अंचल उपनिरीक्षक रीतलाल रजक, राजस्व कर्मचारी संजीव राजीव, अंचल अमीन चेतन यादव, प्रभारी नाजीर कृष्ण मोहन, लिपिक तारकेश्वर कुमार यादव, दिव्यता कुमारी, अनुसेवक नारायण कुमार, उर्मिला देवी, कंप्यूटर ऑपरेटर सहोदर पासवान, जीबलाल कुमार, सागर कुमार, प्रधान लिपिक गोपाल राम, मनरेगा जेई मोहम्मद आसिफ, स्थापना प्रभारी इम्तियाज अंसारी, नाजीर जितेंद्र रविदास, लिपिक मंजु कुमारी, रीता कुमारी, दीपक कुमार, ग्राम रोजगार सेवक मोहन मिर्धा, प्रशांत कुमार, मुखिया मोतीलाल चौधरी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, अशोक सिंह, चंदन कुमार, वीरेंद्र यादव समेत कई कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## चौपारण केशरवानी महिला समिति का हुआ गठन, सुषमा केशरी बनीं अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** चौपारण प्रखण्ड अंतर्गत केशरवानी आश्रम परिसर में केशरवानी महिला समिति का गठन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वसम्मति से सुषमा केशरी को समिति की अध्यक्ष बनाया गया। वहीं संगीता केशरी को उपाध्यक्ष, उमा केशरी को सचिव, अनीता केशरी को उपसचिव, सोनी केशरी को कोषाध्यक्ष तथा संध्या केशरी एवं अंजनी केशरी को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रभा देवी को वैवाहिक मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त, समिति में प्रीति केशरी, आरती केशरी, ज्योति केशरी, सुमन केशरी, किरण केशरी एवं श्वेता केशरी को सक्रिय सदस्य (एक्टिव मेंबर) के रूप में शामिल किया गया। गठन के अवसर पर उपस्थित समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने नवगठित समिति के सदस्यों को बधाई दी एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अश्लील वीडियो बनाकर पैसा वसूलने वाला गिरफ्तार



गाजीपुर। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा ग्राइन्डर डेटिंग ऐप के माध्यम से लोगो को जोडकर दोस्ती करने व अश्लील वीडियो बनाकर उनको गुमराह करके डरा-धमकाकर अवैध पैसों की वसूली करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।इस संबंध में पुलिस ने बताया की दिनांक 08.07.2025 को वादी श्री रामप्रसाद गुप्ता पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी नोनहरा,जनपद गाजीपुर हाल पता रजदेपुर तेलपुरवा थाना कोतवाली, जिला-गाजीपुर को नौकरी दिलाने के नाम पर एक एप्प से जोड़ना तथा अपने जाल में फंसाना तथा नौकरी की बात को लेकर अभियुक्त कुणाल पाण्डेय अपने घर मुहल्ला नियाजी थाना कोतवाली गाजीपुर बुलाकर मार पीटकर दूसरे लड़के से फिजिकल रिलेशन बनाने हेतु कहना तथा मना करने पर मारना पीटना व वीडियो बनाना व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 10000 रूपये मांगना तथा वादी द्वारा अपने दोस्त अश्विनी को फोन कर अभियुक्त कुणाल के एकाउण्ट में 5000 रूपये ट्रांसफर कराने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 506/2025 धारा 115(2), 308(5), 318(2), 351(3) बीएनएस बनाम 1. कुणाल पाण्डेय पुत्र अशोक पाण्डेय निवासी नियाजी थाना कोतवाली, जनपद गाजीपुर आदि के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बयालसी पीजी कालेज में हुआ वृक्षारोपण



जौनपुर- जलालपुर,एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बयालसी पीजी कालेज जलालपुरजौनपुर में आज बड़ी संख्या में महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। प्राचार्य डॉ . अलकेश्वरी सिंह ने लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने व उसकी सुरक्षा करने का आह्वान किया है।उन्होंने कहा कि इस अभियान को मां से जोड़ा गया है। साथ ही लक्ष्य रखा गया है कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाए। भावनात्मक जुड़ाव के बाद हर व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाएगा। ज्ञात हो कि पर्यावरण को बचाने और हरियाली बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई है। पूरे प्रदेश में एक दिन में लाखों पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्राचार्य डॉ.अलकेश्वरी सिंह ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगाकर अपनी मां की याद को चिर स्थायी बनाये एंव धरती मां को भी सवारें। अपनी मां की स्मृति में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। इस अवस इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ अंशुमान सिंह, डॉ जितेंद्र प्रसाद यादव ,विनय प्रताप सिंह, डॉ नीलम सिंह, श्रीमती प्रतिभा सिंह छात्र छात्राएं उपस्थित रही।।

### यातायात विभाग का स्कूली बसों को लेकर चल रहा है सघन चेकिंग अभियान

जौनपुर। यातायात पुलिस द्वारा बुधवार को स्कूली वाहनो के विरुद्ध विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें मानक के अनुरुप बसों के खिड़की, जाली, आपातकालीन द्वार की स्थिति, वाहन का रख-रखाव, यातायात नियमों के पालन, वाहन के समस्त प्रपत्र जैसे-आर0सी0, फिटनेस, बिमा, ड्राइवर का डी0एल0 तथा सीट से अधिक बच्चे तो नही बैठाये गये है, की जाँच की गयी। जिसमें इनके विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 56 वाहनो को चेक किया गया व 16 वाहन के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी । साथ ही जनपद के सभी विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को सूचित किया जाता है कि प्राइवेट वाहनों का प्रयोग बच्चों को विद्यालय आवागमन में नहीं करेंगे तथा अपने विद्यालय के सभी स्कूली वाहनों का सभी आवश्यक कागजात पूर्ण कराके मानक के अनुरुप ही संचालन कराये, व स्कूली वाहन में सीट से अधिक बच्चों को न बैठाये। उपरोक्त निर्देशों के विरुद्ध पाये जाने पर इनके विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आवश्यक प्रवर्तन की कार्यवाही की जायेगी।

# तहसील परिसर से उप निबंधक कार्यालय हटाने की खबर पर अधिवक्ताओं में आक्रोश

**● डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, दी आंदोलन की चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात



शाहगंज, जौनपुर। तहसील परिसर में स्थापित उप-निबन्धक कार्यालय को दो किलोमीटर दूर स्थानांतरित किए जाने की योजना का अधिवक्ताओं ने विरोध किया है। अधिवक्ता समिति ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कुणाल गौरव को सौंपा और उप-निबन्धक कार्यालय को पूर्ववत तहसील परिसर में ही स्थापित रखने की मांग की।अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि तहसील परिसर में सन 1902 से उप-निबन्धक कार्यालय संचालित हो रहा है और यहां से निबन्धन का कार्य सुचारु रुप से होता आ रहा है। तहसील परिसर के भीतर पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, ऐसे में कार्यालय को बाहर शिफ्ट करने का कोई औचित्य नहीं है।अधिवक्ता समिति की हाल ही में इस मुद्दे पर आपात बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष भोलेन्द्र यादव एडवोकेट ने की जबकि संचालन महामंत्री डॉ. दुर्गा प्रसाद एडवोकेट ने किया। बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि उपनिबन्धक कार्यालय को बाहर स्थानांतरित करने से अधिवक्ताओं, वादकारियों, ग्रामीणों और आम जनता को अनावश्यक भागदौड़ और परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

अधिवक्ताओं ने सुरक्षा का भी मुद्दा उठाते हुए कहा कि तहसील परिसर में पुलिस बल की मौजूदगी रहती है, जिससे नकदी लेनदेन के दौरान सुरक्षा रहती है। कार्यालय बाहर शिफ्ट होने पर छिनैती और अपराध की संभावना बढ़ जाएगी। इसके अलावा अधिवक्ताओं के लिए न्यायिक कार्य और निबन्धन कार्य एक साथ करना भी मुश्किल हो जाएगा। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि उप-निबन्धक कार्यालय को तहसील परिसर से बाहर स्थापित किया गया तो अधिवक्ता समिति आंदोलन के लिए बाध्य होगी और न्यायिक कार्य से विरत हो जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में पूर्व अध्यक्ष समर बहादुर यादव, लालता प्रसाद यादव, राजदेव यादव, लालचंद गौतम, मुंशीलाल यादव, शारिक खान, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, भारत यादव, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, राजीव सिंह डब्लू आदि अधिवक्ता रहे।

# पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी- अजय सिंह

**● जमदहा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण**

स्वतंत्र प्रभात



खेतासराय(जौनपुर)। क्षेत्र पंचायत शाहगंज अंतर्गत जमदहा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजन हुआ । प्रधान मो इसराइल के संयोजन में हुए लगाए पौध में नीम, पीपल, बरगद, आम और अमरूद शामिल रहे । ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह अभियान मातृभूमि और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण तैयार करने में सहायक होगा। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और पौधों की सुरक्षा का वादा किया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया गया और आयोजकों ने बताया कि यह अभियान मिट्टी के कटाव, जलवायु संकट और वायु प्रदूषण की समस्याओं से निपटने में सहायक होगा। इस अवसर पर एपीओ निपेंदर सिंह, उमेश, पंकज शर्मा, रूपचंद और तैयब समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे ।

### वन रेंजर अभिषेक तिवारी डेंजर्स जोन के प्रति रहते है सतर्क

चित्रकूट- मानसून आने पर धर्मनरगी स्थित तुलसी जल प्रपात का जल स्तर बढ़ने पर प्राकृतिक सौंदर्य बढ़ गया है। जिसे देखने के लिए अब बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। तुलसी जल प्रपात मानसून में जितना सुंदर और लुभावना दिखता है, लापरवाही बरतने पर यह उतना ही खतरनाक और जानलेवा भी है। प्रशासन द्वारा इसका सौंदर्यीकरण करने के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से यहां बैरिकेटिंग के साथ सूचनात्मक बोर्ड भी लगा दिए हैं। इसके बावजूद पर्यटक फोटो और रील के लिए बड़ी लापरवाही करते हुए प्रतिबंधित प्वाइंट पर चले जाते है, जिससे घटनाओं की आशंका बनी रहती है। विगत वर्षों में हुए हादसों में कई पर्यटक अपनी जान भी गवां चुके हैं। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा मौके पर अधिकारियों को भी तैनात किया गया है। यहां तैनात वन रेंजर अभिषेक तिवारी ने बताया कि यहां घूमने आने वाले पर्यटकों को प्रतिबंधित प्वाइंट पर जाने पर तत्परता दिखाते हुए रोका जाता है, जिससे हादसा होने की आशंका टल जाती है।

# गुड वर्क शातिर चोरों से मुठभेड़- तीन गिरफ्तार, एक घायल, 85 पीतल के घंटे बरामद

स्वतंत्र प्रभात



जौनपुर। सुजानगंज थाना क्षेत्र में बुधवार की भोर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दो अन्य को गिरफ्तार किया गया। मौके से चोरी का सामान, नकदी, असलहा और वाहन समेत भारी मात्रा में पीतल के घंटे बरामद हुए हैं। दो आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह सफलता मिली है। सुजानगंज, तेजीबाजार, खुटहन थाने की पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में यह मुठभेड़ ग्राम बारा नहर के पास हुई। पुलिस के अनुसार, चार बदमाश दो मोटरसाइकिलों से आते देखे गए। पुलिस टीम को देखते ही उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश बृजेश गौतम को गोली लगी। पुलिस ने घायल समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो मौके से भाग निकले।

**गिरफ्तार आरोपी**

बृजेश गौतम, निवासी बदलापुर - घायल पप्पू उर्फ प्यारे लाल, निवासी प्रतापगढ़ हरि श्याम अग्रहरि उर्फ भोला, निवासी सुल्तानपुर

**फरार आरोपी**

रिंकू पंडित उर्फ भीम दूबे, निवासी खुटहन अरुण उर्फ खलीफा, निवासी प्रतापगढ़

**बरामदगी**

85 पीतल के घंटे (3 बोरे में), एक चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, एक मैजिक गाड़ी (P 44 AT 6540), एक तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस, दो मोबाइल फोन, 2800 नगद।

**आपराधिक इतिहास**

गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ जौनपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर सहित कई जिलों में चोरी, लूट, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट के दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। बृजेश गौतम पर 23 मुकदमे, पप्पू उर्फ प्यारे लाल पर 7 मुकदमे, जबकि फरार रिंकू पंडित पर भी गंभीर धाराओं में कई केस दर्ज हैं।

**टीम में शामिल अधिकारी**

थानाध्यक्ष सुजानगंज यजुवेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष तेजीबाजार दिव्य प्रकाश सिंह, प्रभारी एसओजी मनोज कुमार सिंह व अपराध टीम प्रभारी खुटहन तरुण श्रीवास्तव समेत उनकी टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया। थाना सुजानगंज में FIR दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# समस्तीपुर में बिहार बंद का बड़ा असर! समस्तीपुर-पटना हाईवे पर 6 घंटे तक लगा रहा जाम

स्वतंत्र प्रभात



बिहार में आगामी चुनावों को लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया पर विवाद गर्माता जा रहा है। इसी कड़ी में इंडिया गठबंधन के आह्वान पर मंगलवार को राज्यभर में बंद का व्यापक असर देखने को मिला। समस्तीपुर भी इस बंद से अछूता नहीं रहा, जहां सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें और जगह-जगह जाम की स्थिति ने आम जनजीवन को काफी प्रभावित किया। मतदाता सूची पुनरीक्षण पर रोक लगाने की मांग को लेकर समस्तीपुर में महागठबंधन के कार्यकर्ता सुबह से ही सड़क पर उतर आए। सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक ओवरब्रिज के पास समर्थकों ने पटना-समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। इसी दौरान ताजपुर और दलसिंहसराय में भी नेशनल हाईवे-28 पर बड़े पैमाने पर जाम लगा दिया गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और कई किलोमीटर तक ट्रैफिक पूरी तरह रुका रहा। हालाँकि रेल यातायात को आंदोलनकारियों ने बाधित नहीं किया, जिससे ट्रेन से यात्रा करने वालों को कुछ राहत मिली।

**छात्र संगठनों की सक्रियता**

सुबह की शुरुआत छात्र संगठनों से हुई। ऐसा छात्र आरजेडी और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने ओवरब्रिज को सबसे पहले जाम किया। इसके बाद आरजेडी, कांग्रेस, वीआईपी, लोजपा (पारस गुट), सीपीआई, सीपीएम और भाकपा-माले के नेता और कार्यकर्ता भी सड़कों पर उतर आए। सभी हाथों में झंडे-बैनर लेकर नारेबाजी करते रहे और जाम को मजबूत बनाए रखा। कांग्रेस के जुलूस का नेतृत्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद अबू तमीम ने किया, वहीं राजद की ओर से जिला अध्यक्ष रोमा भारती, माले से उमेश कुमार, सीपीएम से रामाश्रय महतो और सीपीआई से सुरेंद्र कुमार मुन्ना ने मोर्चा संभाला।

**ताजपुर और दलसिंहसराय में भी रहा असर**

ताजपुर में भाकपा माले के प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में राजधानी चौक को जाम कर दिया गया। इसके चलते दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लगी रहीं। दूसरी ओर दलसिंहसराय के सरदारगंज चौक पर महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाल कर हाईवे को ठप कर दिया।

# प्रेमी को घर में रंगे हाथों पकड़ा गया, ग्रामीणों ने करवा दी शादी

स्वतंत्र प्रभात



जौनपुर- जिले के एक गांव में सोमवार रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक को चुपके से एक घर में घुसते हुए ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। पहले तो मामला चोरी का समझा गया, लेकिन जब हकीकत सामने आई, तो पूरी कहानी ही बदल गई - यह कोई चोरी नहीं, बल्कि दो दिलों की छुपी प्रेम कहानी थी। घटना सरपतहां थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां की युवती काल्पनिक नाम काजल का पिछले एक वर्ष से खुटहन थाना क्षेत्र के पनौली गांव निवासी विकास पासवान से प्रेम संबंध चल रहा था। सोमवार रात विकास अपनी प्रेमिका से मिलने चोरी-छिपे उसके घर पहुंचा, लेकिन बाहर सो रहे परिजनों को किसी के आने की आहट लग गई। उन्होंने शोर मचाया, तो युवक भागने लगा, मगर ग्रामीणों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया।

शुरुआत में लोगों ने युवक को चोर समझा और सख्ती से पूछताछ की। लेकिन कुछ देर बाद विकास ने सच्चाई स्वीकार कर ली कि वह युवती से प्रेम करता है और उससे मिलने आया था। जब युवती से पूछा गया, तो उसने भी प्रेम संबंध की पुष्टि करते हुए विकास से विवाह करने की इच्छा जाहिर की। मामला गंभीर होता देख गांव के बुजुर्गों और युवक के परिजनों को बुलाया गया। दोनों परिवारों की सहमति और पंचायत के निर्णय के बाद अगले ही दिन मंगलवार को गांव के ब्रह्म स्थान पर दोनों का विवाह कराया गया। ग्रामीणों की मौजूदगी में रस्में पूरी हुई और प्रेमी युगल अब पति-पत्नी के रूप में एक नई शुरुआत कर चुके हैं। विवाह के बाद ग्रामीणों ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और युवती को ससम्मान विदा किया गया। यह अनोखा मामला अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है, जहां एक रात की हलचल ने दो दिलों को हमेशा के लिए एक कर दिया।

# सरकार पाठशालाएं बंद कर रही है और मधुशालाएं खोल रही है - राज्य सभा सांसद

स्वतंत्र प्रभात



जौनपुर। प्राथमिक विद्यालय के मर्जर होने की वजह से कई विद्यालय बंद हो चुके हैं। जिसको लेकर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा संजय सिंह के द्वारा बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय मीरगंज खास में पहुंच कर बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने हम योगी सरकार से मांग करते हैं कि जिन प्राथमिक विद्यालय क़ो बन्द कर दिया गया हैं। प्रदेश सरकार उसे फिर से चालू करे सिकरारा ब्लाक के बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय मीरगंज खास में पहुँच कर आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ बैठक कर विरोश प्रदर्शन किया और सरकार से मांग की है कि जिन भी प्राथमिक विद्यालयों को बंद करके मर्जर किया गया है। उन प्राथमिक विद्यालयों को सरकार खोले। प्रदेश की योगी सरकार जहां एक तरफ शराब की दुकान खोल रही है तो वहीं दूसरी तरफ प्राथमिक विद्यालयों को बंद कर रही है।इसके बाद संजय सिंह ने बच्चों व अभिभावकों के साथ पैदल मार्च करते हुए मर्जर किए गए मीरगंज प्राइमरी स्कूल तक पहुंचे और वहाँ मीडिया से बात करते हुए प्रदेश सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा, "सरकार पाठशालाएं बंद कर रही है और मधुशालाएं खोल रही है। यह हम नहीं होने देंगे। आम आदमी पार्टी बच्चों के शिक्षा के अधिकार की लड़ाई हर मंच पर लड़ेगी।"सांसद संजय सिंह ने यह भी कहा कि स्कूल मर्जर का यह निर्णय ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ तोड़ देगा। उन्होंने हाईकोर्ट द्वारा याचिका खारिज किए जाने पर निराशा जताई और कहा कि अब मामला सुप्रीम कोर्ट में ले जाया जाएगा। संवाद के दौरान संजय सिंह ने एक मासूम बच्चे को गोद में लेते हुए कहा, "बताइए यह बच्चा कैसे हाईवे पार करके ढाई किलोमीटर दूर स्कूल जाएगा? अगर इसके साथ कोई दुर्घटना हो जाती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा - सरकार या प्रशासन?" इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, बच्चे और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेंड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात




गाजीपुर। जंगीपुर व बिरनो पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र में लूट की घटना कारित करने वाले शातिर बदमाशों को 12 घण्टे के अंदर पुलिस मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 02 अदद देसी तमंचा 315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस, 02 अदद जिन्दा कारतूस व लूट की हुई चांदी की धातु बरामद हुई है. पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग जनपद गाजीपुर पुलिस द्वारा की जा रही थी. इसी क्रम में थानाध्यक्ष जंगीपुर मय टीम मदारपुर मोड़ पर चेकिंग कर रहे थे कि सामने से एक मोटरसाइकिल पर 03 व्यक्ति बिना हेलमेट मोहम्मदपुर की तरफ से चले आ रहे थे. जब उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल पुलिस टीम पर चढ़ने का प्रयास करते हुए बघोल की तरफ भागने लगे. ऐसे में थानाध्यक्ष जंगीपुर द्वारा उक्त व्यक्तियों का पीछा करते हुए जरिये आरटी सेट कंट्रोल रूम को सूचना देते हुए जरिये दूरभाष थानाध्यक्ष बिरनो को सूचित कर उक्त व्यक्तिओं को सामने से घेराबंदी कर पकड़ने के लिए कहा गया. सूचना को सही मानते हुए थानाध्यक्ष बिरनो मय टीम द्वारा उक्त व्यक्तियों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की गई. बघोल पुलिया पर सामने से खुद को घिरा देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम को निशाना बनाकर जान से मारने की नीयत से देशी तमंचे से 02 राउंड फायर किया गया. जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ संतुलित जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा फायर किया गया तो दो बदमाशों के पैरो में गोली लगी व एक अन्य बदमाश मौके से भागने में सफल रहा. घायल बदमाशों को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल सदर भेजा गया. इसके साथ ही अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है. गिरफ्तार अभियुक्तों में राजा चौहान पुत्र हरिद्वार चौहान ग्राम छपरी थाना दुल्लहपुर व शिवम चौहान उर्फ़ परमहंस पुत्र रविंद्र चौहान ग्राम चैनपुर थाना रानीपुर जनपद मऊ शामिल है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर बेड पर मिला युवक का शव

**● विषाक्त पदार्थ खाने से मौत की जताई जा रही आशंका, जांच में जुटी पुलिस व फोरेंसिक टीम**

स्वतंत्र प्रभात







रतनपुर/महराजगंज। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत निपनिया टोला कारीडिह निवासी विष्णु पुत्र रामचंद्र विश्वकर्मा का शव बुधवार को उसके कमरे में बेड पर संदिग्ध परिस्थिति में मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि पुलिस व फोरेंसिक टीम का मानना है कि विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की मौत हुई होगी। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत निपनिया टोला कारीडिह निवासी विष्णु विश्वकर्मा (33) रोज की भांति मंगलवार की रात भोजन करके अपने कमरे में सोने चला गया। वहीं बुधवार की सुबह करीब दस बजे तक विष्णु कमरे से बाहर नहीं निकला तो मृतक का छोटा भाई किशुन विश्वकर्मा आवाज देते हुए दरवाजा खटखटाने लगा। जब कोई प्रकिया नहीं मिली तो उसने परिजन, ग्राम प्रधान व अन्य पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची परसामलिक पुलिस ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर कमरे में प्रवेश किया। कमरे में देखा कि विष्णु का शव बेड पर पड़ा हुआ था। पुलिस की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। वहीं पुलिस व फोरेंसिक टीम के मुताबिक विषाक्त पदार्थ खाने से युवक के मौत का अंदेशा जताया जा रहा है। वैसे पुलिस व फोरेंसिक टीम हर पहलू पर गहनता से जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक युवक की शादी 10 वर्ष पूर्व परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोहरगड्डी निवासी इंदर प्रसाद विश्वकर्मा की बेटी रेनू विश्वकर्मा के साथ हुई थी। मृतक के छोटे भाई किशुन विश्वकर्मा के मुताबिक 20 दिन पूर्व मृतक विष्णु व पत्नी रेनू के बीच कहासुनी हुई थी जिसके बाद पत्नी नाराज होकर अपने मायके चली गई। पत्नी के मायके चले जाने के बाद से मृतक विष्णु उदास रहता था। मृतक युवक की चार बहनें व दो भाई थे। मृतक विष्णु बहनों व भाईयों में दूसरे नम्बर का था। विष्णु के मौत से पत्नी रेनू विश्वकर्मा व बहन किरन, कुशुम, लाली, सुषमा तथा भाई किशुन विश्वकर्मा का रो-रोकर बुरा हाल है।

इस सम्बन्ध में परसामलिक प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय का कहना है कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर बेड पर मृत पड़े युवक को बाहर निकाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच पड़ताल में फोरेंसिक टीम भी लगी है। प्रथम दृष्टया विषाक्त पदार्थ खाने से मौत का अंदेशा जताया जा रहा है।

# निधन पर प्र्मोद व मोना ने जतायी दुःख संवेदना

लालगंज, प्रतापगढ़। अठेहा क्षेत्र के उमरार मसनी निवासी समाजसेवी केदारनाथ शुक्ल 90 का मंगलवार की देर शाम आकस्मिक निधन हो गया। निधन की जानकारी मिलने पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गहरा दुख जताया है। वहीं केदारनाथ के निधन पर आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद तिवारी, पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव, पं. श्रीराम मिश्र, डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल आदि ने भी दुख जताया है।

# कानपुर में गदर ! सीएमओ पार्ट-2 में दो सीएमओ आपस में उलझे

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** कानपुर नगर के सीएमओ आफिस में आज अजीबोगरीब नजारा देखने को मिला जब एक ही आफिस में दो-दो सीएमओ कुर्सियां पर काबिज हुए। एक सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी जिनको शासन ने निलंबित किया फिर हाईकोर्ट से निलंबन का स्टे लेकर आ गये। दूसरे सीएमओ जिनको डॉ हरिदत्त नेमी के निलंबन के बाद शासन ने नये सीएमओ डॉ उदयनाथ को कानपुर भेजा था। कानपुर में गदर ! सीएमओ पार्ट - 2 के कारण अजीबोगरीब मामला फंस गया है। अब देखना यह है कि शासन और प्रशासन क्या निर्णय लेता है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीएमओ डॉक्टर हरिदत्त नेमी ऑफिस पहुंचे और कुर्सी पर बैठ गए। वर्तमान सीएमओ उदयनाथ को खबर मिली तो वो भी ऑफिस आ गए। दोनों के बीच जोरदार बहस हुई, तू-तू, मैं-मैं तक हो गई। पूर्व सीएमओ कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं थे। वर्तमान सीएमओ उदयनाथ ने इधर-उधर फोन घुमाए। लखनऊ में कुछ लोगों से बात की उसके बाद ऑफिस से निकल गए। फिलहाल सीएमओ की कुर्सी पर निलंबित किए गए डॉ. हरिदत्त नेमी पदस्थापित थे।

डॉ. हरिदत्त नेमी को डीएम राकेश प्रताप सिंह से विवाद के चलते शासन ने निलंबित कर दिया था। निलंबन के विरोध में सीएमओ ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। मजा तो ये सोचकर आ रहा है कि अब डीएम साहब क्या करेंगे.. कितने अस्पतालों का निरीक्षण करेंगे। करेंगे भी या नहीं करेंगे। कानपुर के पूर्व सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी के सस्पेंशन पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। राज्य सरकार से जबाब मांगा है कि बिना विभागीय जांच के सीएमओ को निलंबित क्यों कर दिया गया। कानपुर के डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह से विवाद के बाद 19 जून को शासन ने सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी को निलंबित कर दिया था। डीएम कानपुर और सीएमओ के बीच चले विवाद में लखनऊ में लोक भवन के गलियारों से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चा का विषय बना रहा। डीएम सीएमओ विवाद में सरकार के मंत्री और विधायक भी दो खेमों में बंट गए थे। तीन विधायकों ने सीएमओ के पक्ष में चिट्ठी लिखी थी जबकि दो विधायकों ने डीएम के पक्ष में मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखी थी जबकि सोशल मीडिया पर शहर की 99 फीसदी जनता डीएम के समर्थन में उतर आई थी।

# कानपुर में रफ्तार से हर माह पौन दर्जन से ज्यादा की मौत - एक और मासूम शिकार

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** यहां रफ्तार से मौत का सिलसिला लगाता जारी है,जिसके क्रम में 3 साल के एक और मासूम की जान चली गई। घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही वाहन चालक की भी तलाश कर रही है। कुल मिलाकर कानपुर में रफ्तार से दुर्घटनाओं के रूप में मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। यहां इसका आंकड़ा प्रतिमाह लगभग पौन दर्जन से भी ज्यादा है। तेज रफ्तार वाहन की वजह से मासूम की मौत की यह घटना महाराजपुर थाना क्षेत्र के डोमनपुर का मजरा जोशहन खेड़ा में हुई, जहां पिकअप की चपेट में आकर तीन वर्ष के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मासूम अभिनव (3) पुत्र धीरेंद्र निषाद अपने बड़े भाई आयुष (5) और मोहल्ले के एक अन्य बच्चे के साथ घर के बाहर खेल रहा था।

बताया गया किइसी दौरान पिकअप चालक अरुण कुमार पुत्र किशन निषाद बहुत तेज गति से गाड़ी बैक करके मोड़ने लगा, जिससे अन्य बच्चों ने भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान अभिनव छोटा होने के कारण भाग नहीं पाया और पिकअप की चपेट आ गया, जिससे उसका चेहरा बुरी तरह से कुचल गया। इस घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और परिजनों का रो -रोकर बुरा हाल है। मां प्रेमलता ने बताया कि दोनों बच्चे सुबह अपने पिता धीरेंद्र के साथ पुराने घर से कुछ ही देर पहले आए थे और घर के बाहर खेलने पहुंचे ही थे कि पिकअप ने रौंद दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर भागे चालक की भी तलाश कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### वृक्ष लगाना कर्तव्य भी जिम्मेदारी भी - एडीजी जोन आलोक सिंह



**कानपुर ।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा कार्यालय में कार्यरत पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण के साथ वृहद वृक्षारोपण अभियान के क्रम में एक-पेड़-मां-के-नाम थीम पर धरती को हरा-भरा बनाने, भावी पीढ़ियों को प्रदूषण मुक्त एवं सुरक्षित जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश। वृह्द वृक्षारोपण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा चंदन का पौध लगाया गया। उन्होंने कहा वृक्ष लगाना कर्तव्य भी है और अगली पीढ़ी के प्रति जिम्मेदारी भी !

### पुलिस उपायुक्त पश्चिमी दिनेश त्रिपाठी ने किया पौधरोपण



**कानपुर।** आज दिनांक 09 जुलाई 2025 को पुलिस उपायुक्त, पश्चिम, दिनेश त्रिपाठी द्वारा "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत थाना रावतपुर हेतु आवंटित भूमि पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे रोपित पौधों की नियमित देखभाल करें तथा समाज को भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पौधारोपण न केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य है, बल्कि यह प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। पौधरोपण कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे रोपित किए। इस सराहनीय पहल का उद्देश्य थाना परिसर हेतु आवंटित भूमि को हरा-भरा बनाना तथा पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना है। "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान समाज में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता एवं भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### जनता दर्शन में पहुंची महिला को डीएम ने दिलाया पेंशन, गैस कनेक्शन, मोबाइल, बच्चों का कराया स्कूल में दाखिला



**कानपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनता दर्शन में बख्तौरी पुरवा, नौबस्ता की निवासी नन्ही देवी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनके पति संजय यादव का देहांत हो चुका है। परिवार में आय का कोई स्रोत नहीं है और आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नन्ही देवी को निराश्रित महिला पेंशन योजना से जोड़ते हुए तीन हज़ार रुपये की त्रैमासिक सहायता का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया, जिसमें उन्हें हर माह एक हज़ार रुपये की सहायता दी जाएगी। उन्हें उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर और चूल्हा भी उपलब्ध कराया गया। दोनों बच्चों का स्कूल में दाखिला सुनिश्चित कराया गया। साथ ही जिलाधिकारी ने उन्हें एक मोबाइल फोन भी प्रदान किया ताकि सरकारी योजनाओं की जानकारी समय पर मिल सके।

### राकेट चौराहे पर यातायात पुलिस चौकी का उद्घाटन



**कानपुर।** दिनांक 09.07.2025 को कमिश्नरेट कानपुर नगर के अंतर्गत राकेट चौराहा पर यातायात चौकी का उद्घाटन पुलिस उपायुक्त यातायात, रवीन्द्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस उपायुक्त यातायात, अर्चना सिंह भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में टीआई पूर्वी, समीर जावेद खान, टीआई लाइन धर्मवीर सरोज, टीएसआई श्याम सुंदर, मुनेंद्र प्रताप सिंह, पत्रकार संजीव पाल सहित थाना कैंट पुलिस बल मौजूद रहा। यह चौकी क्षेत्र में यातायात नियंत्रण और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# श्रम कानून को समाप्त कर कार्मिकों के अधिकारों पर सरकार का कुठाराघात स्वीकार नहीं - हेमंत

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों केंद्र एवं राज्य कर्मचारी संगठनो के आवाहन पर ऐतिहासिक आम हड़ताल के अंतर्गत जनपद प्रतापगढ़ में आम हड़ताल का खासा प्रभाव रहा। प्रतापगढ़ में बीमा एवं ग्रामीण बैंक में कार्मिक हड़ताल पर रहे।राष्ट्रीय बैंकों में आल इंडिया बैंक एम्पलाइज यूनियन के सदस्य अपना वेतन कटवाकर हड़ताल पर रहे। इसी तरह बीएसएनएल, लोक निर्माण विभाग, बिजली सहित विभिन्न क्षेत्रों में एवं असंगठित क्षेत्र में भी श्रमिक हड़ताल में शामिल रहे। जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल प्रतापगढ़ के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट प्रतापगढ़ में एनआईसी के सामने विभिन्न कर्मचारी मजदूर संगठनों के पदाधिकारी एक सभा के रूप में एकत्रित हुए। सभा को प्रमुख रूप से आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के प्रांतीय मंत्री एवं जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष हेमंत नंदन ओझा, उत्तर प्रदेश बैंक एम्पलाई यूनियन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद मिश्र, आंगनबाड़ी कर्मचारी संगठन के संरक्षक अनिल सिंह, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष करुणेश प्रताप सिंह, पल्लेदार मजदूर यूनियन के मंत्री महेश चंद सरोज, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक संघ के जिला मंत्री राघवेंद्र मिश्रा, उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, बीमा इंप्लाइज संगठन के अभिनव सिंह, राजकुमार पांडे, भारतीय दूरसंचार निगम लिमिटेड एम्पलाइज यूनियन के जिला मंत्री डी आर मिश्रा, अखिल भारतीय किसान मजदूर संगठन के जिला मंत्री विजयानंद तिवारी, राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल फेडरेशन के अध्यक्ष संदीप सिंह, बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक एम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, महामंत्री सुनीत झा, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष राजेश मोहन मिश्रा, महामंत्री रमाशंकर तिवारी, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला महामंत्री निर्भय प्रतापसिंह, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार श्रमिकों और कर्मचारी के आंदोलन के अधिकार को लगातार कुचलने का का काम कर रही है।

श्रम कानून को समाप्त कर देश को गंभीर संकट की तरफ ले जा रही है। मजदूर और कर्मचारियों की स्थिति दिन ब दिन नाजुक होती चली जा रही है। वर्तमान में भी तमाम विभागों में न्यूनतम मजदूरी के अनुसार भी वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है, और अगर सरकार ने इसी तरह से मजदूर और कर्मचारियों के अधिकारों पर कुठाराघात करना जारी रखा तो बहुत समय तक देश का मजदूर और कर्मचारी बर्दाश्त करने वाला नहीं है। सभा के अंत में राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिसमें प्रमुख रूप से केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए चारों श्रम संहिता को रद्द किए जाने, सभी विभागों बैंकों निगम उनके अधीन संस्थानों में रिक्त पदों पर भर्ती किए जाने, नियमित प्रकृति के काम में रखे गए संविदा एवं आउटसोर्स श्रमिकों को नियमित किए जाने, समान कार्य के लिए समान वेतन दिए जाने, आउट सोर्स व्यवस्था पूर्ण रूप से समाप्त किए जाने, ओल्ड पेंशन स्कीम लागू किए जाने, स्कीम वर्कर्स को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने ,न्यूनतम मजदूरी 26000 लागू किए जाने , ईपीएफ की सीमा 31000 तक वेतन पाने वाले कर्मियों के लिए लागू किए जाने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को रद्द किए जाने ,मनरेगा की मजदूरी दो गुना करते हुए वर्ष भर श्रमिकों को काम की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने ,पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण वापस लेने, स्मार्ट मीटर को समाप्त करने, किसानों को मुफ्त व आम जनता को सस्ती बिजली दिए जाने, हटाए गए संविदा कर्मियों को वापस रखे जाने आदि मांगों का ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन सभा स्थल पर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उपजिलाधिकारी ने आकर ज्ञापन लिया। सभा स्थल पर वामपंथी दलों मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री राजमणि पांडे, वरिष्ठ नेता रामबरन सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला मंत्री आशुतोष शुक्ला, एसयूसीआई के जनपद स्तरीय पदाधिकारी ने आकर कर्मचारी मजदूर संगठनों की मांगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की।

# आने वाली पीढ़ी के लिए एक पेड़ अवश्य लगाएं - डीसीपी पूर्वी





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज दिनांक 09-07-2025 को प्रदेश भर में चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत एक पेड़ माँ के नाम के अतंर्गत पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी अंजली विश्वकर्मा द्वारा पूर्वी ज़ोन परिसर मे वृक्षारोपण किया गया साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। जिससे पारिस्थितिक संतुलन बना रहे व शुद्ध प्राणदायिनी वायु मिल सके। पुलिस उपायुक्त पूर्वी द्वारा आम जनमानस से अपील की गयी की सभी लोग ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें एवं पर्यावरण संरक्षण में अपनी अहम भूमिका निभायें। एक पेड़ माँ के नाम अभियान में स्थानीय लोगों और पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी ने सामूहिक रूप से विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे रोपित किए। इस सराहनीय पहल का उद्देश्य परिसर को हरा-भरा बनाना तथा पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान से श्रीमान पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता द्वारा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और हरा-भरा वातावरण सुनिश्चित किया।

### श्रावण माह में बाबा घुइसरनाथ धाम में व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने किया मंथन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रावण मास के मेले को लेकर मंगलवार की देर शाम यहां अफसरों ने तैयारियों का जायजा लिया। उप जिलाधिकारी लालगंज शैलेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में तैयारियों को लेकर विचारविमर्श किया गया। एसडीएम ने श्रावण माह में बाबा धाम में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता दिये जाने पर जोर दिया। इसके बाद एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा और क्षेत्राधिकारी आशुतोष मिश्रा ने मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और साफ-सफाई, सुरक्षा, संभावित भीड़ प्रबंधन और यातायात संचालन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने मेले के दौरान अफसरों को व्यवस्था में जनसहयोग का भरोसा दिलाया। मंदिर के महन्त मयंकभाल गिरि ने मंदिर परिसर में प्रबन्धों की जानकारियां दी। उन्होने बताया कि श्रावण माह में धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए गर्भगृह में रूद्राभिषेक पर प्रतिबन्ध रहेगा। इस मौके पर सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी, लालगंज कोतवाल प्रदीप कुमार, प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष मिश्र, फक्कड़ पाण्डेय आदि रहे।

### जनपद न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर में किया वृक्षारोपण

**प्रतापगढ़।** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ परिसर में माननीय जनपद न्यायाधीश सत्य प्रकाश त्रिपाठी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण करते हुए जनपद न्यायाधीश ने लोगों से वृहद वृक्षारोपण के इस उत्सव में अपना योगदान करने के लिए वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का संयोजन अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश एवं न्यायिक अधिकारियों द्वारा आंवला, अमरूद, सहिजन, नींबू, आदि वृक्षों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के न्यायाधीश दिवाकर प्रसाद चतुर्वेदी, अपर जिला जज बाबूराम, अपर जिला जज पोक्सो एक्ट पारुल वर्मा, अपर जिला जज अजय कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुमुद उपाध्याय एवं न्यायिक अधिकारी गण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बारिश के चलते नगरीय एवं ग्रामीण इलाकों की बिगड़ी सूरत, हलाकान हुए लोग



स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार की सुबह हुई बारिश के चलते लालगंज तहसील क्षेत्र के नगरीय एवं ग्रामीण अंचलों में हुए जलजमाव से लोग परेशान दिखे। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना तहसील में आने वाले वादकारियों व अधिवक्ताओं को करते देखा गया। तहसील में गांठ भर पानी के कारण प्रशासनिक एवं न्यायिक कामकाज भी प्रभावित हुआ दिखा। अधिवक्ताओं ने जलभराव को देखते हुए न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। इसके कारण न्यायिक कामकाज नहीं हो सका। बरसात में आये वादकारियों को निराश वापस लौटते भी देखा गया। समस्या को लेकर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि कई बार अधिकारियों का ध्यान दिलाये जाने के बावजूद मुख्य मार्ग से एसडीएम तथा तहसीलदार कोर्ट पहुंचने के लिए भी सम्पर्क मार्ग का निर्माण नही कराया जा रहा है। यही हाल लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी दिखा। अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों को हलाकान होते देखा गया। लालगंज घुइसरनाथ रोड पर भी बारिश का पानी जमा होने से राहगीरों को परेशानी में देखा गया। नगर के नेताजीपुरम में भी जलभराव की समस्या को लेकर लोग परेशान दिखे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कानपुर में जिलाधिकारी ने किया नून नदी के किनारे पौधारोपण

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर नगर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन के नेतृत्व में आज "एक पेड़ माँ के नाम" महाअभियान के अंतर्गत नून नदी के किनारे वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शिवराजपुर विकासखंड के सैलहा ग्राम में सम्पन्न हुआ। नून नदी के जीर्णोद्धार के उपरांत इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। नदी जीर्णोद्धार कार्य की सराहना स्वयं माननीय मुख्यमंत्री द्वारा भी की गई है। उल्लेखनीय है कि नून नदी, जो कन्हैया ताल से निकलकर बिठूर में गंगा नदी से मिलती है, कई वर्षों से सूखी और उपेक्षित अवस्था में थी। जिला प्रशासन द्वारा बीते तीन से चार माह के भीतर लगभग 23 किलोमीटर नदी क्षेत्र का जीर्णोद्धार कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। इस कार्य के दौरान मनरेगा योजना के अंतर्गत 68 लाख रुपये की लागत से एक हजार श्रमिकों को रोजगार भी उपलब्ध कराया गया।

इसी क्रम में आज नदी की मेड़ पर नदी की मेड़ पर वृक्ष की संकल्पना के साथ 40 हजार पौधों का रोपण प्रारम्भ किया गया। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के प्रयासों से वर्षा जल का संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि और हरियाली को बढ़ावा मिलेगा। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने बताया कि वृक्षारोपण से नून नदी की अविरल धारा को संरक्षण मिलेगा और इसके किनारों पर हरियाली बनी रहेगी, जिससे उसका प्राकृतिक प्रवाह सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी दिव्या, परियोजना निदेशक आलोक कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और पौधारोपण में सहभागिता की।

# महिला उत्पीड़न के मामलों को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या ने तहसील गौरीगंज सभागार में की जनसुनवाई

● प्राप्त शिकायतों का संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने तहसील गौरीगंज सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी शिकायतों के साथ उपस्थित हुई। जनसुनवाई के दौरान डॉ. मौर्या ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर शोषण, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर मामलों को व्यक्तिगत रूप से सुना और प्रत्येक शिकायतकर्ता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महिला आयोग पूरी तरह समर्पित है। डॉ. मौर्या ने संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, और उनका सशक्तिकरण तभी संभव है जब उन्हें न्याय, सुरक्षा और सम्मान मिले। जनसुनवाई के दौरान कुछ मामलों में मौके पर ही समाधान भी निकाला गया। कई मामलों में संबंधित पुलिस थानों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वहीं, लंबित मामलों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। डॉ. मौर्या ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत पर फॉलोअप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और शिकायतकर्ता को उसकी जानकारी भी दी जाए। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। कानून आपके साथ है और महिला आयोग हर उस महिला के साथ खड़ा है जो किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का शिकार हो रही है। उन्होंने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी और उन्हें जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मौर्या ने यह भी कहा कि आयोग का उद्देश्य केवल सुनवाई करना नहीं, बल्कि पीड़िता को न्याय दिलाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की शासन द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए। इस जनसुनवाई में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के अंत में डॉ. मौर्या ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों पर सतत निगरानी रखी जाए और महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें न केवल उम्मीद मिलती है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। आज जनसुनवाई के दौरान कुल 14 महिलाओं ने आयोग की सदस्य के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई जिनके निस्तारण हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई के उपरांत आयोग की सदस्य ने तहसील गौरीगंज परिसर में अर्जुन का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा जन सामान्य से एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाने तथा उसका संरक्षण करने की अपील किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकार गौरीगंज अखिलेश वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शौच को गये आभूषण व्यवसायी का अज्ञात चोरों ने उड़ाया बैग

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शौच को गये आभूषण व्यापारी की बाइक की हैण्डिल में टंगे बैग से लाखों के सोने चांदी के आभूषण चोर उड़ा ले गये। हाइवे के समीप चोरी की घटना को लेकर हडकंप मच गया। सूचना मिलते ही लालगंज व सांगीपुर थानों की फोर्स घटनास्थल पर पहुंच गयी। पुलिस ने घटना को लेकर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के कमयनपुर गांव निवासी दूधनाथ सोनी पुत्र शिवबालक फेरी का काम करता है। वह गांव गांव जाकर आभूषण की बिक्री किया करता है। मंगलवार की देर रात वह लालगंज की तरफ से बाइक से गांव जा रहा था। लालगंज के अमावां बाजार से कुछ कदम दूर वह बाइक खडी कर शौच को चला गया। इस बीच बाइक की हैण्डिल में टंगा बैग अज्ञात उड़ा ले गये। पीड़ित के मुताबिक बैग में उसका लाखों का सोने चांदी का आभूषण रखा हुआ था। पीड़ित के शोर मचाने पर बाजार के भी लोग घटनास्थल पर जुट गये। दो थानों की सीमा पर घटित घटना की जानकारी मिलने पर लालगंज कोतवाल प्रदीप कुमार व सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। पीड़ित की तहरीर पर लालगंज पुलिस ने मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर खुलासा किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने राया में किया चंदन कार्यक्रम का आयोजन



**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा राया के अम्बा प्रसाद विद्यालय में चंदन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग प्रचारक पारस पार्थ ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में ध्वज प्रणाम के साथ चंदन कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में नए स्वयंसेवको का परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान ब्लोक प्रमुख श्रीमती चंचल चौधरी, बिभाग प्रचारक पारस, विभाग सह विभाग कार्यवाह डॉ संजय, जिला प्रचारक, कुश अवतार, जिला कार्यवाहक अरुण, खण्ड संचालक डॉ धर्मेंद्र, मान सिंह, शंकरलाल, रायसिंह, देवीचरण,कपिल, कृपाल, सत्तपाल, शैलू मोहित, वेदप्रकाश, राजेश ब्रजमोहन, रघुराज, डॉ शिवदत्त, अखिल, भूपेश, राकेश शर्मा, चंचल चौधरी, डॉ अजीत, रन सिंह, मनोज शर्मा आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### बीएसए के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन बने विश्व विद्यालय कार्य परिषद के सदस्य



**मथुरा।** बीएसए कॉलेज मथुरा के प्राचार्य प्रो. ललित मोहन शर्मा को डॉ. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा की कार्यपरिषद् का सदस्य नामित किया गया है। महाविद्यालय प्राचार्य के डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा के कार्य परिषद् सदस्य नामित होने पर सभी विभागाध्यक्ष , प्रोफेसर व कर्मचारियों ने अपनी- अपनी शुभकामनाएं दी है। सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने आशा व्यक्त की प्रो- शर्मा के डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय कार्य परिषद् में सम्मिलित होने पर महाविद्यालयों एवं छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं का समाधान त्वरित गति से होगा। जिस प्रकार उनके द्वारा गत तीन वर्षों में बीएसए कॉलेजए मथुरा का सर्वांगीण विकास किया गया है उसी प्रकार विश्वविद्यालय विकास में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. मधु त्यागी, प्रो.एसके कटारिया, प्रो. एसके सिंह, प्रो. शिवराज भारद्वाज, प्रो. खुशवन्त सिंह, प्रो. शिफाली भार्गव, प्रो. एपी सिंह, प्रो. एसके राय, प्रो. विद्योत्तमा, डॉ. जसवन्त सिंह ठाकुर, डॉ. संध्या अग्रवाल, डॉ. वीपी राय, डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. बीके गोस्वामी, डॉ. यूके त्रिपाठी, डॉ. रेखा राय, डॉ. सुबोध अग्रवाल, गिर्राज किशोर यादव, नीरज कुमार सिंह, देवेन्द्र पाल, संजय द्विवेदी, अनुज कुमार शर्मा, गीतम सिंह, गोविन्द सैनी व मोहित गंगवार आदि उपस्थित रहे।

### .तीन उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस किए निलंबित

**अलीगढ़।** जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र कुमार चौधरी द्वारा बुधवार को जवॉ एवं बरौली क्षेत्र में उर्वरकों की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मै0 शर्मा एग्रो ऐजेन्सी बरौली के द्वारा दुकान बन्द करके जाना, मै0 जय अम्बे खाद भण्डार, बरौली के द्वारा दुकान बन्द करके जाना एवं मै0 रघुवंशी खाद भण्डार, बरौली के फर्म सम्बन्धी अभिलेख अपूर्ण पाये गये। उक्त स्थिति के दृष्टिगत जिला रखते हुये जिला कृषि अधिकारी द्वारा उर्वरक नियत्रंण आदेश के तहत तत्काल प्रभाव से उक्त तीनों फर्म के उर्वरक प्राधिकार पत्र को निलम्बित करते हुये फर्म की बिक्री प्रतिबन्धित कर दी गयी। उन्होंने जिले के सभी थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को सचेत किया है कि कृषकों को किसी भी प्रकार की टैगिंग व अधिक दर पर उर्वरक विक्रय करने की शिकायत संज्ञान में आने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों व जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसके लिए उर्वरक विक्रेता स्वयं जिम्मेदार होगें। उन्होंने कृषकों से आव्हान किया कि यदि कोई उर्वरक विक्रेता टैगिंग या ओवर रेटिंग करता है तो सहकारिता (सहकारी समिति जिला सहायक निबन्धक मो0नं0-9412380994 व निजी उर्वरक विक्रेताओं के संबन्ध में शिकायत मो0 नं0-9504997660 एवं मो0नं0-9756475649 पर सूचित करें।

# आज मुडिया मेला का आकर्षण चरम पर, मुडिया संतों की निकलेगी शोभायात्रा

**● 469 वर्षों से सनातन गोस्वामी के गोलोक गमन पर अनुयायी शिष्यों द्वारा निभाई जा रही है परंपरा**



स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** मुडिया मेला गुरु शिष्य परंपरा का दुनियाभर में अनूठा उदाहरण है। शायद ही गुरू शिष्य परंपरा को समर्पित इतना विशाल आयोजन कहीं देखने को मिलता हो। गुरू पूर्णिमा के दिन सबसे ज्यादा भीड रहती है। ब्रज में यह पर्व उत्साह और धूमधाम से मनाया जाता है। इसी दिन शिष्य गुरु से गुरु दीक्षा ग्रहण करते हैं। गुरू गद्दी पर बैठेंगे और शिष्यों को दक्षिणा देंगे। ब्रज में इस समय जगह जगह भागवत कथा चल रही है। भागवताचार्यो के अनुयायी बहुतायत में हैं। गोवर्धन में यह मुड़िया मेला के नाम से प्रसिद्ध है। लम्बे समय से प्रशासन यह मानकर चल रहा है कि पांच दिवसीय मुड़िया मेला में एक करोड से अधिक श्रद्धालु गोवर्धन पहुंचते हैं और परिक्रमा करते हैं। हालांकि श्रद्धालुओं की गणना के लिए किसी सटीक वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग नहीं हुआ है। मुड़िया पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा भी कहा जाता है। अब से 469 साल पहले सनातन गोस्वामी के गोलोक गमन में प्रवेश करने पर उनके अनुयाई शिष्यों ने सिर मुढाकर परिक्रमा लगाई थी। तभी से मुड़िया पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। मुड़िया मेला 04 जुलाई से शुरू हो गया है और 11 जुलाई तक चलेगा। मुड़िया शौभा यात्रा की तैयारियां पूरी हो गई हैं। 10 जुलाई को गुरूपूर्णिमा है, इसी दिन गोवर्धन में मुडिया संतों की शोभायात्रा निकलती है जो इस आयोजना का मुख्य आकर्षण है। चैतन्य महाप्रभु से प्रभावित होकर उन्होंने मंत्री पद त्याग दिया और वृंदावन आ गए। यहां चैतन्य महाप्रभु से दीक्षा प्रास कर वह गोवर्धन में मानसी गंगा के तट स्थित चक्लेश्वर मंदिर के निकट कुटी बनाकर रहने लगे। वे वृद्धावस्था में भी प्रतिदिन गिरिराज गोवर्धन की परिक्रमा किया करते थे। सनातन गोस्वामी का अब से 468 वर्ष पहले आषाढ़ पूर्णिमा संवत 1558 को निधन हो जाने पर उनके शिष्यों ने परंपरानुसार सिर मुड़वा कर सनातन गोस्वामी की अर्थी के साथ गाते बजाते हुए कीर्तन कर परिक्रमा लगाई। सनातन गोस्वामी के निर्वाण की तिथि शिष्यों के लिए पुण्यतिथि बन गई। अनुयाई शिष्य सिर मुंडन कराकर शोभा यात्रा निकालते हैं। इस बार 469 वीं मुड़िया शोभा यात्रा निकाली जाएगी। सनातन गोस्वामी पश्चिमी बंगाल के शासक हुसैन शाह के दरबार में मंत्री थे। चौतन्य महाप्रभु से प्रभावित होकर उन्होंने मंत्री पद त्याग दिया और वह वृंदावन आ गए। यहां चौतन्य महाप्रभु से दीक्षा प्रास कर, वह गोवर्धन में मानसी गंगा के तट स्थित चक्लेश्वर मंदिर के निकट कुटी बनाकर रहने लगे। वे वृद्धावस्था में भी प्रतिदिन गिरिराज गोवर्धन की परिक्रमा किया करते थे।

**पुख्ता किये गये हैं सुरक्षा इंतजाम**

राजकीय मुडिया पूर्णिमा मेला के लिए पुलिस व्यवस्था मजबूत की गई है। जिला प्रशासन ने करोडी मेला यानी एक करोड श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना मानते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। दो हजार से अधिक पुलिसकर्मी, 400 400 होमगार्डस के अलावा पीएसी दो कम्पनी और एक कंपनी आरआरएफ की भी तैनात की गई है। सादा वर्दी में भी महिला और पुरूष पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कस्बा गोवर्धन जनपद मथुरा में 469वां राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला चार से 11 जुलाई तक परम्परागत रूप से मनाया जायेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देशन में मेला को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद मथुरा को नोडल अधिकारी नामित करते हुए मेला सेल को गठित कर लिया गया है।

**मेला क्षेत्र 09 सुपर जोन, 21 जोन, 62 सेक्टर में विभाजित**

मेला क्षेत्र को 09 सुपर जोन, 21 जोन, 62 सेक्टर में विभाजित कर पुलिस बल का व्यवस्थापन किया गया है। 10 जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक, 21 पुलिस उपाधीक्षक, निरीक्षक 106, पुरूष एसआई 523, महिला एसआई 57, पुरूष सिपाही 1925, महिला सिपाही 194, निरीक्षक एलआईयू एक, उप निरीक्षक एलआईयू छह, आरक्षी एलआईयू 36, रेडियो निरीक्षक दो, रेडियो उप निरीक्षक 14, प्रधान परिचालक यात्रिंक 18, प्रधान परिचालक सहायक परिचालक 50, कर्मशाला कर्मचारी सन्देश वाहक पांच, स्टैटिक मोबाइल 35, हैण्ड हेल्ड सैट 230, पीएसी दो कम्पनी, पीएसी फ्लड दो प्लाटून, आरआरएफ एक कम्पनी, एसडीआरएफ की एक टीम के अलावा 400 होमगार्डस की ड्यूटी लगाई गयी है। पुलिस बल को मेले के विभिन्न ड्यूटी स्थानों पर व्यवस्थापित किया गया है।

**फ्लड टीमें तैनात हैं**

गोवर्धन कस्बा में स्थित राधा कुंड ,कुसुम सरोवर तथा मानसी गंगा में फ्लड पुलिस बल की टीमों के द्वारा निरंतर रिवर पेट्रोलिंग की जा रही है। यद्यपि मेला की अवधि में सुरक्षा की दृष्टिकोण से समस्त सरोवर की बैरिकेडिंग की गई है फिर भी बैरिकेटिंग को पार करके कोई गहरी सरोवर में स्नान हेतु न उतर जाए इसके लिए प्रशिक्षित डायवर्स की टोटल 09 टीम लगाई गई है जो की सभी सरोवर में गहरे पानी में स्नान हेतु लगातार रोक रही है तथा सभी से अनुरोध किया जा रहा है कि स्नान केवल प्रशासन द्वारा लगाए गए पवित्र मानसी गंगा के फव्हारो के जल में ही स्नान करें।

# एक ही कमरे में फंदे पर लटके मिले दंपति के शव

**● रात को नौकरी से घर आया था पति, सुबह हो गई घटना**



स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** फरह क्षेत्र के गांव मिर्जापुर ठाकरान में हुई दर्दनाक घटना से ग्रामीण सकते में हैं। एक ही कमरे में पति पत्नी के शव फंसी के फंदे पर लटके मिले। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची थाना फरह पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक दंपति अपने पीछे सात साल का बेटा और पांच साल की एक बेटी छोड गये हैं। घटना से गांव में हर किसी की आंखें नम हो गई। सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा ने बताया के अभी तक की जांच में मामला घरेलू विवाद के चलते फंदा लगाकर जान देने का प्रतीत हो रहा है, बावजूद इसके परिजन तहरीर देंगे तो कार्रवाई की जाएगी। अर्जुन (30) की आठ वर्ष पूर्व गांव सनौरा निवासी सीमा (28) के साथ शादी हुई थी। आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शव को फंदे से उतारा और जांच शुरू कर दी। परिजनों का कहना है कि पति पत्नी के बीच में किसी प्रकार का विवाद नहीं था। अर्जुन पर सात वर्ष का बेटा उत्कर्ष और पांच वर्ष की पल्लवी बेटी है। बेटा उत्कर्ष ने बताया कि मंगलवार को की शाम पापा फरह होटल पर खाना खाकर आए थे इसी बात पर मम्मी पापा के बीच विवाद हुआ था। विवाद के बाद दोनों अपने कमरे मे चले गए थे। मृतक के बड़े भाई विष्णू ने बताया कि सुबह पांच बजे तक बाहर नहीं निकला तो हमने पशुओं को चारा डालने को मृतक को आवाज दी लेकिन कोई आवाज न आने पर कमरे का दरवाजा खोल कर देखा तो दोनों पंखे से साड़ी के फंदे पर लटके थे। फंदे पर लटके देख शोर मचाया तो ग्रामीणों की भीड़ लग गई। बेटा और बहु को फंदे पर लटका देख बुजुर्ग माता पिता की चीख-पुकार निकल गई। आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए।

और दोनों को शवों को के नीचे उतारा, सूचना पर मृतक अर्जुन के ससुरालीजन भी मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों में करीब तीन घंटे तक पंचायत चलती रही,पंचायत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। स्वजन का कहना है कि पति-पत्नी के बीच में किसी प्रकार का विवाद नहीं था। दोनों ने ऐसा क्यों किया, इसको सोचकर स्वजन भी सदमे में हैं। मौके पर पहुंची फॉरेंस्टिक टीम ने कमरे से तमंचा और रायफल भी बरामद किए। फरह थाना प्रभारी त्रिलोकी सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या दोनों में आपसी कलह लग रहा है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# वात्सल्य ग्राम में हुआ छात्र परिषद अलंकरण समारोह

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** वात्सल्य ग्राम स्थित कृष्णा ब्रह्मरतन विद्या मंदिर में पदम् भूषण विभूषित साध्वी ऋतंभरा के नेतृत्व में छात्र परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने भारतीय मूल्यों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दिन। साध्वी ऋतंभरा ने छात्रों को उपाधियां वितरण करते हुए शैलेंदरी वार्ष्णेय को हेड गर्ल, गौरव बघेल को हेड बॉय, काजल ठाकुर को कल्चर, भूमिका सिंह को अनुशासन, हनी थापड़ को स्पोर्ट, गौरी को आकाश हाउस कैप्टन, सुनीता को पृथ्वी हाउस कैप्टन, अंजू को जल हाउस कैप्टन, भूमि को अग्नि हाउस कैप्टन, भूमिका को वायु का हाउस कैप्टन के दायित्वों से अलंकृत किया। साध्वी ऋतंभरा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे गमले के पौधे नहीं वल्कि वह धरती पर स्थापित वह पौधे हैं जिन्हें उनके माता पिता ने परिश्रम के पसीने से खींचा है। कोई व्यक्ति साधनों से बड़ा नहीं बनता, धनवान माता-पिता के बच्चे धन का दुरुपयोग करते हैं किंतु जो अभावग्रस्त होते हैं वह परिश्रमी होते हैं और परिश्रम करने से उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहता है वह लक्ष्य को भी प्राप्त करते हैं। व्यक्ति कोई धन से अमीर नहीं होता यदि आप स्वस्थ हैं आनंदित हैं और अपने कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं तो आप अमीर हैं। ष्आमीर वह अमीर क्या जिसका दिल फकीर न हो फकीर वह फकीर क्या जिसका दिल आमीर ना होष् बच्चों के पांच तत्व पर आधारित कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र जीवन ही संस्कार सृजन करने का समय शहोता है आज का छात्र ही कल का नागरिक बनेगा। इसलिए छात्रों को संस्कारवान बनाकर उनके अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना को जागना चाहिए क्योंकि छात्र ही देश का भविष्य. होता है।



मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व आईजी,एच.के. शर्मा जी ने कहा कि इस अनुशासित संस्कृतिक प्रस्तुति के लिए सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं जिस लग्न के साथ विद्यार्थियों ने इस आयोजन में भाग लिया है इसी लग्न के साथ पदाधिकारी छात्रों को अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में संजय भईया, स्वामी सत्य शील, राजेश कुमार पाण्डेय, साध्वी बहिनों की उपस्थिति रही संचालन पूजा श्रीवास्तव ने किया अंत में प्रधानार्या सीमा शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# मुडिया मेलाः गिरिराज तलहटी में उमड़ने लगा आस्था का सैलाब

**● राधे राधे और गिरिराज प्रभु के जयघोष से गूंज उठी गिरिराज तलहटी**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** मुड़िया पूर्णिमा मेला में गिरिराज परिक्रमा के लिए श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है। दानघाटी और मुकुट मुखारविंद मंदिर में गिरिराज महाराज की पूजा के उपरांत श्रद्धालु 21 किमी लंबी परिक्रमा शुरू कर रहे हैं। पूरे परिक्रमा मार्ग में मानव श्रृंखला बन गई। मृदंग मजीरों की थाप पर मठ मंदिरों में हरि नाम संकीर्तन जाप चल रहा है। पांच दिवसीय मेले और आस्था के कुंभ में लाखों श्रद्धालू मन्नत मांग रहे हैं। उत्तर भारत में मिनी कुंभ के नाम से विख्यात राजकीय मुड़िया पूर्णिमा पर गिरिराज परिक्रमा मार्ग आस्था और भक्ति से सराबोर नजर आया। बुधवार की रात लाखों श्रद्धालु भक्तों ने गिरिराज प्रभु की परिक्रमा लगाकर मनौती मांगी। गोवर्धन महाराज की शरण में आए सैलाब को आंकने के लिए सारे पैमाने भी असहाय साबित हुए। श्रद्धालुओं की भीड़ गोवर्धन पहुंचने लगी तो रात में परिक्रमा मार्ग में पैर रखने की भी जगह नहीं बची। मध्य रात 12 बजे तक लाखों श्रद्धालु परिक्रमा कर रहे थे। दानघाटी मंदिर, मुकुट मुखारविंद, जतीपुरा मुखारविंद मंदिर में भी श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। रंग बिरंगी रोशनी से दमकते गिरिराज मंदिर भक्तों के आकर्षण के केंद्र बने रहे। दानघाटी मंदिर, मुकुट मुखारविंद मंदिर व जतीपुरा मुखारविंद मंदिर पर हुए दुग्धाभिषेक से गोवर्धन में आस्था का अलग रंग देखने को मिल रहा है। भीड़ की अधिकता के कारण तमाम भक्त दूध की जगह पैसे चढ़ाते नजर आए।





# निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**●सौंख रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा पर किया एक दिन का सांकेतिक धरना**



स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** देश के दस केंद्रीय श्रमिक संगठनों तथा बैंक बीमा सहित सभी स्वतंत्र फेडरेशनों ने सरकार की मजदूर किसान एवं जन विरोधी नीतियों विशेष तौर पर देश के सार्वजनिक उपक्रमों को कमजोर करने, उनका विनिवेश कर निजीकरण करने के विरोध में देश भर के साथ आज मथुरा में सौंख रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य शाखा के गेट पर विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंक व बीमा कम्पनियों के कर्मचारियां ने सांकेतिक धरना दिया।

सरकार से निजीकरण का निर्णय वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए यूपीबीईयू के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा व मंत्री जगमोहन ने बैंकों, बीमा कम्पनियों के विनिवेश और निजीकरण की नीति जिसके चलते लाखों रिक्त पदों पर भर्ती न करने की सरकार की नीति जिससे एक ओर तो देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध न कराने और दूसरी ओर बैंक व्यापार में बेतहाशा वृद्धि के बावजूद पर्याप्त स्टाफ न होने से समुचित ग्राहक सेवा न हो पाने पर सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए आने वाले समय में आंदोलन की चेतावनी दी।

यतेंद्र गौतम ने केंद्र की नीतियों जैसे सरकार की निजीकरण, विनिवेश और ठेका प्रथा को बढ़ावा देने वाली नीतियों को जनता और श्रमिकों के हितों के खिलाफ बताया। हर्ष भाटिया ने बताया कि ये नीतियाँ संपत्ति को कुछ उद्योगपतियों के हाथों में सौंप रही हैं।

प्रदर्शन में शोभित वर्मा, सुरेंद्र कुमार शर्मा, सौरभ चौधरी, शैलेन्द्र गौतम, अमर सिंह, कपिल वर्मा, अभिषेक उपाध्याय, राजेश यादव, सुभाष, रंजन मिश्रा, शुचि शर्मा, ममता, शिप्रा, अमित कुमार, राजकुमार, राकेश कुमार, ग्रामीण बैंक राकेश कुमार, इंडियन बैंक अरविंद कुमार सिंह, फैसल अजीज, महेश शर्मा, भारत सिरोही, सौरभ चौधरी, दिनेश चतुर्वेदी, अरुण यादव, योगेंद्र महेश्वरी, महेश पाराशर, लोकेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, प्रहलाद, रोहित भार्गव आदि उपस्थित थे। सभाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने न्यायोचित मांगों को लेकर किये जा रहे आंदोलन की सफलता की कामना के साथ सभा और प्रदर्शन में शामिल साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रदर्शन और सभा का संचालन जगमोहन शर्मा ने किया।

# लाडपुर में 'मेड की रार' में अपनों का बहा दिया खून

**●एक भाई की मौत, तीन भाइयों का चल रहा है अस्पताल में इलाज**

**●मारपीट में घायल हुई मृतक की पत्नी भी अस्पताल में भर्ती**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** गावों में खेत की मेड के पडोसी को भाई से भी ज्यादा माना जाता है। खेत की यही मेड कई बार खून की प्यासी हो जाती है। छाता क्षेत्र के गांव लाडपुर में मेड की रार में फिर खून बहा है। एक ही कुनबा के दो पक्ष मेड काटने को लेकर आमने सामने आ गये। एक पक्ष ने घात लगाकर हमला कर दिया। जिसमें दूसरे पक्ष से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि मृतक के तीन भाई और पत्नी घायल हुए हैं।

चारों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में तनाव है। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गये। एसपी देहात ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गयी हैं। घायल की स्थिति खतरे से बाहर है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना में बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे लाडपुर में मेड़ के विवाद को लेकर गोलियां चली। पदम पुत्र इन्दो उम्र 40 वर्ष को उसी के भतीजे शेरन पर गोली मारने का आरोप लगा है। मृतक के भाई तुलाराम, कल्लू उर्फ राजाराम, महेंद्र पुत्र इन्दो तथा मृतक पदम की पत्नी कमलेश को पुलिस ने छाता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाया। यहां से सभी को मथुरा के सरकारी अस्पताल पर रेफर कर दिया गया है।

तुलाराम, पदम, कल्लू तथा महेंद्र आपस में चारों भाई हैं। शेरन पुत्र मानसिंह उनके रिश्ते में भतीजा लगता है। छाता कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। गंभीर रूप से घायल लोगों को मथुरा के सरकारी अस्पताल भिजवाकर इलाज करवाया जा रहा है।

# नहाते वक्त पानी में डूबने से 14 वर्षीय बच्चे की मौत, मचा कोहराम

**● देर शाम तक ग्रामीणों के मदद से शव के खोजबीन में जुटी रही परसामलिक पुलिस, नही मिला शव**



स्वतंत्र प्रभात

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पडौ़ली निवासी मुस्ताक पुत्र कलामुद्दीन (14) बुधवार की शाम करीब चार बजे पड़ौली स्थित सुलिअहवा कर्बला के पास कुलावे में नहा रहा था। उक्त कुलावा नेपाल सीमावर्ती गांव के बरवा से होते हुए जंगल के पास महाव नाले को जोड़ता है। कुलावे में पानी का बहाव इतना तेज था कि पानी के बहाव में आने से मुस्ताक डूब गया। पानी में डूबता देख कुछ युवक बचाने का प्रयास किए लेकिन बहाव तेज होने के कारण मुस्ताक को नहीं बचा पाए और वह डूब गया। युवकों ने गांव में इसकी सूचना दी।

सूचना पाकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और खोजबीन करना शुरू कर दिया लेकिन कहीं शव का पता नहीं चला। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने स्थानीय लोगों के मदद से बच्चे की खोजबीन में जुटी रही लेकिन देर शाम तक कहीं शव का अता-पता नहीं चला। मौके पर पुलिस व मछुआरों द्वारा करीब दो किलोमीटर गजगड़हा नाले तक जगह-जगह जाल लगाकर तलाश किया जा रहा है लेकिन देर शाम तक कहीं कोई सुराग नहीं मिला। वहीं पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा लगातार खोजबीन किया जा रहा है। चौदह वर्षीय मुस्ताक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मुस्ताक के डूबने से छोटा भाई मुस्तकीम (8) व मुस्तफा (4) का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना के दौरान मृतक मुस्तकीम के पिता कलामुद्दीन अपनी पत्नी नाजमा खातून के साथ अपने ससुराल सिद्धार्थनगर जिले के ग्राम इटवा गए थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में दुख का पहाड़ टूट पड़ा और माता-पिता रोते-बिलखते हुए पडौ़ली के लिए निकल पड़े। वहीं घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। घटना के बाद मृतक के भाई मुस्तकीम, मुस्तफा पिता कलामुद्दीन व माता नाजमा खातून का रो-रोकर बुरा हाल है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि नहाते वक्त एक बच्चे को पानी में डूबने की सूचना पर खोजबीन किया जा रहा है। उन्होंने बताया देर शाम तक काफी खोजबीन किया गया है लेकिन कहीं शव का पता नहीं चला।

# जयगुरुदेव मंदिर पर गुरु पूर्णिमा मेला में जुटी भीड

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** जयगुरुदेव नाम योग साधना मन्दिर पर चल रहे गुरुपूर्णिमा सत्संग मेला में अनुयाईयों की भीड लगातार बढ रही है।

बुधवार को मेला के दूसरे दिन राष्ट्रीय उपदेशक सतीश चन्द और बाबूराम ने गुरु महिमा और सृष्टि की रचना पर प्रकाश डाला। सतीश चन्द ने कहा कि महापुरुषों ने सृष्टि की रचना के बारे में विस्तार से बताया है।

धरती बनने के बाद मानव कैसे आ गये? कौन आपको यहां लाया और जीव कैसे यहां पर फंस गये? आपको अपना इतिहास जानना चाहिये, यदि अपना इतिहास नहीं जानोगे तो जीवन व्यर्थ चला जायेगा। जीवों के आने की जानकारी और समझ महापुरुषों के सत्संग से आती है। धरती पर ब्रह्मा को आदि गुरु कहा गया है।

जो लोग उनसे शिक्षा लिये वे ऋषि, मुनि बन गये। वेदों के श्लोक ब्रह्मा की वाणी है जिसमें पाप-पुण्य का विधान है। पाप पुण्य के कारण धीरे-धीरे जीवात्मा की आंखों के ऊपर कर्मों की गन्दगी का पहाड़ जमा हो गया और जीव कर्म बंधन में फंस गया।

भौतिक विद्या वाले इस बात को नहीं मानते हैं। आज सबका रुझान भोगों की तरफ चला गया है। लोगों का खान-पान दूषित हो गया। भोग, भोगते-भोगते बीमार हो गये हैं। भोग, रोग लेकर आता है इसलिये परहेज और योग करें। सुरत को शब्द के साथ जोड़ें। शब्द से कर्मों की गंदगी साफ होती है। सभी जीवात्मायें सतनाम बंशी हैं। सतलोक में कोई कर्म नहीं है।



सतलोक की महिमा का वर्णन नहीं किया जा सकता है। गीता में कृष्ण ने अर्जुन से कहा कि मैने गुण धर्म के आधार पर चार वर्ण बनायें।